10 बुमराह....



12 रश्मिका मंदाना...



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, बुधवार, 24 जून 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -10 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**रजनीश कुमार सिंह**
**सामाजिक कार्यकर्ता**

ज़िंदगी में सबसे बड़ी ताकत अच्छे समय का इंतजार करना नहीं, बल्कि बुरे समय में भी खुद को संभाले रखना है। जिस तरह मौसम चाहे जैसा हो, सूरज हर दिन निकलता जरूर है, उसी तरह सकारात्मक सोच के साथ हर परिस्थिति का सामना करें। हर नया दिन एक नई शुरूआत है।

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : 1,49,560
चांदी (प्रति किलो) : 2,55,000
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 76,200.68
निफ्टी :- 23,824.10

## मौसम

अधिकतम तापमान : 33 °
न्यूनतम तापमान : 24 °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 05:04
संध्या :- 18:38

## आज का इतिहास

आज ही के दिन 1812 को नेपोलियन बोनापार्ट ने अपनी विशाल सेना के साथ रूस पर आक्रमण किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड टी20 क्रिकेट लीग: फाइनल में पहुंचा छोटानागपुर रॉयल्स और जमशेदपुर स्टीलर्स

**रांची।** झारखंड टी20 क्रिकेट लीग 2026 के सेमीफाइनल मुकाबलों में छोटानागपुर रॉयल्स और जमशेदपुर स्टीलर्स ने शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया है. रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में खेले गए दोनों मुकाबलों में बल्लेबाजों का दबदबा देखने को मिला. अब 23 जून को लीग के पहले संस्करण के खिताबी मुकाबले में दोनों टीमों के बीच भिड़ंत होगी. पहले सेमीफाइनल में जमशेदपुर स्टीलर्स ने लीग चरण में शीर्ष पर रही कोयलांचल सुपर किंग्स को 79 रन से हराकर बड़ा उलटफेर किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टीलर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम 5.2 ओवर में 47 रन पर दो विकेट गंवा चुकी थी. इसके बाद कुमार करण और रवि शर्मा ने पारी को संभालते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की.

### मूल्य सृजन पर ध्यान दें युवा उद्यमी : अनिल अग्रवाल

**रांची।** वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने युवा उद्यमियों को केवल वैल्यूएशन के पीछे न भागकर वास्तविक मूल्य सृजन पर ध्यान देने की सलाह दी है. उन्होंने कहा कि किसी भी स्टार्टअप की असली सफलता उसके बाजार मूल्यांकन से नहीं, बल्कि समाज और ग्राहकों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव से तय होती है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म " पर जारी संदेश में अग्रवाल ने कहा कि प्रतिस्पर्धी माहौल में वैल्यूएशन महत्वपूर्ण और ऑक्सीजन की तरह जरूरी है, लेकिन व्यवसाय का उद्देश्य सिर्फ अगला फंडिंग राउंड हासिल करना नहीं होना चाहिए. अधिकांश स्टार्टअप किसी समस्या के समाधान के लिए शुरू होते हैं, मगर आगे चलकर वे आंकड़ों की दौड़ में उलझ जाते हैं. उन्होंने जोर देकर कहा कि दीर्घकालिक सफलता केवल मजबूत टीम, भरोसेमंद उत्पाद और सार्थक समाधानों से ही संभव है. उन्होंने युवाओं से जिम्मेदारी से पूंजी जुटाने और अपने मूल उद्देश्य को न भूलने की अपील की.

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत मिला पद्म भूषण

झारखण्ड उजाला संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** झारखंड आंदोलन के प्रमुख नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया गया. मंगलवार को संसद भवन में आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिबू सोरेन की पत्नी रूपी सोरेन को यह सम्मान प्रदान किया. इस अवसर पर शिबू सोरेन की बहू कल्पना सोरेन, अंजनी सोरेन और परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे. शिबू सोरेन को यह सम्मान आदिवासी समाज, झारखंड आंदोलन और सार्वजनिक जीवन में उनके लंबे योगदान के लिए दिया गया है.

### राष्ट्रपति ने पत्नी रूपी सोरेन को सौंपा सम्मान



### नेमरा गांव से शुरू हुआ था संघर्ष का सफर

शिबू सोरेन का जन्म 11 जनवरी 1944 को वर्तमान रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में हुआ था. बचपन में उनका नाम शिवलाल था, लेकिन बाद में वे शिबू सोरेन के नाम से देशभर में पहचान बनाने लगे. उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा नेमरा गांव के स्कूल और बाद में गोला हाई स्कूल से प्राप्त की. उनके पिता सोबरन सोरेन शिक्षक होने के साथ गांधीवादी विचारधारा के समर्थक थे. 27 नवंबर 1957 को महाजनों द्वारा उनकी हत्या कर दी गई. जमीन कब्जे और शोषण के खिलाफ आवाज उठाने के कारण हुई इस घटना ने किशोरावस्था में ही शिबू सोरेन के जीवन की दिशा बदल दी. इसके बाद उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी और अन्याय के खिलाफ संघर्ष का रास्ता चुना.

### महाजनों के खिलाफ आंदोलन से मिली पहचान

युवा अवस्था में उन्होंने आदिवासी समाज को संगठित करने का काम शुरू किया. उन्होंने संताल नवयुवक संघ और सोनोत संताल समाज का गठन किया.

- 2005 में पहली बार मुख्यमंत्री बने, लेकिन बहुमत साबित नहीं कर सके.
- 2008 में दूसरी बार मुख्यमंत्री बने.
- 2009 में तमाड़ विधानसभा उपचुनाव हारने के बाद इस्तीफा देना पड़ा.
- दिसंबर 2009 में तीसरी बार मुख्यमंत्री बने.
- वर्ष 2010 में उनकी सरकार गिर गई.

इसके बाद धनकटनी आंदोलन चलाकर आदिवासियों के अधिकारों की लड़ाई को नई दिशा दी. गोला, बोकारो, जैनामोड़ और टुंडी क्षेत्र में आंदोलन को मजबूत करने के दौरान उनकी मुलाकात विनोद बिहारी महतो से हुई. बाद में पारसनाथ की पहाड़ियों और टुंडी क्षेत्र को उन्होंने अपने आंदोलन का केंद्र बनाया.

### टुंडी में बनाई सामाजिक व्यवस्था की नई मिसाल

टुंडी और आसपास के इलाकों में शिबू सोरेन ने सामूहिक खेती, पशुपालन और रात्रि पाठशालाओं की शुरूआत कर ग्रामीण समाज को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया. उस समय क्षेत्र में उनकी एक तरह की समानांतर सामाजिक व्यवस्था भी चलती थी, जहां स्थानीय विवादों का निपटारा किया जाता था. इन्हीं प्रयासों के कारण आदिवासी और मूलवासी समाज में उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती गई और वे दिशोम गुरु के नाम से पहचाने जाने लगे. साल 1973 में शिबू सोरेन ने विनोद बिहारी महतो और एके राय के साथ मिलकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की स्थापना की. पार्टी में विनोद बिहारी महतो अध्यक्ष और शिबू सोरेन महासचिव बने. अलग झारखंड राज्य की मांग को लेकर शुरू हुआ यह आंदोलन आने वाले वर्षों में व्यापक जन आंदोलन में बदल गया. आपातकाल के दौरान वर्ष 1975 में उन्हें जेल भी जाना पड़ा. 1977 में उन्होंने टुंडी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा.

### सांसद से लेकर मुख्यमंत्री तक का सफर

1980 में वे पहली बार दुमका से लोकसभा सांसद चुने गए. इसके बाद कई बार संसद पहुंचे और राष्ट्रीय राजनीति में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई. 1987 में निर्मल महतो की हत्या के बाद उन्होंने झामुमो की कमान संभाली और पार्टी अध्यक्ष बने. 15 नवंबर 2000 को झारखंड राज्य का गठन हुआ, लेकिन वे पहले मुख्यमंत्री नहीं बन सके. हालांकि बाद के वर्षों में उन्होंने तीन बार राज्य की कमान संभाली.

### मोदी लहर में भी बरकरार रखा जनाधार

2014 के लोकसभा चुनाव में देशभर में भाजपा और नरेंद्र मोदी की लहर के बावजूद शिबू सोरेन दुमका से सांसद चुने गए. 2019 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद उन्हें राज्यसभा भेजा गया और वे राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय बने रहे. 15 अप्रैल 2025 को झामुमो के महाधिवेशन में हेमंत सोरेन को पार्टी का अध्यक्ष बनाया गया, जबकि शिबू सोरेन को संस्थापक संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई. लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे शिबू सोरेन का 4 अगस्त 2025 को 81 वर्ष की आयु में नई दिल्ली स्थित सर गंगा राम अस्पताल में निधन हो गया.

# सीएम हेमंत सोरेन 151 डॉक्टर समेत 262 अभ्यर्थियों को सौंपेंगे आज नियुक्ति पत्र





झारखण्ड उजाला संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी झारखंड स्वास्थ्य विभाग में चयनित हुए 262 अभ्यर्थियों नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे. नियुक्ति प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में 56 खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, 151 विशेषज्ञ चिकित्सक, 29 सीनियर हॉस्पिटल मैनेजर और 26 फाइनेंस मैनेजर शामिल हैं. इस संबंध में प्रोजेक्ट भवन सभागार में सुबह 11 बजे नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने बताया कि डॉक्टरों की कमी दूर करने और स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं. उन्होंने यह भी घोषणा की कि आने वाले समय में स्वास्थ्य विभाग में लगभग 11 हजार अतिरिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी.

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि जब तक झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह सशक्त और व्यवस्थित नहीं हो जाती, तब तक वे चैन से बैठने वाले नहीं हैं. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के साथ स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे.

# पीएम मोदी का प्रशिक्षु अधिकारियों से आग्रह, राष्ट्र निर्माण के लिए खुद को समर्पित करें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने आज मंगलवार को सेवा तीर्थ में भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 बैच के 183 प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित किया. उन्होंने युवा सिविल सेवकों से अपील की कि वे मजबूत इरादों और नागरिक केंद्रित शासन के लक्ष्य के साथ राष्ट्र-निर्माण के लिए खुद को समर्पित करें. बता दें कि इन सिविल सेवकों को विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है.युवा अधिकारियों ने पीएम मोदी के साथ फील्ड प्रशिक्षण और मंत्रालयों में अपनी तैनाती के दौरान के अनुभवों को शेयर किया. अपनी बात रखते हुए प्रधानमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि आप दो वर्षो के प्रशासनिक प्रशिक्षण के बाद अब एक ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़े हैं, जहां आपके निर्णय न केवल उनके अपने करियर को वरन करोड़ों नागरिकों के भविष्य को भी आकार देने जा रहे हैं.



पीएम ने इस बात पर जोर दिया कि लोक सेवा की असली परीक्षा वास्तव में ईमानदारी, संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ निपटने से शुरू होती है.पीएम ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे हमेशा याद रखें कि प्रशासन से संबंधित प्रत्येक फाइल के पीछे मानवीय पहलू जुड़े होते हैं. उन्होंने नागरिक देवो भव के मंत्र की याद दिलाते हुए अधिकारियों से हर निर्णय के केंद्र में आम जनता को रखने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि शासन हर हाल में सहानुभूतिपूर्ण, उत्तरदायी और समावेशी बना रहे.

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित भारत का निर्माण करना आने वाले दशकों में हर नीति और प्रशासनिक निर्णय का उद्देश्य होना चाहिए. अपनी बात रखते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का जिक्र करते हुए बताया कि वर्तमान बैच में 40 प्रतिशत से अधिक महिला अधिकारी शामिल हैं. इस अवसर पर कार्मिक राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा, प्रधान सचिव-2 शक्तिकांत दास, मंत्रिमंडल सचिव टीवी सोमनाथन, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की सचिव रचना शाह, एलबीएसएनएए के निदेशक श्रीराम तरणिकांति और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.









# बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर सिविल सोसाइटी ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगाः** जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और उससे हो रही जनहानि पर चिंता जताते हुए लोहरदगा सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त की अनुपस्थिति में एनडीसी अभिनीत कुमार सूरज को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में हाल ही में मिशन चौक परबॉक्साइट ट्रक की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत का उल्लेख किया गया। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि इस दर्दनाक घटना, जिसमें एक गर्भवती महिला भी शामिल थी, ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। बताया गया कि अप्रैल 2026 तक उपलब्ध आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार जिले में 109 सड़क दुर्घटनाएं, 99 मौतें और 49 लोग घायल हुए हैं, जबकि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है।सिविल सोसाइटी ने कहा कि बॉक्साइट ट्रकों, हाइवा और अन्य भारी वाहनों की बढ़ती आवाजाही के कारण दुर्घटनाएं आम होती जा रही हैं। इन हादसों में बड़ी संख्या में युवा वर्ग की जान जा रही है, जिससे कई परिवारों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में नशे में वाहन चलाना, ओवरस्पीड, ओवरलोडिंग, बिना लाइसेंस वाहन संचालन, नाबालिग चालकों की बढ़ती संख्या, सड़क अतिक्रमण, जर्जर सड़कें और यातायात नियमों की अनदेखी को बताया गया। ज्ञापन के माध्यम से ब्रेथ एनालाइजर (अल्कोहल जांच यंत्र) का नियमित और प्रभावी उपयोग करने, शहर में स्पीड कैप्चर मशीन (रडार गन) लगाने की व्यवस्था किये जाने,

राष्ट्रीय राजमार्ग 143ए एवं 143एजी के प्रमुख चौराहों पर साइनेज और प्रभावी रंबल स्पीड ब्रेकर लगाने,बॉक्साइट ट्रकों और भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टिव रेडियम स्टिकर, स्पष्ट नंबर प्लेट और कार्यशील इंडिकेटर अनिवार्य करने,सड़क अतिक्रमण हटाने के लिए स्थायी टास्क फोर्स का गठन करने,बॉक्साइट परिवहन के लिए निर्धारित समय सीमा की व्यावहारिक समीक्षा करने, मॉडिफाइड साइलेंसर और स्टंटबाजी करने वाले बाइक चालकों पर सख्त कार्रवाई करने,गुड सेमेरिटन (सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वालों) को प्रमाणपत्र एवं प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था करने, सड़क किनारे बिना संकेतक के खड़े वाहनों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने, राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे झुकी टहनियों और सड़क से सटे पेड़ों की छंटाई करने, सदर अस्पताल में दुर्घटना पीड़ितों के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने, संबंधित विभागों की जवाबदेही तय कर बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहन तथा लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा है कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं बल्कि समाज और अभिभावकों की भी साझा जिम्मेदारी है। सभी पक्षों के समन्वित प्रयास से ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व सदस्य सड़क सुरक्षा समिति संजय कुमार बर्म्मन, वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप राय, अनिल पांडेय, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम, साइंस फॉर सोसाइटी के सचिव राहुल कुमार तथा लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य देशराज गोयल शामिल थे।

## नाग सांप के डंसने के बाद स्वस्थ होकर घर लौटा किसान, सदर अस्पताल से मिली छुट्टी

**लोहरदगाः** जिले के मुर्की टोराड गांव निवासी साहिंदर उरांव (पिता-जातरू उरांव) को कुछ दिन पूर्व खेत में काम करने के दौरान नाग सांप ने डंस लिया था। बताया जाता है कि साहिंदर उरांव धान की बुवाई की तैयारी के लिए खेत में कार्य कर रहे थे, तभी अचानक नाग सांप ने उन्हें काट लिया।घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार किया गया। कई दिनों तक चले इलाज के बाद उनकी स्थिति में लगातार सुधार हुआ।मंगलवार को स्वास्थ्य में पर्याप्त सुधार होने पर चिकित्सकों ने साहिंदर उरांव को शाम करीब 4 बजे सदर अस्पताल से छुट्टी दे दी। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली और चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया।चिकित्सकों ने बरसात के मौसम में खेतों और झाड़ियों में काम करने के दौरान विशेष सावधानी बरतने तथा सांप काटने की स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचने की सलाह दी है।

## विधायक ने कार्यकताओं संग मनाया डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का श्रद्धांजलि दिवस



**पतरातूः** मुखर्जी का विधायक आवासीय कार्यालय, पतरातू में आज बड़कागाँव विधायक रोशन लाल चौधरी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, महान शिक्षाविद एवं अखंड भारत के प्रबल समर्थक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के 73 वीं बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पतरातू मंडल के अध्यक्ष रंजन भगत एवं संचालन भाजपा युवा नेता सह मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा किया गया।इस अवसर पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने डॉ. मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। राष्ट्र प्रथम की उनकी विचारधारा आज भी करोड़ों देशवासियों को प्रेरणा प्रदान कर रही है।उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान भारतीय लोकतंत्र और राष्ट्रवाद के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उनके आदर्शों एवं सिद्धांतों पर चलकर ही सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प साकार किया जा सकता है।कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकताओं ने भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुए उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ओबीसी मोर्चा के महेंद्र महतो , अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष बारिश खान , संतोष कुमार शर्मा, अमरेश कुमार किशोर कुमार महतो चंदन कुमार राजू कुमार, राहुल कुमार, विशाल मिश्रा, कन्हैया मिश्रा, राजकुमार राजू, हीरालाल साव, नारायण महतो अशोक कुमार विशाल कुमार, अजय कुमार ब्रजेश कुमार गोपाल महतो, रितेश कुमार शनिचर उरांव, भुनेश्वर राम, गणेश करमाली, राहुल कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## फर्जी एनकाउंटर में मारे गये भरत भूषण तिवारी की निष्पक्ष जांच हो: विश्व ब्राह्मण संघ




झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़** ।विश्व ब्राह्मण संघ की ओर से केंडल मार्च निकाला गया।शहीद भरत भूषण तिवारी के झूठा एनकाउंटर के विरोध में ब्राह्मणों ने गहरा विरोध प्रकट कर प्रदर्शन किया।बिहार पुलिस मुदार्बाद के नारे लगाये एवं रिटायर्ड जज से निष्पक्ष जाँच हो तथा दोषियों को तत्काल निष्कासित किया जाए एवं फांसी की सजा हो।ब्राह्मण समाज में काफी रोष देखा गया ' केंडल मार्च में मुख्य रूप से विश्व ब्राह्मण संग के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, प्रदेश संरक्षक राजू रंजन तिवारी, पूर्व प्रदेश सचिव प्रदीप मिश्रा , पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय, ब्रह्म ऋषि समाज के जिलाध्यक्ष रविंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष गोकुल शर्मा,राधे श्याम मिश्रा,नीरज शर्मा, नंदू शर्मा, रमन शर्मा,हिन्दू रक्षा दल से दीपक मिश्रा, ओम प्रकाश कुशवाहा, अयोध्या वर्मा,घनश्याम पांडे,शंकर यादव,रोहित कुमार,सुमित कुमार, इतने अनेकों समाज सेविओं का समर्थन प्राप्त था '

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में गौरवपूर्ण क्षण : आईआईटी में सफलता एवं न्यूजलेटर का विमोचन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़** ।श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के लिए आज का दिन अत्यंत हर्ष एवं गौरव का अवसर लेकर आया। विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थी हर्षित उरांव तथा सचिन कुमार साहू ने प्रतिष्ठित क्ळ में सफलता प्राप्त कर विद्यालय, अपने अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।सभा के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा हर्षित उरांव एवं सचिन कुमार साहू को शॉल ,स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।इस शुभ अवसर पर विद्यालय के समाचार-पत्र ₹एस जी एन पी एस पिनाकल₹ के प्रथम संस्करण का भी विधिवत विमोचन किया गया। यह न्यूजलेटर विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति, साहित्यिक प्रतिभा एवं विद्यालय की विविध गतिविधियों को एक मंच प्रदान करेगा।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री हरजाप सिंह जी ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनके अथक परिश्रम एवं लगन का परिणाम है।संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। यदि विद्यार्थी चाह ले तो ऐसा कोई लक्ष्य नहीं,जिसे वह प्राप्त नहीं कर सकता। उन्होंने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को इन छात्रों से प्रेरणा लेने की बात कही। विद्यालय के न्यूज लेटर ह्यएस जी एन पी एस पिनाकलह्नके प्रथम संस्करण के विमोचन पर उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों को समर्पित करते हुए कहा कि यह उनकी गतिविधियों को स्मृति के रूप में संजोने में सहायक होगा।कार्यक्रम में उपस्थित गुरुद्वारा प्रबंधन समिति एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने हर्षित उरांव तथा सचिन कुमार साहू की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह अवसर विद्यालय के इतिहास में एक प्रेरणादायी एवं स्मरणीय उपलब्धि के रूप में सदैव अंकित रहेगा। इस न्यूजलेटर के अंतर्गत विद्यालय में हो रही सभी गतिविधियों का क्रमवार ब्यौरा प्रस्तुत किया गया है।कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान श्री परमदीप सिंह कालरा तथा विद्यालय प्रबंधक समिति के सम्माननीय सदस्य–सरदार मनमोहन सिंह लांबा,सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरिंदर पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरिंदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जॉली, सरदार नरेंदर पाल सिंह गुजराल, सरदार पुषविंदर पाल सिंह, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतिंदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार रमन बेदी और सरदार करमजीत सिंह जग्गी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## रोटरी रामगढ़ सिटी द्वारा नि:शुल्क सिलाई मशीनों का वितरण किया

**रामगढ़**। रोटरी रामगढ़ सिटी द्वारा मंगलवार को चट्टी बाजार स्थित कार्यक्रम स्थल पर महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 5 निःशुल्क सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम क्लब के वर्तमान सत्र का अंतिम सेवा प्रोजेक्ट था।कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन वरुण बगड़िया एवं सह-प्रोजेक्ट चेयरमैन श्वेता बगड़िया के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्य के अंतर्गत जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया।इस अवसर पर सुमन कुमारी (मेडगी), सोनी देवी (पंजाबी मोहल्ला), ममता कुमारी (बरकाकाना), सुमन कुमारी (रांची रोड) एवं पूनम पांडे (झंडा चौक) को निःशुल्क सिलाई मशीनें वितरित की गईं।इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष आदर्श चौधरी ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं, बल्कि जरूरतमंद लोगों को आत्मनिर्भर बनाकर उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है। सिलाई मशीन वितरण जैसी योजनाएं महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।कार्यक्रम में सचिव रोहित कुमार पंसारी, हरीश चौधरी, उमेश राजगढ़िया, रूपेश गुप्ता, मनोज मोदी, सूरज अग्रवाल, वरुण बगड़िया, अनिल गोयल, राजू अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, रवि अग्रवाल, सुमन चौधरी, निधि चौधरी, श्वेता बगड़िया, निरु गोयल एवं स्वीटी अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।अंत में सभी ने इस सेवा परियोजना को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी समाजहित के ऐसे कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

## मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान मंच के सौजन्य से 16वां मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न



**रामगढ़** ।मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान मंच के सौजन्य से 16वां मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान समारोह श्री मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।इस गरिमामय अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं अग्रसेन फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री बसंत कुमार मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।मानद सचिव प्रभात कुमार अग्रवाल एवं संयुक्त सचिव उमेश राजगढ़िया ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं मंच के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।उपाध्यक्ष गोविंद लाल अग्रवाल ने स्वागत भाषण में कहा कि ₹किसी भी देश की प्रगति में शिक्षित एवं संस्कारवान युवाओं की भूमिका सर्वोपरि होती है।₹अध्यक्ष डॉ. ए. के. बेरलिया ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि ₹प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित करना समाज का परम दायित्व है। मुख्य अतिथि बसंत कुमार मित्तल ने अपने उद्बोधन में भावुक होते हुए कहा कि ₹रामगढ़ मेरी जन्मभूमि है। यहां आकर मुझे नई ऊर्जा मिलती है। मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान मंच समाज के प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित कर एक अनुकरणीय कार्य कर रहा है, जिससे अन्य युवा भी प्रेरणा लेंगे।₹कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को मंच की ओर से शॉल ओढ़ाकर एवं श्रीमद्भगवद्गीता की प्रति भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं श्री मारवाड़ी सत्यनारायण मंदिर एवं धर्मशाला संस्था के अध्यक्ष बिमल बुधिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर अभिनंदन किया।अंत में कोषाध्यक्ष सुरेश बौंदिया ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, छात्र-छात्राओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।इस अवसर पर श्याम सुंदर परसरामपुरिया, सुरेश बगडिया, ललित जैन, महेश बंसल, मुरारी लाल अग्रवाल, रोहित पंसारी, उपकार अग्रवाल, श्रृंजय मेवाड़, प्रिंस अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, सुनील गोयल, अनिल मित्तल, संजय गोयल, सुरेश चंद अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अजय गोयल, आनंद मित्तल, निशा जैन, रिद्धि जैन, नेहा जैन, सपना पाटनी, सरोज गोयल, पुष्पा अग्रवाल, बबीता गोयल, संगीता अग्रवाल , सहित अनेक गणमान्य महिला पुरुष उपस्थित थे।

# प्रत्येक मंगलवार को लगेगा जनता दरबार आप सीधे आकर समस्या बताएं : अम्बा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**अपने क्षेत्र वासियों को भटकने नहीं देंगे : अंबा प्रसाद**



**पतरातूः** बड़कागांव की पूर्व विधायक सह अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद ने अपने पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में आज फिर लगाई जनता दरबार। पतरातू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए क्षेत्रवासी अपने समस्याओं को लेकर अंबा प्रसाद के जनता दरबार में पहुंचे जिसे अंबा प्रसाद ने बारी बारी से सभी की समस्या सुनी एवं अंबा प्रसाद ने तत्परता दिखाते हुए सभी समस्याओं का समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारीयों से वार्ता कर समाधान करने का काम किया ।साथ ही क्षेत्र के लोगों ने अंबा प्रसाद के द्वारा प्रखंड में दिए गए दो एंबुलेंस को जो कुछ मामूली खराबी है जो अभी तक बनाया नहीं गया है उस विषय को भी लोगों ने रखा इस विषय में अंबा प्रसाद ने प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर एंबुलेंस एक सप्ताह के अंदर नहीं बनता है तो मैं खुद प्रखंड में आकर चटाई में बैठने का काम करेंगे और जब तक एंबुलेंस का मरम्मती नहीं होगा तब तक नहीं उठेंगे इस पर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि एंबुलेंस बनाने की कार्रवाई कर रहे हैं बहुत जल्द एंबुलेंस बन जाएगा। अंबा प्रसाद ने कहा कि अपने क्षेत्र वासियों को किसी भी कार्य के लिए भटकने नहीं देंगे इसलिए मैं प्रत्येक मंगलवार को अपने पीटीपीएस आवासीय कार्यालय में जनता के लिए जनता के समस्याओं के निदान के लिए मैं अपने क्षेत्र वासियों के लिए बैठती हूं जिन किन्ही को जो भी समस्या हो आप मंगलवार को आकर अपनी समस्या रखें। मैं समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करूंगी ।मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष देवानंद प्रसाद पूर्व विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ,जयंत तूरी, योगेंद्र सिंह खरवार,संजय सिंह,रवि कुमार,प्रदीप साव, मिराज अंसारी,शशिकांत प्रसाद,संजू कुमार,सोनी देवी,अशोक प्रसाद,मनबोध महली, हरिदास साव, सुनील महतो,सुरेंद्र महतो, इमरान अंसारी,अजीत सिंह खरवार,राकेश प्रसाद एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित हुए।

## राधा गोविंद पब्लिक स्कूल के संस्थापक की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़** ।राधा गोविंद पब्लिक स्कूल ,रामगढ़ के प्रांगण में विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय श्री गोविंद साह एवं स्वर्गीय श्रीमती राधा देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन श्री बी एन साह के कर कमलों द्वारा स्वर्गीय गोविंद साह एवं स्वर्गीय राधा देवी के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर किया गया ।इस अवसर पर सभी शिक्षकवृंद एवं विद्यार्थियों ने शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। चेयरमैन श्री बी एन साह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय गोविंद साह एवं स्वर्गीय राधा देवी द्वारा स्थापित आदर्श और मूल्य आज भी विद्यालय परिवार को प्रेरित कर रहे हैं ।विद्यालय प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की पुण्यात्माओं की स्मृतियां हमें सदैव सेवा ,समर्पण एवं मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।अंत में विद्यालय परिवार ने उनके बताये मार्ग पर चलने तथा शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लिया।मौके पर विद्यालय की सचिव सुश्री प्रियंका कुमारी प्रशासक श्री के एन सिंह ,इंटर कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती सोमा पांडे ,शिक्षकवृंद, विद्यार्थीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा, इसके लिए डॉ. मुखर्जी ने दिया सर्वोच्च बलिदान : ओमप्रकाश सिंह

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**धारा 370 हटाकर प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को किया साकार: अजय कुमार पंकज**

**डॉ. मुखर्जी महान शिक्षाविद, राष्ट्रवादी चिंतक और जनसंघ के संस्थापक थे: उमेश कांस्यकार**




**लोहरदगाः** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मंगलवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 73वीं पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) जिला अध्यक्ष अजय कुमार पंकज की अध्यक्षता में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मदन मोहन पाठक, ब्रजबिहारी प्रसाद, माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, वरिष्ठ नेता उमेश कांस्यकार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए समर्पित रहा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण रूप से भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए संघर्ष किया। उस समय जम्मू-कश्मीर का अलग संविधान और अलग झंडा था। डॉ. मुखर्जी ने संसद से लेकर जनसभाओं तक धारा 370 के विरोध में जोरदार आवाज उठाई और ₹एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे₹ का उद्घोष किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित के लिए दिया गया उनका बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अजय कुमार पंकज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अधूरे सपने को साकार किया है। यह निर्णय केवल एक संवैधानिक बदलाव नहीं, बल्कि भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक कदम था। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का राष्ट्रवादी चिंतन आज भी करोड़ों कार्यकताओं को देशसेवा की प्रेरणा देता है। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश कांस्यकार ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि महान शिक्षाविद, दूरदर्शी चिंतक, प्रखर राष्ट्रवादी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित और मानवता की सेवा के लिए समर्पित किया। उनका त्याग, संघर्ष और विचार नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम में जिला मंत्री मीना बाखला, सरिता देवी सहित बड़ी संख्या में जिला उपाध्यक्ष सरिता देवी, जिला महामंत्री पशुपति नाथ पारस, मिथुन टमेरा, जिला मंत्री मीना बाखला, भारती सिन्हा, पवन तिग्गा, यदुनंदन तिवारी, दुबराज वर्मा, सुरेश वैथा, सजल कुमार एवं नीरज कुमार गुप्ता सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुकर पालन प्रशिक्षण का सफल समापन, प्रतिभागियों को मिला स्वरोजगार का मार्गदर्शन

**लोहरदगा, प्रतिनिधि।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), लोहरदगा द्वारा आयोजित 12 दिवसीय निःशुल्क सुकर पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं एवं किसानों को वैज्ञानिक तरीके से सुकर पालन की जानकारी देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना था।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उन्नत नस्लों का चयन, संतुलित आहार प्रबंधन, रोग नियंत्रण एवं टीकाकरण, आवास प्रबंधन तथा विपणन संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, जिससे वे सुकर पालन को व्यवसाय के रूप में सफलतापूर्वक अपना सकें।समापन समारोह में बैंक ऑफ इंडिया स्टार किसान विकास केंद्र, लोहरदगा की प्रभारी श्रीमती सुनीता आइंद, श्री निशित मनी एवं आरसेटी निदेशक श्री सुरेश भगत ने सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सुकर पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा कम लागत में अधिक आय अर्जित करने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को आत्मनिर्भर बनने और प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बताया गया कि इच्छुक प्रशिक्षुओं को बैंक के माध्यम से ऋण सुविधा उपलब्ध कराने में भी सहयोग किया जाएगा। आरसेटी निदेशक श्री सुरेश भगत ने जानकारी दी कि संस्थान में 29 जून से चार चक्का वाहन चालक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है, जिसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। मौके पर आरसेटी के संकाय सदस्य दीपक कुमार एवं राजीव कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# रांची में सरकारी जमीनों की बड़ी रिकवरी, अब पार्क, वेंडर्स मार्केट और जनसुविधाओं का बनेगा नया नक्शा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राजधानी रांची में वर्षों से अतिक्रमण और अवैध कब्जे की वजह से विकास की राह में बाधा बन रही सरकारी जमीनों को अब नई पहचान मिलने जा रही है. रांची नगर निगम ने पिछले कुछ महीनों में व्यापक अभियान चलाकर शहर के विभिन्न इलाकों में अपनी संपत्तियों की पहचान की है और बड़ी मात्रा में जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया है. निगम का दावा है कि इस कार्रवाई के दौरान कई एकड़ मूल्यवान सरकारी भूमि की रिकवरी की गई है, जिस पर अब जनहित से जुड़ी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है. नगर निगम की ओर से लगभग 61 स्थलों को चिन्हित किया गया है, जिनमें निगम की स्वामित्व वाली भूमि के अलावा गिफ्ट डीड के माध्यम से प्राप्त जमीनें भी शामिल हैं. इन जमीनों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के बाद निगम ने तेजी से बाउंड्री वॉल निर्माण का काम शुरू कर दिया है, ताकि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण की संभावना समाप्त हो सके. नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि जमीनों की पहचान और संरक्षण केवल प्रशासनिक कार्रवाई नहीं है, बल्कि शहर के भविष्य को ध्यान में रखकर उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है. उन्होंने बताया कि खाली कराई गई जमीनों का उपयोग नागरिक सुविधाओं के विस्तार और बेहतर शहरी विकास के लिए किया जाएगा.

**बच्चों और महिलाओं के लिए विकसित होंगे आधुनिक पार्क**

नगर निगम की योजना के तहत कई खाली कराई गई जमीनों को आधुनिक पार्कों में बदला जाएगा. इन पार्कों को स्थानीय आबादी की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया जाएगा. बच्चों के लिए झूले, ओपन प्ले एरिया और खेल गतिविधियों की व्यवस्था होगी, जबकि महिलाओं और बुजुर्गों के लिए सुरक्षित वॉकिंग ट्रैक, बैठने की जगह और हरित क्षेत्र तैयार किए जाएंगे. निगम का मानना है कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच लोगों को खुले और सुरक्षित सार्वजनिक स्थान उपलब्ध कराना जरूरी है. इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का अवसर भी मिलेगा.

**सड़क किनारे की अव्यवस्था होगी कम, बनेंगे वेंडर्स मार्केट**

राजधानी की सबसे बड़ी समस्याओं में शामिल ट्रैफिक जाम और अव्यवस्थित फुटपाथ कारोबार को ध्यान में रखते हुए निगम ने कई स्थानों पर वेंडर्स मार्केट विकसित करने का निर्णय लिया है. इसके लिए मेन रोड, डोरंडा और दीपाटोली जैसे प्रमुख क्षेत्रों में जमीन चिन्हित कर योजना पर काम शुरू कर दिया गया है. मेन रोड क्षेत्र में आधुनिक मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण प्रस्तावित है, जबकि डोरंडा और दीपाटोली में व्यवस्थित वेंडर्स मार्केट विकसित किए जाएंगे. इन बाजारों के तैयार होने के बाद फुटपाथ दुकानदारों को स्थायी स्थान उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे सड़कों और फुटपाथों पर अनियंत्रित अतिक्रमण कम होगा और यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनेगी. नगर निगम का कहना है कि राजधानी में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा लंबे समय से एक गंभीर चुनौती बनी हुई थी. कई स्थानों पर वर्षों से कब्जा होने के कारण विकास योजनाएं प्रभावित हो रही थीं. अब जमीनों की पहचान, रिकवरी और सुरक्षा की प्रक्रिया शुरू होने से शहर के विकास के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं.

# झारखंड टी20 क्रिकेट लीग: मुकाबले के फाइनल में छोटानागपुर रॉयल्स और जमशेदपुर स्टीलर्स

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड टी20 क्रिकेट लीग 2026 के सेमीफाइनल मुकाबलों में छोटानागपुर रॉयल्स और जमशेदपुर स्टीलर्स ने शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया है. रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में खेले गए दोनों मुकाबलों में बल्लेबाजों का दबदबा देखने को मिला. अब 23 जून को लीग के पहले संस्करण के खिताबी मुकाबले में दोनों टीमों के बीच भिड़ंत होगी. पहले सेमीफाइनल में जमशेदपुर स्टीलर्स ने लीग चरण में शीर्ष पर रही कोयलांचल सुपर किंग्स को 79 रन से हराकर बड़ा उलटफेर किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टीलर्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टीम 5.2 ओवर में 47 रन पर दो विकेट गंवा चुकी थी. इसके बाद कुमार करण और रवि शर्मा ने पारी को संभालते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की. दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 203 रन जोड़कर टीम को 20 ओवर में दो विकेट पर 250 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया.

कुमार करण ने 63 गेंदों में नाबाद 143 रन की रिकॉर्डतोड़ पारी खेली, जो इस लीग का अब तक का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है. वहीं रवि शर्मा ने 46 गेंदों में नाबाद 81 रन बनाए. कोयलांचल सुपर किंग्स की ओर से हर्ष राज और जुनैद अशरफ को एक-एक विकेट मिला. 251 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोयलांचल सुपर किंग्स की टीम दबाव में नजर आई. कप्तान उत्कर्ष सिंह ने अकेले संघर्ष करते हुए 46 गेंदों पर 101 रन की शानदार शतकीय पारी खेली लेकिन दूसरे छोर से उन्हें सहयोग नहीं मिला. रॉबिन मिंज 14 रन बनाकर दूसरे सर्वोच्च स्कोरर रहे. पूरी टीम 17.3 ओवर में 171 रन पर सिमट गई. स्टीलर्स की ओर से प्रतीक रंजन और मो. कौनेन कुरैशी ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि अमन कुमार सिंह ने दो विकेट झटके. कुमार करण को उनकी विस्फोटक पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. दूसरे सेमीफाइनल में रांची टाइटन्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 220 रन बनाए.

# रांची में विश्व ओलंपिक दिवस के मौके पर मैराथन दौड़ का आयोजन, खेल भावना के उत्सव में डूबे खिलाड़ी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड सरकार के खेलकूद और युवा कार्य निदेशालय तथा रांची जिला खेल कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को विश्व ओलंपिक दिवस 2026 का भव्य आयोजन किया गया. इस अवसर पर जिले के विभिन्न सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, खेलो इंडिया केंद्रों, आवासीय एवं डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों तथा जेएसएसपीएस के सैकड़ों खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम का उद्देश्य खिलाड़ियों में ओलंपिक मूल्यों, खेल भावना और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था.

**समारोह के मुख्य अतिथि थे पूर्व ओलंपियन मनोहर टोपनो**

समारोह के मुख्य अतिथि 1984 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके पूर्व ओलंपियन मनोहर टोपनो थे. वहीं खेल उपनिदेशक निर्भय कुमार, रांची के जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह, डीआरडीए के परियोजना निदेशक ऋतुराज तथा जेएसएसपीएस की पुष्पा हांसदा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन अजय झा ने किया. विश्व ओलंपिक दिवस के मौके पर आयोजित विशेष मैराथन दौड़ आकर्षण का केंद्र रही. प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया. महिला वर्ग में ममता कुमारी ने पहला स्थान प्राप्त किया जबकि रितु कुमारी दूसरे और संजना कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं. वहीं पुरुष वर्ग में भारतीय सेना के गुरु लाल सिंह विजेता बने. सेना के ही शारद अहीक ने दूसरा स्थान हासिल किया जबकि जानकी कुमार तीसरे स्थान पर रहे. कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक और गौरवपूर्ण क्षण वह रहा, जब ओमान में आयोजित अंडर-18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारत के लिए कांस्य पदक जीतकर लौटीं झारखंड की चार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया. राजकीय आवासीय प्रशिक्षण केंद्र, बरियातू (रांची) की खिलाड़ी नीलम टोपनो, खोली कुमारी, सुगम सांगा और श्रुति कुमारी को उनकी उपलब्धि के लिए मंच पर सम्मानित किया गया. खिलाड़ियों के साथ उनकी कोच करुणा पूर्ति को भी विशेष सम्मान दिया गया.

# रांची में बलिदान दिवस पर याद किए गए जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मंगलवार को रांची समेत पूरे झारखंड में बीजेपी एवं जनसंघ से जुड़े लोगों ने उन्हें याद किया. इस मौके पर रांची के हरमू स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में उनकी प्रतिमा पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू सहित कई नेताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए. श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, बीजेपी विधायक सीपी सिंह, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही सहित बड़ी संख्या में बीजेपी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे.

**हम सभी के पुरोधा हैं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी: आदित्य साहू**

बलिदान दिवस के मौके पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हम सभी के पुरोधा हैं, जिन्होंने देश के लिए जीने का काम किया और देश के लिए मरने का काम किया. ऐसे महापुरुष का बलिदान दिवस हम सभी के लिए प्रेरणा दिवस है. उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमेशा रहेंगे.

इधर, बीजेपी विधायक सीपी सिंह ने इस मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है तो वो डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की देन है. ऐसे महापुरुष के बलिदान दिवस पर हम सभी उन्हें नमन करते हैं. उन्होंने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर में अलग झंडे के प्रधान का विरोध करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का मानना था कि देश का एक संविधान होगा, एक निशान होगा और एक प्रधान होगा. इसी मांग को लेकर उन्होंने बिना परमिट के जम्मू कश्मीर में आंदोलन किया था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार

# 209वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 209 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। राम सिया राम सिया राम जय जय राम के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मण्डल के निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं सदस्य अरुण खुटेटा ने बलराम मोदी से बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित करवाई एवं परिवार ने केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल प्रसाद का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। बलराम मोदी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ का पूजन करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया । श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित भक्तजनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी महाराज की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मनीष साहू ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया अशोक लड़ियां कोषाध्यक्ष मनोज खेतान बलराम मोदी एवं कृष्णा अंकित कुमार आदि भक्त उपस्थित थे।

**निर्जला एकादशी कार्यक्रम**

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 25 जून गुरुवार को निर्जला एकादशी उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। ज्ञातव्य है कि बाबा श्याम के साल में चार बड़े एकादशी में निर्जला एकादशी भी बड़ा महत्व रखता है। मण्डल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि हरमू रोड के श्याम मंदिर में इस अवसर पर बड़े ही वृहद पैमाने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मण्डल अध्यक्ष गोपाल मुरारका के दिशा निर्देश में सभी कार्य सम्पन्न कराए जा रहे हैं। श्री श्याम मंदिर को कोलकाता के कारीगर सजाने में लगे हुए हैं एवं बाबा श्री श्याम का अनुपम दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। मेवा भोग फल भोग एवं सवामणि प्रसाद का भोग लगेगा। प्रातः मंदिर के पट खुलने के बाद दिनभर पट दर्शन के लिए खुले रहेंगे। एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से आयोजित किया गया है। श्याम मंदिर में शुक्रवार 26 जून को द्वादशी के अवसर पर अखण्ड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। बाबा श्री श्याम को अति प्रिय खीर चूरमे का भोग लगेगा।

# बीमार आदिम जनजाति युवक को मिला इलाज, मानवाधिकार संगठन ने बढ़ाया मदद का हाथ



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**तमाड़.** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के खूंटी जिला प्रभारी बिकेश्वर महतो के सहयोग से आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के एक गंभीर रूप से बीमार युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के अनुसार, तमाड़ थाना क्षेत्र के चिपिबांधडीह गांव निवासी 23 वर्षीय सुभाष बिरहोर (पिता-गुरुवा बिरहोर) पिछले लगभग तीन माह से विभिन्न गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं. उन्हें टीबी, रक्त की कमी (एनीमिया), निम्न रक्तचाप, गले में गांठ, पेट में गांठ तथा लगातार बुखार की शिकायत है. आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार को समुचित इलाज कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था. मामले की जानकारी मिलने पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के खूंटी जिला प्रभारी बिकेश्वर महतो ने पहल करते हुए युवक को बेहतर उपचार के लिए खूंटी सदर अस्पताल पहुंचाया. चिकित्सकों द्वारा जांच के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए आईसीयू विभाग में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया है.

# बेहद गंभीर मुद्दों को लेकर भी जिलों के पुलिस कप्तान लापरवाह ! नॉर्थ ईस्ट से जुड़े मामले को लेकर मुख्यालय नाराज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** झारखंड के सभी 24 जिलों के एसएसपी और एसपी उच्च प्राथमिकता वाले निर्देशों पर भी लापरवाही बरत रहे हैं. केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा मांगी गई रिपोर्ट पांच-पांच बार रिमाइंडर भेजने के बावजूद पुलिस मुख्यालय को नहीं पहुंच रही है. मामला उत्तर-पूर्वी राज्यों के लोगों के साथ नस्लीय भेदभाव से जुड़ा है.

**केंद्रीय गृह मंत्रालय का निर्देश**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के नागरिकों के साथ होने वाले नस्लीय भेदभाव पर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी थी. इसमें दिल्ली पुलिस द्वारा अपनाई गई अच्छी प्रथाओं को पूरे देश में लागू करने, पुलिसकर्मियों को संवेदनशील बनाने, शिकायत निवारण तंत्र विकसित करने और ऐसी घटनाओं पर की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी गई है. झारखंड पुलिस मुख्यालय ने भी सभी जिलों के एसएसपी, एसपी और रेल एसपी को पत्र लिखकर इसकी सूचना दी थी और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के आलोक में जल्द रिपोर्ट भेजने को कहा था.

**तीन जून तक कोई रिपोर्ट नहीं**

हैरानी की बात यह है कि इतने गंभीर मुद्दे पर भी राज्य के किसी भी जिले से तीन जून तक कोई रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय नहीं पहुंची. स्थानीय स्तर पर अपनाई गई नीतियां, प्रशिक्षण कार्यक्रम, पुलिस-प्रशिक्षण मॉड्यूल, शिकायत निवारण व्यवस्था और किसी भी सुधारात्मक कदम की जानकारी देने में सभी जिले नाकाम रहे.

**पांच बार रिमाइंडर के बावजूद लापरवाही**

पुलिस मुख्यालय ने एक बार फिर पत्र लिखकर स्थिति पर खेद जताया है. इसमें कहा गया है कि पांच बार रिमाइंडर भेजने के बावजूद रिपोर्ट न मिलना बेहद खेदजनक है. मुख्यालय ने एक बार फिर सख्त निर्देश दिया है कि यदि अधीनस्थ जिले में उत्तर-पूर्वी नागरिकों के साथ कोई नस्लीय भेदभाव की घटना हुई है या कोई मामला दर्ज है तो उसकी पूरी जानकारी तुरंत भेजी जाए, ताकि केंद्र को समेकित रिपोर्ट भेजी जा सके.

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले से जुड़ा मामला**

यह पूरा मुद्दा सुप्रीम कोर्ट के 14 दिसंबर 2016 के फैसले से जुड़ा है. कोर्ट के आदेश के बाद नॉर्थ-ईस्ट के लोगों के खिलाफ नस्लीय भेदभाव की शिकायतों की निगरानी के लिए मॉनिटरिंग कमेटी गठित की गई थी. कमेटी की 15वीं बैठक 15 दिसंबर 2025 को हुई, जिसमें उन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को फिर से याद दिलाने की सिफारिश की गई जिन्होंने अभी तक Action Taken Report नहीं भेजी है.

# कांची नदी किनारे बालू में दबा मिला 18 वर्षीय युवती का शव, क्षेत्र में सनसनी



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बुंडू:** दशम फॉल थाना क्षेत्र अंतर्गत कांची नदी के किनारे सारजमडीह पुल के समीप एक 18 वर्षीय युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव बालू से ढका हुआ था, जिसे देखकर ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। घटना की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही दशम फॉल थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान खूंटी जिले के मारांगहादा थाना क्षेत्र के गटीगाड़ा गांव निवासी 18 वर्षीय हिस्सी कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह अड़की थाना क्षेत्र के बाड़ीगाड़ा गांव स्थित अपने मामा के घर में रह रही थी और पिछले एक सप्ताह से लापता थी। प्रारंभिक जांच में युवती के गले और चेहरे पर चोट के निशान पाए गए हैं। शव भी क्षत-विक्षत अवस्था में मिला है, जिससे मामले को संदिग्ध माना जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मौत के कारणों और घटना के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# सेल के मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का 64वां स्थापना दिवस कल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** सेल के मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का 64वां स्थापना दिवस 25 जून को है। इसे मनाने के लिए एमटीआई में 23 जून से 25 जून 2026 तक 'लर्निंग एंड डेवलपमेंट (एल एंड डी) कॉन्क्लेव-ज्ञान उत्सव' आयोजित किया गया है। इस एल एंड डी कॉन्क्लेव-ज्ञान उत्सव' में BCG, SHRM और CBC से लगभग 150 वक्ता, प्रतिनिधि और मेहमान शामिल होंगे। सेल की रांची स्थित इकाइयों के कार्यपालक निदेशक और मुख्य महाप्रबंधकगण , सेल के विभिन्न प्लांट/इकाइयों के ट्रेनिंग प्रमुख और एचआर - एल एंड डी अधिकारी भी इस ज्ञान उत्सव में भाग लेंगे। एम.टी.आई की स्थापना 25 जून 1962 को हुई थी। यह महारत्न कंपनी सेल का कॉर्पोरेट एल एंड डी संस्थान है। यह न केवल अधिकारियों को लीडरशिप और मैनेजमेंट स्किल विकसित करने के लिए ट्रेनिंग देता है, बल्कि फाइनेंस, स्ट्रैटेजी, मार्केटिंग और कॉन्ट्रैक्ट व कमर्शियल क्षेत्रों में भी ट्रेनिंग देता है। 'लर्निंग फ्रॉम ईच अदर' वर्कशॉप जैसे कई टेक्नो-मैनेजरियल प्रोग्राम और वर्कशॉप आयोजित किए जाते हैं, जो प्लांट की समस्याओं के प्रभावी समाधान के साथ समाप्त होते हैं। एम.टी.आई के फैकल्टी सदस्य सेल के विभिन्न प्लांट और इकाइयों के साथ-साथ बाहरी संगठनों में भी प्रोग्राम आयोजित करते हैं। एम.टी.आई, सेल के प्लांट और इकाइयों में कई एल एंड डी गतिविधियों को सुविधाजनक बनाता है। एम.टी.आई के इंफ्रास्ट्रक्चर में अत्याधुनिक एल एंड डी सुविधाएं, कॉन्फ्रेंस हॉल, पी.सी लैब, हॉस्टल और डाइनिंग सुविधाएं आदि शामिल हैं। इसमें एक एक्सटेंडेड-रियलिटी लैब भी है जो डिजिटल टेक्नोलॉजी टूल्स और तकनीकों को सीखने में मदद करती है।

3 दिवसीय ज्ञान उत्सव की शुरूआत आज 23 जून 2026 को उद्घाटन सत्र के साथ हुई। एमटीआई के ईडी श्री संजय धर ने स्वागत भाषण दिया और कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। उद्घाटन भाषण सेल के डायरेक्टर (पर्सनेल) श्री के. के. सिंह ने दिया। उन्होंने 'वर्ल्ड क्लास कंपनी के लिए क्षमता निर्माण' पर बात की। मुख्य भाषण भारत सरकार के कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की सदस्य-प्रशासन डॉ. अलका मित्तल ने दिया। उन्होंने 'विकसित भारत के लिए स्किलिंग' और भारत सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न पहलों तथा इन पहलों को सफल बनाने में ढरव और कॉर्पोरेट की भूमिकाओं के बारे में बात की। इसके बाद, SHRM इंडिया में लीडरशिप प्रैक्टिस के हेड, श्री अमोघ देशमुख ने 'सीखने का भविष्य: लोगों का नजरिया' विषय पर बात की। उन्होंने 'सीखने का भविष्य: डिजिटल नजरिया' पर भी चर्चा की। इसके बाद, अलग-अलग लर्निंग प्रोग्राम और मॉड्यूल में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वालों के लिए अवॉर्ड वितरण समारोह आयोजित किया गया। एमटीआई के महाप्रबंधक प्रभारी श्री अतानु मुखर्जी ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। दोपहर में, 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का विकास', सेल में डिजिटल लर्निंग' और 'काम की जगह पर लर्निंग को बढ़ावा देना' जैसे विषयों पर तीन कॉन्क्लेव वर्कशॉप शुरू हुईं, जो 24 जून 2026 तक चलेंगी।

# झारखंड के कई जिलों में बारिश और तेज हवा के आसार, 24 जून से पलामू-गढ़वा में हीट वेव की संभावना

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है. मौसम केंद्र, रांची के पूर्वानुमान के अनुसार 23 जून को राज्य के अधिकांश हिस्सों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे. कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना है. इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं. मौसम केंद्र के मुताबिक उत्तर-पश्चिमी झारखंड को छोड़कर राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं. रांची, बोकारो, धनबाद, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, देवघर, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज समेत कई जिलों में मेघ गर्जन और तेज हवाओं का असर देखने को मिल सकता है. लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने की सलाह दी गई है.

**24 जून को कहीं बारिश तो कहीं हीट वेव की संभावना**

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक राज्य में बादल और बारिश की गतिविधियां बनी रह सकती हैं. हालांकि उत्तर-पश्चिमी झारखंड के कुछ इलाकों में गर्मी का असर भी बढ़ने की संभावना है. 24 जून को राज्य के उत्तर-पश्चिमी और उससे सटे उत्तर-मध्य हिस्सों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. कई स्थानों पर गर्जन और तेज हवाएं चलने के भी आसार हैं. इसके साथ ही 24 जून को पलामू, गढ़वा और चतरा जिले में हीट वेव यानी उष्ण लहर चलने की संभावना जताई गई है. इन जिलों में दिन के समय तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है और गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर सकती हैं. मौसम विभाग ने इन इलाकों के लोगों को दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी है.

# मुहर्रम जुलूस पूर्व निर्धारित रूट चार्ट एवं समय के अनुसार ही निकाले : एसडीओ सदानंद महतो

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**राधानगर थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक आयोजित**



**उधवा/साहिबगंज।** राधानगर थाना परिसर में मंगलवार को मुहर्रम पर्व को लेकर एसडीओ सदानंद महतों की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के गणमान्य, बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों व मुहर्रम कमीटी के लोग शामिल हुए। इस दौरान मुहर्रम पर्व को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरार एसडीओ सदानंद महतों ने कहा कि मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। लाईसेंस धारी के द्वारा पूर्व से निर्धारित सड़क मार्ग से जुलूस निकाला जाएगा।उन्होंने कहा अफवाहों पर ध्यान न दें। स्थानीय प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार डीजे व सौहार्द बिगाड़ने वाले भड़काऊ भाषण व गाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।वहीं जुलूस के दौरान जूलूस मार्ग व अखाड़े में पुलिस बल तैनाती रहेगी। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम पर्व मनाने की अपील की। इस दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आमजनों को पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की बात कही। वही नवनियुक्त अंचल अधिकारी आशीष कुमार मंडल ने सभी से अपना परिचय देते हुए कहा कि पर्व में विधि व्यवस्था बनाएं रखने को लेकर पुलिस सजग है। पर्व में किसी प्रकार की कोई अनहोनी घटना न घटे इसको लेकर जगह-जगह पुलिस बलों को तैनात किया जाएगा। अफवाह फैलाने व शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अगर असामाजिक तत्वों के द्वारा पर्व में विधि व्यवस्था भंग की गई तो फौरन इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दे,ताकि ऐसे लोगों पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने ने क्षेत्र के लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से पर्व को मनाने की अपील की है।वही राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने कहां कि मुहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारा के साथ मनाएं। सोशल मीडिया पर प्रशासन की नजर बनी रहेगी।सभी ग्रुप संचालकों को अपने अपने ग्रुप में सावधानीयां बरतनीं है। आगामी 26जून को मुहर्रम का त्योहार मनाया जाएगा। लाइसेंस धारी के द्वारा पूर्व से निर्धारित समय 3 बजे अपने अपने रूट चार्ट के अनुसार ही सड़क मार्ग से जुलूस निकाले। मौके पर राजमहल इंस्पेक्टर राजीव रंजन,एसआई पंकज कुमार दुबे,जुमराती अंसारी,सुबोध मुर्मू, गंगा प्रसाद यादव, एएसआई हाकीम मुर्मू, बिकटा राम मुर्मू, सरफुद्दीन खान, शशिकांत यादव, मनोज कुमार पासवान,असल खान, प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली, उप प्रमुख ममलोत शेख, अख्लाकुर रहमान, जहांगीर आलम, अधीर मंडल, श्याम लाल, काजु मल्लिक, इब्राहिम शेख, ऐनुल हक अंसारी, यासीन शेख, विक्रम सरकार, मेहबूब आलम सहित अखाड़ा समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा निकाला गया नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली




झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज।**भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा साहिबगंज महाविद्यालय की इकाइयों द्वारा एक रैली निकाली गई भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के निर्देश पर सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान थीम पर नशा मुक्त भारत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है /इस कार्यक्रम के तहत आज महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम पदाधिकारीयों के द्वारा रेलवे स्टेशन तक एक रैली निकाली गई जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर डॉक्टर कुमार प्रशांत भारती द्वारा किया गया/ स्वयंसेवकों नेनशा मुक्ति हेतु जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया आज के इस रैली में राष्ट्रीय सेवाओं के अन्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर शोभा मुर्मू डॉक्टर प्रिया सिंह डॉक्टर अनु सुमन बाडा समेत राष्ट्रीय सेवा योजना के कई स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया

## गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली आयरन-फोलिक एसिड टैबलेट्स खुले में फेंकी मिलीं, जांच की मांग तेज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**राजमहल/साहिबगंज।** राजमहल प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में एक पेड़ के नीचे भारी मात्रा में एक्सपायरी सरकारी दवाइयां मिलने से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सरकारी दवाओं के इस तरह खुले में पड़े मिलने की घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है ।जानकारी के अनुसार, परिसर में फेंकी गई दवाइयों में ख़आयरन एंड फोलिक एसिड टैबलेट्स आईपीख़ शामिल हैं। यह दवा मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं तथा एनीमिया से पीड़ित मरीजों को निःशुल्क वितरित की जाती है। शरीर में आयरन, फोलिक एसिड और खून की कमी को दूर करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा इन दवाओं की आपूर्ति की जाती है। दवा के पत्तों पर झारखंड सरकार का लोगो अंकित होने से यह स्पष्ट होता है कि यह सरकारी आपूर्ति की दवा है ।एक ओर जहां सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की कमी तथा स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव की शिकायतें लगातार सामने आती रहती हैं, वहीं दूसरी ओर बड़ी मात्रा में सरकारी दवाओं का एक्सपायर होकर खुले में फेंका जाना कई सवाल खड़े करता है ।सबसे अहम प्रश्न यह है कि इतनी बड़ी मात्रा में एक्सपायरी दवाइयां अंचल कार्यालय परिसर तक कैसे पहुंचीं और इन्हें वहां किसने फेंका। मामले की जानकारी फैलते ही प्रखंड कार्यालय परिसर में इसकी चर्चा शुरू हो गई। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है ।फिलहाल संबंधित विभाग की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। लोगों की निगाहें अब प्रशासनिक जांच और संभावित कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## राजमहल में अलग-अलग सड़क हादसों में तीन बाइक सवार घायल, दो की हालत गंभीर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**आंधी-तूफान और सड़क पर गिरे बांस व डस्ट बने हादसे की वजह, बेहतर इलाज के लिए रेफर**



**राजमहल/साहिबगंज।**थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार देर रात अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को परिजनों की सहायता से अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनपहाड़-राजमहल मुख्य मार्ग पर कर्बला के समीप रात लगभग 10 बजे बेगमपुरा निवासी विष्णु चौधरी (32) और जितेंद्र उरांव (30) बाइक से तीनपहाड़ की ओर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान आंधी-तूफान के कारण सड़क किनारे रखे बांस के छड़ से कुछ बांस सड़क पर गिर गए थे। अंधेरा होने के कारण बाइक चालक उन्हें देख नहीं पाया और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों की मदद से दोनों को अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. नाजिश अहमद ने प्राथमिक उपचार किया। विष्णु चौधरी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।वहीं दूसरी घटना फुलवरिया के पास फोरलेन मुख्य मार्ग पर रात करीब 10:15 बजे हुई। बेंगडुबी निवासी अंसार शेख (20) उधवा की ओर से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान सड़क पर फैले डस्ट (धूल-मिट्टी) को अंधेरे में नहीं देख पाने के कारण उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।अंसार शेख को भी परिजनों द्वारा अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।दोनों घटनाओं की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## AVMVS की राष्ट्रीय महिला कार्यकारिणी का विस्तार: गरिमा शाह बनीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, जताया राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।**AVMVS की राष्ट्रीय महिला कार्यकारिणी के विस्तार के साथ संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिली है। इस अवसर पर नव-नियुक्त सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं। इसी क्रम में गरिमा शाह को संगठन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर गरिमा शाह ने राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन पर गहरा विश्वास जताते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है, जो उनके प्रति संगठन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। गरिमा शाह ने कहा कि इस नियुक्ति से पूरे झारखंड, विशेषकर साहिबगंज जिले को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त हुआ है। इसके लिए उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार मद्धेशिया, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, राष्ट्रीय महिला चेयरमैन रितु गुप्ता तथा समस्त राष्ट्रीय नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया।उन्होंने आशा व्यक्त की कि उन्हें सभी वरिष्ठजनों का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन निरंतर प्राप्त होता रहेगा। साथ ही उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए पद की गरिमा बनाए रखने का हर संभव प्रयास करेंगी।अंत में गरिमा शाह ने संगठन के सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं राष्ट्रीय नेतृत्व को पुनः धन्यवाद देते हुए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

## बरहरवा में भाजपा कार्यकताओं ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बरहरवा नगर मंडल की ओर से मंगलवार को नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या - 01 स्थित जोगी टोला में जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष राजकुमार भगत उर्फ रविन्द्र जी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर धूप, अगरबत्ती एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। उपस्थित कार्यकताओं ने उनके योगदान को याद करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रति उनके समर्पण को नमन किया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्होंने जम्मू - कश्मीर में एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान की व्यवस्था का विरोध करते हुए राष्ट्रहित में संघर्ष किया। उनका जीवन देशभक्ति, त्याग और समर्पण का प्रेरणास्त्रोत है। वक्ताओं ने कहा कि उनके विचार आज भी देशवासियों और भाजपा कार्यकताओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष राजकुमार भगत, महामंत्री प्रदीप भगत, संजय रमानी, उपाध्यक्ष मंजू देवी, जयदेव महतो, कुसुमाकर तिवारी, मंत्री संतोष भगत, कपिल सिंह, टिंकू साहा, रामकुमार वर्मा सहित लगभग दो दर्जन भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन डॉ. मुखर्जी के बताए आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्रहित में कार्य करने के संकल्प के साथ किया गया।

## अमृत 2.0 कार्यशाला में शामिल हुए नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान, उत्कृष्ट सहभागिता पर मिला प्रशस्ति पत्र



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज।** झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग, राज्य शहरी विकास अभिकरण के बैनर तले रांची के कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में अमृत 2.0 के तहत दो दिवसीय आवासीय उन्मुखीकरण कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को शहरों को पानी व सीवरेज की समस्या से मुक्त करने पर विस्तृत जानकारी दी गई। रेन वाटर हार्वेस्टिंग व जलाशयों के मामले में शहर को आत्मनिर्भर बनाने की भी जानकारी दी गई। रामनाथ पासवान ने बताया कि अमृत 2.0 के तहत शहर के घरों में नल से साफ पानी, हर घर से गंदा पानी निकालने का पक्का इंतजाम, तालाब व कुआं बचाना एवं गंदे पानी को साफ करके दोबारा इस्तेमाल करने जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य 2026 तक हर घर नल योजना का कार्यान्वयन करना है। रामनाथ पासवान ने कहा कि गंगा किनारे बसे राज्य के एकमात्र शहर साहिबगंज को जल्द ही स्वच्छ व स्मार्ट शहर बनाने की दिशा में काम किया जाएगा।

## गायत्री जयंती आज,पांच कुंडीय हवन यज्ञ के साथ धूमधाम से मनाने की है तैयारी

**साहिबगंज।**अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा बुधवार को गायत्री शक्तिपीठ में गायत्री जयंती धूमधाम से मनाने को लेकर जोर शोर से तैयारी की जा रही है। उस दिन पूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य के महापर्यन दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की जाएगी। गायत्री शक्तिपीठ में महिला मंडल के द्वारा सोमवार को गायत्री मां के गर्भ गृह का एवं मंगलवार को यज्ञ शाला का बृहत साफ सफाई की गई। देवालय संचालन प्रभारी सरिता पोद्दार ने बताया कि बुधवार को गायत्री जयंती के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में पांच दिए गायत्री हवन यज्ञ किया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ में दैनिक हवन यज्ञ करने वाले पुरोहितों एवं परीव्रजकों को सम्मानित भी किया जाएगा। उसी दिन पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के महा प्रयाण दिवस के अवसर पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी जाएगी। श्रीमती पोद्दार ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ में ही सामूहिक महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है। शक्तिपीठ की साफ सफाई में श्रीमती सरिता पोद्दार करुणामई भारती संगीता कुमारी अनिता देवी निभा देवी रेखा देवी अनू गुप्ता सुजाता सिंह आदि मौजूद थे।

## बाकुडी में झारखंड मजदूर संघ का प्रशिक्षण शिविर संपन्न, श्रम कानून व संगठनात्मक अनुशासन पर हुई चर्चा

**साहिबगंज।**केंद्रीय कार्यालय बाकुडी में झारखंड मजदूर संघ (प्रजातांत्रिक) के केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुई।इस प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षित ट्रेनर के रूप में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव,केंद्रीय सहायक मंत्री रविकांत ठाकुर,केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी एवं गणेश ठाकुर उपस्थित हुए।प्रशिक्षण शिविर मे सभी सदस्य ने भारत माता की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर मालाअर्पण श्रद्धांजलि अर्पित किए।प्रशिक्षण शिविर को केंद्रीय सहायक मंत्री रविकांत ठाकुर ने सम्बोधित करते हुए कहा की संगठन को मजबूती के लिए संघ के नियम और उद्देश्यों के बारे में जानकारी गांव के लोगों को बतलाना।वही केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी ने कहा की संघ के दिशा निर्देश में चलकर श्रमिक संगठन को मजबूती प्रदान करना और अनुशासन बनाए रखना।केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि संगठन को चलाने के लिए कोर्स की आवश्यकता पड़ती है,इसके बिना सफल संचालन के लिए संभव नहीं है सभी कार्यकताओं से अपील करते कहना है कि सदस्य शुल्क संघ के नियमों के रूप जमा करें।केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा की श्रम कानून और सरकार के द्वारा लोक कल्याणकारी योजना के विशेष जानकारी दी है।मौके पर प्रीतम कुमार पियूष,मोहम्मद इमाम,बिस्वास, मोहम्मद निजामुद्दीन तरुण शाह शौकत शेख मोहम्मद बदरुद्दीन रिंकू शेख राकेश महतो रणधीर प्रसाद चौरसिया, सैयद अख्तर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रेलवे ट्रैक पर युवक का क्षत - विक्षत शव बरामद, पहचान में जुटी पुलिस

**बरहरवा/साहिबगंज।** फरक्का - पाकुड़ रेलखंड के बोनीडांगा स्टेशन और लिंक केबिन के बीच बोर्ड संख्या 32 के पास सोमवार को एक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की उम्र लगभग 27 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शव बुरी तरह क्षत - विक्षत अवस्था में पड़ा था। युवक का सिर धड़ से अलग मिला, जिससे घटना की गंभीरता और बढ़ गई। शव मिलने की सूचना फैलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। घटना की जानकारी मिलने पर आरपीएफ के जवान सूरज यादव घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद बरहरवा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस ने आसपास के थानों और संबंधित एजेंसियों को भी सूचना दे दी है ताकि मृतक की शिनाख्त जल्द से जल्द हो सके। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**बरहरवा/साहिबगंज।** मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र में आए तेज आंधी - तूफान और मूसलाधार बारिश के बीच एक दर्दनाक हादसा हो गया। सातगाछी पंचसाहिबगंज। तेतरिया गांव स्थित हनुमान मंदिर के समीप बीच सड़क पर बालू गिराए जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर फैली बालू के कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है ।ग्रामीणों के अनुसार, किसी व्यक्ति द्वारा सड़क के बीचों-बीच बालू गिरा दी गई है, जिससे दोपहिया सहित अन्य वाहनों के फिसलने का खतरा उत्पन्न हो गया है। विशेषकर रात के समय या तेज रफ्तार में गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए यह स्थिति और अधिक खतरनाक साबित हो सकती है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर बालू फैले रहने से आवागमन प्रभावित हो रहा है और कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने संबंधित व्यक्ति तथा प्रशासन से अविलंब सड़क से बालू हटवाने की मांग की है ।ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया और कोई दुर्घटना घटित होती है, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

## बीच सड़क पर गिराई गई बालू से हादसे की आशंका, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

**साहिबगंज।** तेतरिया गांव स्थित हनुमान मंदिर के समीप बीच सड़क पर बालू गिराए जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर फैली बालू के कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है ।ग्रामीणों के अनुसार, किसी व्यक्ति द्वारा सड़क के बीचों-बीच बालू गिरा दी गई है, जिससे दोपहिया सहित अन्य वाहनों के फिसलने का खतरा उत्पन्न हो गया है। विशेषकर रात के समय या तेज रफ्तार में गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए यह स्थिति और अधिक खतरनाक साबित हो सकती है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर बालू फैले रहने से आवागमन प्रभावित हो रहा है और कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने संबंधित व्यक्ति तथा प्रशासन से अविलंब सड़क से बालू हटवाने की मांग की है ।ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया और कोई दुर्घटना घटित होती है, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

## उधवा में नए अंचल अधिकारी के रूप में आशीष कुमार मंडल ने दिया योगदान



**उधवा /साहिबगंज।** उधवा में नए अंचल अधिकारी के रूप में आशीष कुमार मंडल ने सोमवार को अपना पदभार संभाल लिया। उधर नए सीओ के पदभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। लंबे समय से जमीन संबंधित कामकाज धीमी गति से होने के कारण लोग काफी मायूस थे। कामकाज नही होने से लोग रोजाना अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे थे। हालाकि अब म्यूटेशन,भूमि विवाद समेत अन्य कामकाज सुचारू रूप से चलेंगे। लोगों को अब समस्या से छुटकारा मिलेगी। उधर सोमवार को बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी से अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार लेते ही सीओ आशीष कुमार मंडल ने अंचल कार्यालय का निरीक्षण कर कर्मियों को समय पर कार्यालय आने व लंबित कार्यो का शीघ्र ही निपटारा करने का निर्देश दिया। वही सीओ ने कहा कि गरीबों व आम जनता के मामले का निपटारा विधिसम्मत यथाशीघ्र किया जाएगा। कहा कि आम जनों की समस्याओं का निपटारा करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। लोगों ने नए सीओ के पदभार ग्रहण करने पर राहत महसूस की है।

# अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर खिलाड़ियों में दिखा खेल भावना का उत्साह, रानी ज्योतिर्मय स्टेडियम में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**12 टीमों ने लिया हिस्सा, उप विकास आयुक्त ने खिलाड़ियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**पाकुड़ :** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, पाकुड़ के तत्वावधान में रानी ज्योतिर्मय स्टेडियम में दो दिवसीय खेल कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों की 12 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त अरविन्द कुमार लाल ने उपस्थित खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ओलंपिक खेल विश्व का सबसे बड़ा खेल महाकुंभ है, जो खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन, समर्पण और खेल भावना का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न खेलों में देश का प्रतिनिधित्व कर भारतीय खिलाड़ियों ने विश्व मंच पर देश का गौरव बढ़ाया है। ऐसे खिलाड़ियों की उपलब्धियां युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने जिले के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सफलता का मार्ग निरंतर अभ्यास, धैर्य, अनुशासन एवं समर्पण से होकर गुजरता है। यदि खिलाड़ी लक्ष्य निर्धारित कर पूरी मेहनत और लगन से आगे बढ़ें तो वे भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने उपस्थित सभी खिलाड़ियों को नशा न करने की शपथ दिलाई तथा जिला पाकुड़ को नशामुक्त बनाने के अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल और नशा एक-दूसरे के विपरीत हैं। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के निर्माण के लिए युवाओं को खेल गतिविधियों से जुड़ना चाहिए तथा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन एवं उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। विश्व ओलंपिक दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा खेल संस्कृति को मजबूत करना है।

# कर्बला मैदान में मेला कार्यक्रम का भव्य आयोजन, अंजुमन इस्लामिया व सेन्ट्रल मुहर्रम कमेटी की निगरानी में शुरू हुआ मेला

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**कर्बला सिर्फ गम का नहीं, सब्र और इंसाफ के लिए कुबार्नी का प्रतीक: शाहिद अहमद बेलू**



**लोहरदगा:** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा व सेन्ट्रल मुहर्रम कमेटी के संयुक्त तत्वावधान एवं निगरानी में समाहरणालय के समीप स्थित कर्बला मैदान में मेला कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अंजुमन इस्लामिया के सेक्रेटरी जनाब शाहिद अहमद उर्फ बेलू, नायब सदर आरीफ हुसैन बबलू कर्बला कमेटी के कन्वेनर मोहम्मद इब्राहिम अशरफी उर्फ कल्लू, सेराज अंसारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने फीता काट कर की। इस अवसर पर लोहरदगा के साथ-साथ लातेहार, गुमला, रांची एवं आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में जायरीन कर्बला मैदान पहुंचे। जायरीनों ने फातिहा पढ़ी दुआएं कीं और अपनी मिन्नतें मांगी। पूरा वातावरण इबादत और अकीदत से सराबोर रहा।मेला प्रबंधन की निगरानी खुद अंजुमन इस्लामिया के अंसारी, सचिव शाहिद अहमद बेलू सहित कमेटी के सभी पदाधिकारी और मेंबर कर रहे हैं। आयोजन के दौरान विधि-व्यवस्था को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। चारों ओर पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ वॉलंटियरों की टीम भी सक्रिय रही। मौके पर सेक्रेटरी शाहिद अहमद बेलू ने कहा कि कर्बला सिर्फ गम का नहीं, सब्र और इंसाफ के लिए कुबार्नी का प्रतीक है। हम इस पैगाम को आने वाली नस्लों तक पहुंचाने के लिए वचनबद्ध हैं। नायब सदर आरीफ हुसैन बबलू ने कहा कि यह मेला सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी तहजीब, एकता और भाईचारे का आईना है। हर साल इसे और बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं। मेला के दौरान कोषाध्यक्ष फिरोज शाह, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, इरशाद अहमद, भंडरा, किस्को और सेन्हा के सदर तथा सेन्ट्रल मोहर्रम कमेटी के कन्वेनर हाजी सउद आलम, नेहाल कुरैशी, वसीफ कय्यूम, यासीन कुरैशी, रब्बील खान, एजाज कुरैशी, फारूक कुरैशी, हाजी अली रहमान कुरैशी, लुकमान अंसारी, एकरामुल अंसारी, सैयद वसीम, शकील अहमद, इरशाद अहमद समेत अंजुमन इस्लामिया व सेन्ट्रल मुहर्रम कमेटी के सभी पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में जायरीन, स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

# अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर पलामू में 5 किमी मैराथन दौड़ का आयोजन, विजेताओं को किया गया सम्मानित



**मेदिनीनगर (पलामू)**
अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने किया नेतृत्व ,मंगलवार सुबह पलामू जिला प्रशासन द्वारा 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।मैराथन दौड़ का शुभारंभ जिला समाहरणालय परिसर, पलामू से हुआ तथा इसका समापन जीएलए कॉलेज मैदान, मेदिनीनगर में किया गया। इस दौरान उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत स्वयं दौड़ में शामिल हुए और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। दौड़ में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, कर्मियों, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं तथा खेल प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम का उद्देश्य खेल, स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा ओलंपिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना था। इस वर्ष ओलंपिक दिवस का वैश्विक संदेश "You Can Do This! Let's Move" रखा गया है, जो लोगों को सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है।दौड़ के समापन के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम से लेकर दसवें स्थान तक आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने उपस्थित प्रतिभागियों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में सफलता प्राप्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अनुशासन, समर्पण और जुनून के मूल सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। यही गुण किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने की आधारशिला हैं। उन्होंने युवाओं को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# सूंड़ी समाज, लोहरदगा का ट्रस्ट एक्ट में पंजीकरण जल्द, साथ ही समाज का एक भव्य नया धर्मशाला निर्माण हेतु उपयुक्त जमीन की खोज पर जोर

**लोहरदगा:** सूंड़ी समाज, लोहरदगा कार्यसमिति की मासिक बैठक समाज जिलाध्यक्ष रितेश कुमार के आवास में सम्पन्न हुई। इस बैठक में समाज को अनावरत सक्रिय करने तथा सकरात्मक कार्यों को पूरा करने हेतु विभिन्न मुद्दों पर गम्भीर विचार विमर्श किया गया तथा पिछले माह सफलतापूर्वक संपन्न राष्ट्रीय कार्यदल बैठक हेतु सभी कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई दी गयी तथा सूंड़ी समाज के अभिवावक सह राय साहब बलदेव साहू के पुत्र श्री उदयशंकर प्रसाद साहू एवं पूर्व राज्यसभा सांसद श्री धीरज प्रसाद साहू को उनके सहयोग हेतु उनकी भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों ने धन्यवाद दिया। बैठक में सूंड़ी समाज, लोहरदगा को सशक्त बनाने तथा विभिन्न कार्यक्रम को करने हेतु कार्ययोजना पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें सर्वप्रथम जुलाई माह के अंदर सूंड़ी समाज, लोहरदगा को ट्रस्ट एक्ट के तहत पंजीकृत करना, भव्य धर्मशाला निर्माण हेतु उपयुक्त जमीन का तलाश करना, समाज के प्रतिभावान लोगों को सम्मानित करना, समाज के सम्भ्रांत एवं प्रतिष्ठित लोगों के माध्यम से सूंड़ी समाज के गरीब छात्र छात्राओं को आगे की पढ़ाई के लिये छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु मंच प्रदान करना, वैवाहिक परिचय कार्यक्रम करना, गरीब परिवार को व्यवसाय हेतु मदद करना, सामूहिक विवाह का आयोजन आदि पर निर्णय लेकर भविष्य में सकरात्मक पहल करने के साथ समाज को सक्रिय करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सूंड़ी समाज अध्यक्ष रीतेश कुमार, सचिव पंकज साहू, उपाध्यक्ष विनय साहू, बैजनाथ साहू, सह सचिव राजीव रंजन, संरक्षक नंदकिशोर साहू, गुप्तेश्वर प्रसाद, गोबर्धन प्रसाद कार्यकारिणी सदस्य बिनोद प्रसाद, सुधीर कुमार साहू, विकास कुमार, चण्दकोपा,सेन्हा अध्यक्ष पवन कुमार साहू, किस्को प्रखंड कोषाध्यक्ष संदीप कुमार उपस्थित रहें।

# पत्रकार सुरक्षा कानून, बीमा एवं झूठे मुकदमों के मुद्दे पर मुखर हुए पत्रकार



पाकुड़। झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन (जेजेए) पाकुड़ इकाई की बैठक जिला प्रभारी अरबिंद ठाकुर की अध्यक्षता में पाकुड़ स्थित होटल मुस्कान में आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न पत्रकारों ने भाग लेकर पत्रकार हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।बैठक में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने,पत्रकारों का बीमा सुनिश्चित करने, पत्रकारों पर दर्ज किए जाने वाले झूठे मुकदमों पर रोक लगाने तथा समाचार संकलन के दौरान पत्रकारों को जमीनी स्तर पर आने वाली परेशानियों का मामला प्रमुखता से उठाया गया। उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि खबर संकलन के दौरान कई बार उन्हें अनावश्यक दबाव, धमकियों और विभिन्न प्रकार की बाधाओं का सामना करना पड़ता है, जिससे स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पत्रकारिता प्रभावित होती है।बैठक में इन मुद्दों को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में जनहित याचिका (पीआईएल) दायर करने की संभावना पर भी चर्चा की गई। पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा,सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कानूनी व्यवस्था की आवश्यकता है।सभी पत्रकारों ने अपने विचार एवं सुझाव रखे तथा संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 5 जुलाई 2026 को अगली बैठक आयोजित की जाएगी,जिसमें जिले भर के पत्रकारों को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही जिला कमेटी के गठन की दिशा में भी आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया गया।बैठक में पत्रकार एकता, सुरक्षा एवं अधिकारों को लेकर संगठनात्मक स्तर पर संघर्ष को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई गईबैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए जिले के सभी प्रखंडों में चरणबद्ध तरीके से प्रखंड कमिटियों का गठन किया जाएगा। प्रखंड स्तर पर संगठनात्मक ढांचा तैयार होने के उपरांत जिला स्तरीय कमिटी का गठन किया जाएगा। उपस्थित पत्रकारों ने संगठन के विस्तार एवं पत्रकार हितों की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव का समर्थन किया।यह निर्णय संगठन को प्रखंड एवं जिला स्तर तक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया। साथ ही आगामी 5 जुलाई 2026 को होने वाली बैठक में जिले के अधिकाधिक पत्रकारों की भागीदारी सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया गया।बैठक में गोड्डा जिला प्रभारी मकसूद आलम, सतनाम सिंह, बलराम ठाकुर,प्रीतम सिंह यादव, शमसेर आलम,अराफात, सुदीप त्रिवेदी,काजीरुल शेख,अभिषेक तिवारी, बजरंग पंडित,रविशंकर मिश्रा,विजय कुमार आदि मौजूद थे.

# जपला भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि एवं स्मरण कार्यक्रम आयोजित

**झारखंड उजाला संवाददाता**



हुसैनाबाद,पलामूः भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, जपला में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि एवं स्मरण कार्यक्रम का आयोजन पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके राष्ट्रवादी विचारों एवं राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया।इस अवसर पर पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि ₹एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे₹ का उनका उद्घोष आज भी देशवासियों को राष्ट्रहित के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। डॉ. मुखर्जी का बलिदान भारत की एकता और अखंडता का प्रतीक है तथा उनका जीवन प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए प्रेरणास्रोत है।भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता के लिए जो संघर्ष किया, वह भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। उनके विचार और आदर्श आज भी करोड़ों देशवासियों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।युवा नेता सूर्या सोनल सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका जीवन हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश डॉ. मुखर्जी के सपनों के अनुरूप एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में पूर्व जिला महामंत्री संतोष कुमार सिंह, हुसैनाबाद नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, हैदरनगर मंडल अध्यक्ष सुधीर सिंह, शिक्षक रामप्रवेश सिंह, योगेन्द्र कुमार सिंह, भोला सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, संतोष सिंह, पूर्व हुसैनाबाद मंडल अध्यक्ष रामेश्वर राम, कृष्णा सिंह, विनय पासवान, डॉ. अखिलेश मेहता, सुरेंद्र ठाकुर, सतीश मेहता, संतोष पासवान, गुड्डन सिंह, सुनील गुप्ता, रविंद्र कंसाकार, अर्जुन पटेल, विजय गुप्ता, रमेश प्रजापति, चंद्रशेखर सिंह, रवि रंजन सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, विजय राजवंशी, अजय चंद्रवंशी एवं उदय विश्वकर्मा सहित भाजपा की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।जारीकर्ताःभारतीय जनता पार्टी
हुसैनाबाद विधानसभा, पलामू (झारखंड)

# डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 70 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में बलिदान दिवस मनाया

**बलियापुर/ धनबाद।** जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 73 वें बलिदान दिवस के अवसर पर मंगलवार को भाजपा नेत्री तारा देवी एवं धनबाद जिला ग्रामीण मंत्री डॉ निशि महतो के पहाड़पुर स्थित आवास पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं एवं लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने एक देश में दो विधान ,दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे के सिद्धांत को लेकर संघर्ष किया और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। भाजपा नेत्री तारा देवी ने कहा कि डाक्टर मुखर्जी का जीवन देश भक्ति, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। उनके विचार आज भी देशवासियों को प्रेरित करते हैं। वही डॉक्टर निशि महतो ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के लिए समर्पित रहा । उन्होंने देशहित में अपने प्राणों का बलिदान देकर राष्ट्रवाद की अमित मिसाल प्रस्तुत की। उनका बलिदान देशवासियों को सदैव राष्ट्र सेवा और जनकल्याण के लिए प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में भिखराजपुर पंचायत के मुखिया दिलीप महतो, मुक्तेश्वर महतो, मदन महतो,मेघनाथ महतो, अरुण महतो ,रवि महतो सहित बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# महिला संगठन के स्पोर्ट्स प्रोग्राम में शामिल हुई उपासना मरांडी

**पाकुड़िया :-** बीचपहाड़ी पंचायत के सालपानी गाँव मे संथाल गोगो आजीविका महिला ग्राम संगठन सालपानी के तरफ से विभिन्न खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्य उपासना मरांडी ने शिरकत किया। शहीद सिदो-कान्हू और फूलो-झानो जैसे महान क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ खेल कूद प्रीतियोगिता का उद्घाटन किया। स्थानीय महिला समूहों को सशक्त बनाने के लिए कई खेलकूद प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया ।वे महिला समूहों द्वारा आयोजित खेल आयोजनों (जैसे दौड़, रस्साकशी, तीरंदाजी आदि) में शामिल होकर महिला खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें हूल दिवस के ऐतिहासिक संघर्ष से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।उपासना मरांडी ने खेल मे विजय प्रतिभागी के बीच पुरस्कार का वितरण किया और उनका हौसला अफजाई किया । मौके पर अनेक झामुमो कार्यकर्त्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

# उप विकास आयुक्त विस्पुते श्रीकांत यशवंत की अध्यक्षता में आधार नामांकन व अद्यतन एवं आधार सेवाओं की उपलब्धता की गई समीक्षा

**जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति डीएलएमसी की बैठक संपन्न**

**सभी पात्र नागरिकों को सुलभ एवं पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण आधार सेवाएं उपलब्ध कराने पर दिया गया बल**

**झारखंड उजाला ब्यूरो राधेश्याम गोड्डा**



**गोड्डा:**जिले के उपायुक्त के निर्देशानुसार उपविकास आयुक्त विस्पुते श्रीकांत यशवंत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति (डीएलएमसी) की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिले में संचालित आधार नामांकन एवं अद्यतन केंद्रों की कार्यप्रणाली एवं नए आधार नामांकन एवं बच्चों के बायोमेट्रिक अद्यतन एवं लंबित आधार संबंधी मामलों तथा आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही आधार सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक के दौरान उपविकास आयुक्त ने विभिन्न आधार नामांकन एवं अद्यतन केंद्रों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आधार सेवाओं से संबंधित सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित किए जाएं। उन्होंने कहा कि आधार आज विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का एक महत्वपूर्ण आधार बन चुका है, इसलिए आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।उपविकास आयुक्त ने आधार अद्यतन कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने, लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने तथा सभी केंद्रों पर आवश्यक तकनीकी संसाधनों एवं आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से 5 वर्ष एवं 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अद्यतन कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने पर बल दिया।बैठक में सुंदरपहाड़ी एवं बोआरीजोर प्रखंड के अलावा दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों तक आधार सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, आधार केंद्रों पर आने वाले लाभुकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने तथा आधार से संबंधित शिकायतों के त्वरित निवारण की भी समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आधार नामांकन एवं अद्यतन से संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिक समय पर अपनी आधार संबंधी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर सकें।बैठक के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा आधार आधारित सेवाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन 10 सीएससी केन्द्र का निरीक्षण किए जाए।बैठक के दौरान निर्देश दिए गए कि जहां आधार इनरोलमेंट सेंटर सुचारू रूप से नहीं चल रहे हैं उनके जगह पर नए आधार ऑपरेटर को नियुक्त किए जाएं आधार एनरोलमेंट में प्रगति हेतु डीपीओ यूआइडीएआइ को निर्देश दिए गए कि इसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग किए जाएं।बैठक में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी प्रमोद कुमार एवं आधार सेवा प्रदाता एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मोहम्मद हांजेला शेख को झारखंड उच्च न्यायालय से मिली बड़ी राहत, जमानत याचिका हुई मंजूर




**पाकुड़ :** झारखंड उच्च न्यायालय ने मोहम्मद हांजेला शेख की जमानत याचिका को दी मंजूरी।दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने सुनाया फैसला।झारखंड उच्च न्यायालय से मोहम्मद हांजेला शेख को एक बड़ी राहत मिली है। माननीय उच्च न्यायालय ने दोनों पक्षों की लंबी बहस और दलीलों को सुनने के बाद मोहम्मद हांजेला शेख की जमानत याचिका (बैल एप्लीकेशन ) को स्वीकार कर लिया है।अदालत में मोहम्मद हांजेला शेख का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अब्दुल अल्लाम ने मजबूती से रखा।सभी साक्ष्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, झारखंड उच्च न्यायालय ने मोहम्मद हांजेला शेख को जमानत पर रिहा करने का आदेश जारी किया है। उपरोक्त सभी जानकारियां एसडीपीआई के कार्यालय से दी गयी।इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए मोहम्मद हांजेला शेख के परिजनों और कानूनी टीम ने न्यायपालिका के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें देश की कानून व्यवस्था और उच्च न्यायालय पर पूरा भरोसा था और इस फैसले से न्याय की जीत हुई है। विरोधियों की साजिश नाकाम।मालूम हो कि हंजला शेख 16/06/2026 से जेल में बंद है

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागों को दिए समन्वित एवं त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन का एक्शन प्लान तैयार**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़ :** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति, दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) पर सुरक्षा उपायों की प्रगति, सड़क सुरक्षा से संबंधित पूर्व निदेशों के अनुपालन तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि मई माह में जिले में कुल 09 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 07 लोगों की मृत्यु हुई तथा 04 लोग घायल हुए। वहीं जनवरी से मई 2026 तक कुल 34 सड़क दुर्घटनाओं में 27 लोगों की मृत्यु तथा 17 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इन आंकड़ों पर उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी संबंधित विभागों को संवेदनशीलता, जवाबदेही एवं समन्वय के साथ कार्य करना होगा। ब्लैक स्पॉट पर प्राथमिकता के आधार पर होंगे सुरक्षा उपायः- डीसीउपायुक्त ने जिले के चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों को ऐसे स्थानों की पहचान करने को कहा, जहां अंधे मोड़, कम दृश्यता अथवा दुर्घटना की संभावना अधिक रहती है। ऐसे स्थानों पर सोलर ब्लिंकर, स्ट्रीट लाइट, रोड सिगनेज, कॉन्वेक्स मिरर तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

**स्कूल बसों की होगी विशेष जांच, विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता**

उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले के सभी विद्यालयों से समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करें कि स्कूल बसों एवं विद्यार्थियों के परिवहन में उपयोग होने वाले सभी वाहनों के दस्तावेज अद्यतन एवं वैध हों। मोटरयान निरीक्षक को सभी स्कूल बसों एवं संबंधित वाहनों का भौतिक निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की जांच करने का निर्देश दिया गया।

**बरसात से पहले सड़क मरम्मत और सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश**

आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागों को सड़कों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए तथा निर्माण के बाद भी नियमित रखरखाव एवं सुरक्षा उपायों की निगरानी सुनिश्चित की जाए।

**सड़क किनारे निर्माण सामग्री रखने वालों पर होगी कार्रवाई**

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सड़क किनारे बालू, गिट्टी, ईंट अथवा अन्य निर्माण सामग्री का अवैध भंडारण किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। यदि कोई व्यक्ति सड़क किनारे ऐसी सामग्री रखकर दुर्घटना की आशंका उत्पन्न करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर बढ़ेंगे सुरक्षा इंतजाम**

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य मार्गों पर सड़क सुरक्षा संकेतक, चेतावनी बोर्ड, रंबल स्ट्रिप, रिफ्लेक्टिव टेप, ब्लिंकर लाइट एवं स्ट्रीट लाइट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिन स्थानों पर बार-बार दुर्घटनाएं हो रही हैं, वहां विशेष सुरक्षा उपाय अपनाने एवं नियमित निरीक्षण करने पर बल दिया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि पिछले छह महीनों में जहां-जहां सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, उन सभी स्थलों का पुनः भौतिक सत्यापन कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण कर स्थायी समाधान विकसित किया जाए।

**यातायात नियमों के उल्लंघन पर होगी और सख्त कार्रवाई**

बैठक में बताया गया कि जिले में नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है तथा बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन, शराब पीकर वाहन चलाने एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा दुर्घटना संभावित स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए।

**जागरूकता ही दुर्घटना नियंत्रण का सबसे प्रभावी माध्यम**

उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायतों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए केवल दंडात्मक कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि जन-जागरूकता, बेहतर सड़क अवसंरचना एवं विभागों के बीच प्रभावी समन्वय भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागों को बैठक में लिए गए निर्णयों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करते हुए नियमित प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पाकुड़ एवं महेशपुर, सभी अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, पथ निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, मोटरयान निरीक्षक तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## धनबाद मंडल में चलाया गया मेगा टिकट चेकिंग अभियान

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**धनबाद।**धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है` इसी क्रम में आज दिनांक 23.06.26 को धनबाद मंडल में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया` यह टिकट चेकिंग अभियान सुनियोजित कार्यक्रम के तहत दिन-रात चलाया गया` इस जांच अभियान के परिणामस्वरूप 663 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे` इस दौरान उनसे 6,32,595 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई तथा पकड़ें गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई` चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया` धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच किया जा रहा है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगा` टिकट जांच अभियान के दौरान स्टेशनों के अनारक्षित टिकट काउंटर पर यात्रियों की काफी भीड़ देखी गई ` धनबाद मंडल, पूर्व मध्य रेल यात्रियों को उचित टिकट के साथ प्लेटफार्म में प्रवेश करने की सलाह देता है तथा यात्रियों के पास जिस श्रेणी का टिकट है उसी श्रेणी में यात्रा करने का अनुरोध करता है`

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान राष्ट्रवाद की अमिट प्रेरणा : मनोज मिश्रा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




सिंदरी/ धनबाद।भारतीय जनता पार्टी के शहरपुरा कार्यालय में मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए दिए गए उनके सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी चिंतन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद तथा अखंड भारत के प्रति उनके संकल्प पर विस्तार से प्रकाश डाला। धनबाद जिला ग्रामीण भाजपा के निवर्तमान जिला महामंत्री श्री मनोज मिश्रा ने कहा कि ₹डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान भारतीय राष्ट्रवाद की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आज प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि उनके विचारों एवं राष्ट्र प्रथम की भावना को जन-जन तक पहुँचाकर सशक्त, समृद्ध और अखंड भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए।पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री विजय सिंह ने कहा कि ₹डॉ. मुखर्जी का जीवन त्याग, राष्ट्रभक्ति और अदम्य साहस का प्रतीक है कहा। कार्यक्रम में निवर्तमान जिला महामंत्री मनोज मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष विजय सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री रवि कुमार, युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी श्री राजेश चौधरी, श्री सूरज सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने, संगठन को सशक्त बनाने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सेवा कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प लिया।

## उपायुक्त ने जन समाधान दिवस में सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित एवं समयबद्ध समाधान के दिए निर्देश



**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जन समाधान दिवस के अवसर पर उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज ने जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों पर त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।जन समाधान दिवस के दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से ऑनलाइन भूमि कर जमा करने में हो रही कठिनाइयों, भूमि लॉक संबंधी मामलों, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्त प्राप्त नहीं होने, पुनर्वास एवं रोजगार से जुड़ी समस्याएं प्राप्त हुईं।उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी मामलों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन की नियमानुसार जांच कर त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उपायुक्त ने कहा कि जन समाधान दिवस प्रशासन और आमजन के बीच संवाद, विश्वास एवं जवाबदेही को सशक्त बनाने का एक प्रभावी मंच है। इसके माध्यम से नागरिक अपनी समस्याओं को सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं तथा उनके समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय- सीमा के भीतर गंभीरता, संवेदनशीलता एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े तथा उन्हें सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक आवेदन पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

# अनुकंपा नियुक्ति से तीन परिवारों को मिली नई उम्मीद, उपायुक्त ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का दिया संदेश**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज ने अनुकंपा नियुक्ति समिति की अनुशंसा के आधार पर मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। यह नियुक्तियां अनुकंपा समिति द्वारा दिनांक 30 मई 2026 को की गई अनुशंसा के आलोक में प्रदान की गईं।इस अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने तीन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समाहरणालय, पाकुड़ में अल्फ्रेड सोरेन को निम्नवर्गीय लिपिक, शिक्षा विभाग में जीशान अहमद को लिपिक तथा समाहरणालय, पाकुड़ में सालफि आलम को अनुसेवक पद पर नियुक्त किया गया।नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों से गुजर रहे परिवारों को संबल प्रदान करने की एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है। उन्होंने नव नियुक्त कर्मियों को ईमानदारी, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी सेवा समाज एवं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सभी नव नियुक्त कर्मियों से अपेक्षा व्यक्त किया कि वे अपने कार्यों के माध्यम से विभाग एवं जिला प्रशासन की गरिमा को और अधिक सुदृढ़ करेंगे।

## मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता हेतु शपथ ग्रहण एवं रैली का आयोजन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**झरिया /धनबाद।**सरकार के निदेशों के आलोक में मादक पदार्थों के सेवन एवं उसके दुष्प्रभावों के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से धनबाद नगर निगम, झरिया अंचल द्वारा चिल्ड्रन पार्क, झरिया में एक शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मियों एवं आमजन ने नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक शपथ ली तथा मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। इसके उपरांत आयोजित जागरूकता रैली के माध्यम से आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा उन्हें नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज एवं राष्ट्र के विकास में भी बाधक बनता है। तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्ति अभियान से जोड़ने का प्रयास करे। धनबाद नगर निगम द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने परिवार, समाज एवं देश को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से मुक्त बनाने में सहयोग करें।इस कार्यक्रम में नगर प्रबंधक विश्वनाथ भगत फूड इंस्पेक्टर करण कुमार, पूनम ज्योति, गार्डन अधीक्षक मनीषा कुमारी पर्यवेक्षक अमित, रणजीत, सागर, मनोज, सुनील एवं निगम के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने दिए स्पष्ट निर्देश, लापरवाही पर नहीं होगी कोई रियायत




**पाकुड़ :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, माइनिंग इंस्पेक्टर, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध संचालित अभियानों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि मई से जून माह के दौरान अवैध खनन से जुड़े 09 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले को 2650.42 करोड़ रुपये के राजस्व संग्रह का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके विरुद्ध अब तक 485.05 करोड़ रुपये की वसूली कर 18.30 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा चुका है।उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी अंचलाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को मेजर एवं माइनरल्स से संबंधित नियमों का गहन अध्ययन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पाकुड़ एक अंतर्राज्यीय सीमा से जुड़ा जिला है, इसलिए वाहनों एवं चालानों की नियमित एवं सघन जांच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा अवैध खनन की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने, नियमित निगरानी रखने तथा प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निदेशों एवं नियमों का 15 अक्टूबर तक अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा।पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि सभी अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी रात्रिकालीन औचक निरीक्षण को नियमित रूप से संचालित करें तथा अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पूरी सतर्कता, समन्वय एवं सक्रियता के साथ अभियान जारी रखने का निर्देश दिया।

# सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो और भाकपा माले के हुड़का जाम के आगे झुका डीवीसी प्रबंधन, बिजली कटौती रोकने पर बनी सहमति

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**सिंदरी/धनबाद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन (भाकपा माले) सिंदरी नगर कमेटी एवं बलियापुर कमेटी के द्वारा पाथर्डीह स्थित 132 ङश डीवीसी ग्रिड सब-स्टेशन पर आयोजित एकदिवसीय हुड़का जाम और धरना प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा। स्थानीय लोकप्रिय विधायक चंद्रदेव महतो एवं भाकपा माले के नेतृत्व में जुटे हजारों ग्रामीणों के भारी आक्रोश के आगे आखिरकार डीवीसी प्रबंधन को झुकना पड़ा।विधायक और पार्टी के नेतृत्व में उमड़ा जनसैलाब डीवीसी प्रबंधन की मनमानी और अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ पार्टी के आह्वान पर मंगलवार को हजारों की संख्या में वामपंथी कार्यकर्ता, कॉम साथी और आम ग्रामीण सब-स्टेशन पर एकत्रित हुए। आंदोलनकारियों के भारी हुजूम और जोरदार नारेबाजी को देखकर प्रबंधन में हड़कंप मच गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डीवीसी प्रबंधन ने तत्काल सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो से हस्तक्षेप करने और वार्ता की मेज पर आने का आग्रह किया।त्रिपक्षीय वार्ता सफल, प्रबंधन ने लिखित में मानी मांगें विधायक चंद्रदेव महतो के नेतृत्व में डीवीसी प्रबंधन व स्थानीय प्रशासन के साथ वार्ता करने गए मुख्य प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से भाकपा माले के नगर सचिव राजीव मुखर्जी, विधायक प्रतिनिधि देवाशीष पांडे, विधायक प्रतिनिधि सह मीडिया प्रभारी शीतल दत्ता, विधायक प्रतिनिधि हीरालाल मोदक, मुखिया प्रतिनिधि सुनील महतो, प्रमुख प्रतिनिधि विजय रजक, मुखिया राजाराम रजक, जीतू सिंह विमल रवानी ,सहदेव सिंह, अमर सिंह शामिल थे।स्थानीय प्रशासन की ओर से पुलिस अधिकारी शंभुनाथ सिंह और डीवीसी के मुख्य प्रबंधक अमित चौधरी की मौजूदगी में हुई यह त्रिपक्षीय वार्ता पूरी तरह सफल रही। भाकपा माले के सिंदरी नगर सचिव राजीव मुखर्जी द्वारा सौंपे गए आधिकारिक पत्र पर प्रबंधन ने 'रिसीवड' की मुहर लगाकर सभी मांगों पर शत-प्रतिशत अमल करने का लिखित भरोसा दिया।इन प्रमुख बिंदुओं पर बनी शत-प्रतिशत सहमतिःबिजली कटौती पर तत्काल रोकः जनहित की समस्याओं को देखते हुए आगामी दो महीने (17 सितंबर तक) मेंटेनेंस के नाम पर होने वाली हर तरह की बिजली कटौती पूर्ण रूप से बंद रहेगी।लिखित आश्वासनः बिजली से जुड़े सभी विभिन्न मुद्दों और स्थानीय समस्याओं के समाधान पर डीवीसी प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करने का वादा किया है।आंदोलन को सफल बनाने में इनकी रही मुख्य भूमिकाःइस विशाल आंदोलन और हुड़का जाम को जमीन पर सफल बनाने में मुख्य रूप से मंगल महतो, विमल रवानी, बिरिंची महतो, शुभम सिंह, कृष्णा दान, दिलीप विश्वकर्मा, बबलू महतो, राजाराम रवानी, आमोद बावरी, राजू रजक, हारू बावरी, राकेश रवानी, गोपाल महतो, सुभाष हांसदा, राजू पांडे, काशी मण्डल, दशरथ ठाकुर, राजू बावरी, ओमप्रकाश रवानी, विजय राम, कली ठाकुर, छोटन चटर्जी, दीपक महतो, प्रकाश मंडल, मनोज कुमार, रघु यादव, मनोज रवानी, बिसू बावरी, महादेव बावरी, रविंद्र महतो, सत्येंद्र महतो, बापू महतो और शिवा महतो , रोहित महतो सहित हजारों कार्यकताओं ने सक्रिय योगदान दिया।विधायक चंद्रदेव महतो और भाकपा माले सिंदरी कमेटी ने इस ऐतिहासिक जीत को क्षेत्र की जनता की एकजुटता की जीत बताया है और सभी आंदोलनकारियों का आभार व्यक्त किया है।

# खाड़ी में मोदी ने पलटा खेल! सऊदी ने पाक से बढ़ाए रक्षा संबंध तो जवाब में यूएई भारत से करेगा बड़ी रक्षा सौदा’



गुंजन सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच चल रही यह बातचीत उस समय सामने आई है जब सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत हुआ है। दोनों देशों के बीच ऐसे समझौते हुए हैं जिनमें सुरक्षा सहयोग और सैन्य प्रतिक्रिया का पहलू भी शामिल है। पश्चिम एशिया की बदलती शक्ति राजनीति के बीच भारत के लिए एक जबरदस्त रणनीतिक अवसर उभरता दिखाई दे रहा है। संयुक्त अरब अमीरात अब भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और आकाशतीर वायु रक्षा प्रणाली खरीदने पर गंभीर बातचीत कर रहा है। यह खाड़ी क्षेत्र की बदलती सामरिक दिशा का खुला संकेत है। देखा जाये तो यह वही क्षेत्र है जहां पाकिस्तान दशकों तक इस्लामी सैन्य एकजुटता के नाम पर अपना प्रभाव जमाने की कोशिश करता रहा, लेकिन अब हालात तेजी से बदल रहे हैं।

भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच चल रही यह बातचीत उस समय सामने आई है जब सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत हुआ है। दोनों देशों के बीच ऐसे समझौते हुए हैं जिनमें सुरक्षा सहयोग और सैन्य प्रतिक्रिया का पहलू भी शामिल है। ऐसे में सऊदी अरब के पड़ोसी संयुक्त अरब अमीरात का भारत की सबसे घातक और चर्चित मिसाइल प्रणाली में रुचि दिखाना केवल व्यापारिक फैसला नहीं माना जा सकता। इसके पीछे पश्चिम एशिया की गहरी शक्ति प्रतिस्पर्धा और पाकिस्तान को लेकर बदलती सोच साफ दिखाई देती है। हम आपको बता दें कि ब्रह्मोस दुनिया की सबसे तेज परिचालन सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल मानी जाती है। इसे जमीन, समुद्र और हवा तीनों माध्यमों से दागा जा सकता है। भारत और रूस ने मिलकर इसे विकसित किया है। फिलीपींस, वियतनाम और इंडोनेशिया के बाद यदि संयुक्त अरब अमीरात इसे खरीदता है तो यह भारत के रक्षा निर्यात इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में शामिल होगा। इससे भारत केवल हथियार बेचने वाला देश नहीं बल्कि वैश्विक सामरिक संतुलन बनाने वाला शक्ति केंद्र बनकर उभरेगा।



आकाशतीर प्रणाली की चर्चा भी बेहद महत्वपूर्ण है। यह भारत की स्वदेशी स्वचालित वायु रक्षा नियंत्रण प्रणाली है, जिसे भारतीय सेना और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने विकसित किया है। हाल के संघर्षों में ड्रोन और मिसाइल हमलों ने जिस तरह युद्ध की तस्वीर बदल दी है, उसके बाद खाड़ी देश अपनी वायु सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क हो गए हैं। ईरान, इजराइल और क्षेत्रीय संघर्षों के कारण पूरा पश्चिम एशिया अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। ऐसे माहौल में संयुक्त अरब अमीरात ऐसी रक्षा प्रणाली चाहता है जो तेज, सटीक और बहुस्तरीय सुरक्षा दे सके। सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि संयुक्त अरब अमीरात अब केवल अमेरिका या पश्चिमी देशों पर निर्भर नहीं रहना चाहता। वह अपने रक्षा आपूर्तिकताओं का दायरा बढ़ा रहा है ताकि किसी एक शक्ति के दबाव में न आना पड़े। भारत उसके लिए आदर्श विकल्प बनकर उभरा है क्योंकि भारत तकनीकी रूप से सक्षम है, तेजी से उभरती सैन्य शक्ति है और पश्चिम के साथ भी उसके अच्छे संबंध हैं।

यहीं पर पाकिस्तान की बेचैनी शुरू होती है। दशकों तक पाकिस्तान खाड़ी देशों के लिए सैन्य सहयोगी बना रहा। पाकिस्तानी सेना ने सऊदी अरब और खाड़ी देशों में प्रशिक्षण से लेकर सुरक्षा तक में भूमिका निभाई। लेकिन अब वही खाड़ी देश भारत की सैन्य तकनीक पर भरोसा दिखा रहे हैं। यह पाकिस्तान की रणनीतिक हार है। देखा जाये तो संयुक्त अरब अमीरात के पाकिस्तान से दूर जाने के पीछे केवल सामरिक कारण नहीं हैं, बल्कि भरोसे का संकट भी है। पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली, कट्टरपंथी संगठनों को लेकर उसकी खराब छवि, आतंकवाद को लगातार समर्थन और राजनीतिक अस्थिरता ने खाड़ी देशों का विश्वास कमजोर किया है। संयुक्त अरब अमीरात को यह समझ आ गया है कि पाकिस्तान भरोसेमंद साझेदार नहीं रह गया, जबकि भारत एक स्थिर, मजबूत और तेजी से उभरती वैश्विक शक्ति बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान के बीच बनी व्यक्तिगत केमिस्ट्री ने दोनों देशों के रिश्तों को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। मोदी के कार्यकाल में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के संबंध केवल व्यापार तक सीमित नहीं रहे, बल्कि रक्षा, ऊर्जा, निवेश, आतंकवाद विरोधी सहयोग और समुद्री सुरक्षा तक फैल गए। यही वजह है कि आज अबू धाबी को भारत केवल हथियार बेचने वाला देश नहीं, बल्कि ऐसा रणनीतिक साथी नजर आ रहा है जो संकट की घड़ी में मजबूती से साथ खड़ा रह सकता है।

इसके अलावा, विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के रिश्तों में हाल के वर्षों में तनाव बढ़ा है। तेल उत्पादन, यमन नीति, क्षेत्रीय नेतृत्व और आर्थिक प्रतिस्पर्धा जैसे कई मुद्दों पर दोनों देशों के बीच मतभेद सामने आए हैं। ऐसे में यदि सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ गहरे रक्षा संबंध बना रहा है तो संयुक्त अरब अमीरात का भारत की ओर झुकाव एक संतुलनकारी रणनीति के रूप में देखा जा सकता है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अब खाड़ी की राजनीति दो अलग ध्रुवों की तरफ बढ़ रही है। एक तरफ सऊदी अरब और पाकिस्तान का पारंपरिक सामरिक समीकरण है, तो दूसरी तरफ संयुक्त अरब अमीरात भारत के साथ नई रणनीतिक धुरी बनाता दिख रहा है। भारत के लिए यह स्थिति बेहद लाभकारी है क्योंकि इससे उसे पश्चिम एशिया में अभूतपूर्व सामरिक पहुंच मिल सकती है।

भारत के लिए एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पिछले वर्ष पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान ब्रह्मोस के प्रभावी उपयोग ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। इसके बाद कई देशों ने इस मिसाइल में रुचि दिखाई। थाईलैंड, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और चिली जैसे देश भी इसे खरीदने की इच्छा जता चुके हैं। यानी भारत अब केवल हथियार आयात करने वाला देश नहीं रहा, बल्कि वैश्विक रक्षा बाजार का निर्णायक खिलाड़ी बन चुका है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि मार्च 2026 में समाप्त वित्तीय वर्ष में भारत का रक्षा निर्यात चार अरब डॉलर के पार पहुंच गया, जबकि 2013-14 में यह केवल 7.26 करोड़ डॉलर था। यह उछाल बताता है कि भारत की रक्षा तकनीक अब विश्व स्तर पर भरोसेमंद मानी जा रही है। बहरहाल, यदि संयुक्त अरब अमीरात के साथ यह समझौता अंतिम रूप लेता है तो इसके कई दूरगामी परिणाम होंगे। एक तो इससे भारत की सामरिक साख अभूतपूर्व स्तर पर पहुंचेगी। साथ ही पाकिस्तान को यह स्पष्ट संदेश जाएगा कि खाड़ी में उसका एकाधिकार खत्म हो चुका है। इसके अलावा, पश्चिम एशिया में भारत की सैन्य और कूटनीतिक मौजूदगी और मजबूत होगी।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के चलते आय में बढ़ोतरी होगी और आर्थिक स्थिति सुधरेगी। घर-परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। परिवार में मांगलिक कार्य हो सकते हैं, जिसमें धन खर्च की संभावना रहेगी। दाम्पत्य जीवन में तनाव की स्थिति रहेगी। आध्यात्मिक क्षेत्र में रुचि बढ़ेगी। क्रोध की अधिकता रहने से विवाद होने की संभावना रहेगी। आध्यात्मिकता का आश्रय लेने से मन शांत होगा।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन लाभप्रद रहेगा। कारोबार में धनलाभ रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। सभी कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सामाजिक क्षेत्र में अधिक सक्रिय रहने से मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। धन व्यय अधिक न हो, इसका ध्यान रखें। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा परिवार में वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि की संभावना है। बुजुर्गों के आशीर्वाद से सभी कार्य सफल होंगे। व्यापार में विस्तार की योजनाएं बनाएंगे। उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। बेरोजगारों को रोजगार मिलने की संभावना रहेगी। अटका हुआ धन वापस मिल सकता है। कार्यभार की अधिकता से थकान महसूस करेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें। अधिक धन व्यय होने की संभावना रहेगी।

**कर्क राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और कार्यक्षेत्र में लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में भाइयों से भरपूर सहयोग मिलेगा और जीवन में सफलता के नये मार्ग खुलेंगे। गृहस्थ जीवन में आनंदपूर्ण वातावरण रहेगा। किसी धार्मिक या मांगलिक प्रसंग में शामिल हो सकते हैं। समाज में सम्मान और प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी। अपने साथियों से धोखा मिलने की संभावना रहेगी।

**सिंह राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में निवेश के नए मौके मिलेंगे, लेकिन कोई भी फैसला लेने से पहले अच्छी से सोच-विचार कर लें। निवेश से लाभ प्राप्त होगा। नये कार्य शुरू करने से बचें। क्रोध पर नियंत्रण रखें, अन्यता विवाद में फंस सकते हैं। कार्यभार अधिक रहने से शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। व्यावसायिक क्षेत्र में विघ्न आ सकते हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से सभी कार्य सफल होंगे।

**कन्या राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। धन हानि के योग रहेंगे। कारोबार में लाभ मिलेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने से आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। मित्रों-परिजनों के साथ पर्यटन का आयोजन होगा। अच्छे खान-पान और अच्छे वस्त्र उपलब्ध होंगे। लंबे समय से बन रही योजना सफल हो सकती है। समाजिक कार्यों में रुचि लेंगे। धार्मिक आयोजन में शामिल हो सकते हैं। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा।

**तुला राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। कुछ लाभ के सौदे हो सकते हैं। भाइयों के माध्यम से कार्यों में सफलता मिलेगी। मकान-जमीन के कार्य संपन्न होंगे। साझेदारों से भी लाभ होगा। व्यावसायिक स्थल और परिवार का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। परिवार में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगा।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। व्यवसाय से लाभ होने की संभावना है। कारोबार अच्छा रहेगा। नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। अध्ययन अध्यापन के क्षेत्र में उन्नती होगी। परिश्रम से किये गये कार्य में सफलता मिलेगी। आकस्मिक धन प्राप्ति होने की संभावना रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें। परिवार में आनंद और उल्लासमय वातावरण रहेगा।

**धनु राशि :-** आज का दिन शुभफलदायी रहेगा। व्यवसाय में अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। कार्य विस्तार की योजनाएं सफल होंगी। आय में बढ़ोतरी होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। नए लोगों से मुलाकात फायदेमंद रहेगी। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। कार्यभार की अधिकता से शारीरिक स्फूर्ति तथा मानसिक उल्लास में कमी आ सकती है। स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकेंगे और नए वस्त्रों की खरीदारी भी करेंगे। वाहन सुख मिल सकता है।

**मकर राशि :-** नए कार्य का शुभारंभ करने के लिए आज का दिन अच्छा है। कारोबार में लाभ होगा। बुजुर्गों की सलाह लेकर किया गया निवेश भी फायदेमंद रहेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगा। किसी प्रिय व्यक्ति से भेंट हो सकती है। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। शारीरिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव हो सकता है।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। निर्धारित कार्य संपन्न नहीं होने से हताशा का अनुभव हो सकता है। किसी भी महत्वपूर्ण कार्य अथवा उसके विषय में निर्णय नहीं लेना ही ठीक रहेगा। समाजिक कार्यों में में दिन बिताना उचित होगा। परिजनों के साथ भी समय बिता सकते हैं। आध्यात्मिकता की ओर रुझान रहेगा। पैतृक संपत्ति से लाभ मिलने के योग हैं। क्रोध की अधिकता रहेगी, जिससे कलह होने की संभावना भी रहेगी।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। काफी समय से रुकी योजनाएं शुरू होने की संभावना है। कारोबार में लाभ मिलेगा। कार्यसिद्धि और लक्ष्मी दोनों की प्राप्ति हो सकती है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित रहेंगे, इसलिए प्रत्येक कार्य करने में आप को उत्साह रहेगा। घर में तथा व्यावसायिक स्थल पर कार्यभार रहेगा। अधिक खर्च हो सकता है। क्रोध पर नियंत्रण और स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## केके के बहाने एक विमर्श

कृष्ण कुमार कुन्नथ उर्फ केके सुपर स्टार नहीं थे, पर अपनी गहरी आवाज और तराशे गए हुनर के चलते उन्होंने खासी लोकप्रियता अर्जित कर ली थी। कोलकाता में एक प्रस्तुति के तत्काल बाद उनकी मौत ने उनके प्रशंसकों को स्तब्ध कर दिया है। इसके साथ ही प्याली का वह पुराना तूफान उमड़-घुमड़ पड़ा है, जो हर नामचीन शख्सियत की अकाल अथवा अस्वाभाविक मृत्यु पर लोगों की संवेदनाएं झकझोरने लगता है। मैं केके के साथ उन तमाम लोगों की चर्चा करना चाहता हूं, जो शो बिजनेस में हैं। राजकपूर की अति महत्वाकांक्षी फिल्म मेरा नाम जोकर याद कीजिए। उसमें धर्मेंद्र ने अपने खास अंदाज में अंग्रेजी का मशहूर मुहावरा बोला था- ह्यशो मस्ट गो ऑनह्ल, यानी तमाशा जारी रहना चाहिए। यकीनन, किसी सयाने ने पेशेवर लोगों की जिंदगी को परखने के बाद इसे गढ़ा होगा। इसी मानसिकता के चलते उन्हें जाती जिंदगी में तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ता है। भीषण भौतिकता के इस दौर में जब तनाव को नाम और दाम कमाने की अनिवार्य शर्त मान लिया गया हो, तब ऐसे हादसे अनिवार्य हो जाते हैं। केके से पहले अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला और कन्नड़ फिल्मों के स्टार पुनीत राजकुमार अकाल मृत्यु को प्राप्त हो गए थे। स्टारडम की कीमत इन सितारों को जान देकर चुकानी पड़ी।

जान लें। हर समय प्रतिस्पर्द्धा में बने रहने के लिए महज रियाज या होमवर्क काफी नहीं है। ह्यशो बिजनेसह्ल से जुडे. लोगों को हर हाल में खुद को चुस्त-दुरुस्त दिखाना होता है। उन्हें इससे फर्क नहीं पड़ता कि उनका जिस्म इसके लिए कितना अत्याचार झेलता है। एक दिवंगत बॉलीवुड हीरोइन ने अपनी पुरानी सूरत को कायम रखने के लिए इतनी बार प्लास्टिक सर्जरी कराई कि वह रोते वक्त भी मुस्कराती प्रतीत होतीं। उनकी मौत आज तक रहस्य के परदे में है। मशहूर कन्नड़ टीवी अभिनेत्री चेतना राज तो इस सर्जरी के कारण भरी जवानी में ही जान गंवा बैठीं। ध्यान रहे, केके और उनकी पीढ़ी के तमाम गायक मंच पर सिर्फ गाना नहीं गाते। दर्शकों को मनोरंजक तरीके से बांधे रखने के लिए उन्हें तमाम करतब करने पड़ते हैं। माइकल जैक्सन ने इस विधा को जन्म दिया था। उनसे प्रेरणा लेने वाले माइकल के दर्दनाक देहांत को क्यों भूल जाते हैं? बार-बार की प्लास्टिक सर्जरी और चुस्त-दुरुस्त रहने के तमाम उपायों और उपादानों ने उनकी जान ले ली। हालांकि, जान-बूझकर जान गंवाने वालों की सूची माइकल से नहीं शुरू होती, यह सिलसिला पुराना है। 1970 के दशक से आज तक अपने मार्शल आर्ट और शरीर सौष्ठव के लिए आदर्श माने जाने वाले ब्रूस ली की मौत भी भरी जवानी में हुई थी। रहस्य के कुहासे में लिपटी उस अकाल मौत की एक वजह अत्यधिक दबाव बताया जाता है। सफलता की लत ने ली को देह के रखरखाव के प्रति जुनूनी बना दिया था। वह वक्त-बेवक्त कसरत अथवा मार्शल आर्ट का अभ्यास करते रहते। कहते हैं, इसी दौरान वह दिमाग की नस फटने से ऐसे गिरे कि फिर उठ न सके। कभी यू-ट्यूब के खजाने में पंडित भीमसेन जोशी, रवि शंकर अथवा ऐसे अन्य किसी कलाकार को मंच पर प्रस्तुति देते हुए देखिए। ऐसा लगता है, जैसे उनके आभामंडल से कला की शांत सदानीरा निकलकर चारों ओर पसर चली है। कोई शोर-शराबा नहीं, कोई दावा नहीं, कोई वायदा नहीं, पर जिसने भी इन्हें रूबरू गाते-बजाते सुना, वह मुग्ध हुए बिना नहीं रह सका।

## युद्धविराम से आगे: क्या विश्व अहिंसा की ओर बढ़ेगा?

इजरायल के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से असहज है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू लंबे समय से ईरान की परमाणु और मिसाइल क्षमताओं को अपने देश के अस्तित्व के लिए खतरा बताते रहे हैं। इजरायल को आशा थी कि युद्ध के माध्यम से ईरान की सामरिक क्षमता को निर्णायक रूप से कमजोर किया जाएगा। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच हाल ही में हुआ युद्धविराम ऐसे समय में सामने आया है, जब पश्चिम एशिया युद्ध की लपटों में घिरकर वैश्विक स्थिरता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका था। कई सप्ताह तक चले संघर्ष ने क्षेत्र को ऐसे ज्वालामुखी में बदल दिया था, जिसकी प्रत्येक विस्फोटक घटना विश्व अर्थव्यवस्था को झकझोर रही थी। तेल बाजारों में भारी उथल-पुथल थी, निवेशकों में घबराहट बढ़ रही थी और वैश्विक मंदी की आशंकाएं गहराने लगी थीं। ऐसे में युद्धविराम ने विश्व को तत्काल राहत तो दी है, लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या यह समझौता स्थायी शांति की नींव बनेगा या केवल अगले युद्ध से पहले का एक अस्थायी विराम सिद्ध होगा? इतिहास साक्षी है कि युद्धविराम और शांति समझौते तभी टिकाऊ सिद्ध होते हैं, जब उनके पीछे केवल सामरिक विवशता नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, पारस्परिक विश्वास और मानवता के प्रति प्रतिबद्धता भी हो। अन्यथा वे केवल संघर्षों के बीच का अंतराल बनकर रह जाते हैं। पश्चिम एशिया का इतिहास ऐसे असंख्य समझौतों का गवाह है, जो कागजों पर तो बने, लेकिन जमीन पर टिक नहीं सके।

इस युद्ध के परिणामों का विश्लेषण किया जाए तो सबसे बड़ा लाभार्थी ईरान दिखाई देता है। अमेरिका और इजरायल के सैन्य दबाव, आर्थिक प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय अलगाव के बावजूद तेहरान न केवल अपने राजनीतिक ढांचे को बचाने में सफल रहा, बल्कि उसने अपने विरोधियों को वार्ता की मेज पर आने के लिए भी बाध्य किया। ईरान अब अपने नागरिकों के समक्ष यह दावा कर सकता है कि उसने दुनिया की सबसे शक्तिशाली सैन्य ताकतों के सामने घुटने नहीं टेके। ईरानी नेतृत्व इसे प्रतिरोध की जीत के रूप में प्रस्तुत करेगा। दूसरी ओर इस संघर्ष ने अमेरिका की अजेयता की छवि को भी चुनौती दी है। वियतनाम, इराक और अफगानिस्तान के बाद यह एक और अवसर है, जिसने यह स्पष्ट किया कि केवल सैन्य शक्ति राजनीतिक परिणाम सुनिश्चित नहीं कर सकती। वाशिंगटन ने दबाव बनाया, अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः उसे वार्ता और समझौते का रास्ता अपनाना पड़ा। इससे यह संदेश गया है कि इक्कीसवीं सदी की दुनिया अब केवल शक्ति संतुलन से नहीं, बल्कि संवाद, कूटनीति और बहुपक्षीय सहयोग से संचालित होगी।

इजरायल के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से असहज है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू लंबे समय से ईरान की परमाणु और मिसाइल क्षमताओं को अपने देश के अस्तित्व के लिए खतरा बताते रहे हैं। इजरायल को



आशा थी कि युद्ध के माध्यम से ईरान की सामरिक क्षमता को निर्णायक रूप से कमजोर किया जाएगा। किंतु युद्धविराम के बाद ईरान स्वयं को विजेता के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। इससे इजरायल के भीतर यह बहस और तीव्र हो सकती है कि क्या क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं की तुलना में महाशक्तियों ने अपने सामरिक हितों को अधिक महत्व दिया। भारत के लिए यह समझौता विशेष महत्व रखता है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए पश्चिम एशिया पर अत्यधिक निर्भर है। युद्ध की स्थिति में तेल आपूर्ति बाधित होने, समुद्री व्यापार मार्गों पर संकट उत्पन्न होने और कीमतों में वृद्धि की आशंका ने भारत की चिंता बढ़ा दी थी। युद्धविराम से तेल कीमतों पर दबाव कम होगा, महंगाई नियंत्रित रहेगी और खाड़ी देशों में कार्यरत लाखों भारतीयों की सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी घटेंगी। लेकिन भारत का महत्व केवल एक उपभोक्ता राष्ट्र के रूप में नहीं है, वह आज वैश्विक शांति के एक नैतिक प्रवक्ता के रूप में भी उभर रहा है।

दरअसल, यह युद्ध एक बड़े प्रश्न को जन्म देता है- क्या मानव सभ्यता युद्धों के सहारे अपने भविष्य का निर्माण कर सकती है? आज महाशक्तियों ने ऐसी विनाशकारी सैन्य क्षमता अर्जित कर ली है कि किसी भी देश की एक छोटी-सी भूल संपूर्ण मानवता को विनाश की ओर धकेल सकती है। परमाणु हथियारों, जैविक अस्त्रों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित युद्ध प्रणालियों के युग में युद्ध अब केवल सीमाओं का प्रश्न नहीं रह गया है, वह समूची मानव सभ्यता के अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। यही कारण है कि आज दुनिया को शक्ति की नहीं, शांति की राजनीति की आवश्यकता है। हिंसा, युद्ध, आतंकवाद और शस्त्रीकरण की प्रतिस्पर्धा ने मानवता को भय, अविश्वास और असुरक्षा के गर्त में धकेल दिया है। यदि विश्व को बचाना है, तो उसे निःशस्त्रीकरण, अहिंसा, सह-अस्तित्व और संवाद की दिशा में आगे बढ़ना ही होगा। इस संदर्भ में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण बन जाती है। भारत ने सदैव विश्व को शांति, करुणा और अहिंसा का संदेश दिया है। महात्मा गांधी ने कहा था, ह्यआंख के बदले आंख पूरे विश्व को अंधा बना देगी।ह्ल आज यह कथन पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठा है। भारत की सांस्कृतिक चेतना ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्ल के सिद्धांत पर आधारित रही है, जो सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार मानती है। यही कारण है कि भारत ने सदैव युद्ध के स्थान पर संवाद और टकराव के स्थान पर सहमति का समर्थन किया है।

## वैश्विक राजनीति का परिदृश्य बदल कर रख सकता है भारत-चीन-रूस का त्रिपक्षीय मंच आरआईसी

किम आपको बता दें कि रूस जहां सैन्य शक्ति, ऊर्जा संसाधन और यूरोपीय-एशियाई भू-राजनीति में प्रमुख खिलाड़ी है वहीं भारत विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था, युवा जनसंख्या और इंडो-पैसिफिक में रणनीतिक ताकत है। चीन ने रूस द्वारा की गई रूस-भारत-चीन त्रिपक्षीय सहयोग को पुनर्जीवित करने की पहल का समर्थन किया है। उल्लेखनीय है कि यह कोई नया मंच नहीं है, बल्कि 1990 के दशक के उत्तरार्ध से ही यह इन तीन देशों के बीच संवाद का माध्यम रहा है। हालाँकि, बीते वर्षों में चीन-भारत सीमा विवाद और रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते यह मंच निष्क्रिय-सा हो गया था। अब चीन का समर्थन इस ओर इशारा करता है कि विश्व राजनीति में एक नई धुरी बनने की संभावना फिर से उभर रही है। हम आपको बता दें कि रूस जहां सैन्य शक्ति, ऊर्जा संसाधन और यूरोपीय-एशियाई भू-राजनीति में प्रमुख खिलाड़ी है वहीं भारत विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था, युवा जनसंख्या और इंडो-पैसिफिक में रणनीतिक ताकत है। दूसरी ओर चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और एशिया का आर्थिक इंजन है। यदि ये तीनों देश मिलकर साझा हितों के आधार पर आगे बढ़ते हैं, तो यह पश्चिम के नेतृत्व वाली मौजूदा विश्व व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। अगर यह तीनों देश साथ आते हैं तो अमेरिकी वर्चस्व को सीधे-सीधे चुनौती मिलेगी। देखा जाये तो अब तक वैश्विक व्यवस्था अमेरिका और उसके सहयोगियों (ऋ7, ठअळड, एव) के प्रभुत्व में रही है। यदि रूस-भारत-चीन साथ आते हैं, तो वे एक ₹मल्टी-पोलर वर्ल्ड₹ यानी बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को मजबूती देंगे, जिसमें अमेरिका का वर्चस्व कम होगा। इसके अलावा, ये तीनों देश संयुक्त राष्ट्र, इफ्क्क्र, रउड जैसी संस्थाओं में अहम भूमिका निभाते हैं। यदि वे एक सुर में बोलें तो वैश्विक एजेंडा (जलवायु, विकास, आतंकवाद) पश्चिम के हितों के बजाय इन देशों के पक्ष में ढल सकता है। साथ ही यूरोप में रूस-यूक्रेन युद्ध, एशिया में अमेरिका-चीन टकराव और भारत-चीन सीमा विवाद जैसे मुद्दों के बीच यदि ये तीनों मिलकर काम करते हैं, तो वैश्विक ध्रुवीकरण और तेज हो सकता है।

तीनों देशों के साथ आने से खुद भारत, रूस और चीन को क्या लाभ होगा, यदि इसका जिक्र करें तो आपको बता दें कि रूस-चीन के साथ अच्छे रिश्तों से भारत सामरिक संतुलन बना सकता है। साथ ही भारत ऊर्जा, रक्षा, टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में रूस और चीन से नए अवसर पा सकता है। इसके अलावा, इस त्रिकोण से भारत को चीन के साथ स्थायी संवाद करने से सीमा विवाद में तनाव कम करने का मंच मिलेगा।

वहीं रूस को होने वाले लाभों को देखें तो पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच उसे एशिया में नए साझेदारों के साथ आर्थिक, राजनीतिक और सैन्य विकल्प मिलेंगे। साथ ही चीन-भारत दोनों को साथ रखकर रूस अपनी रणनीतिक भूमिका को पुनः मजबूत कर सकता है। इस गठजोड़ से चीन को होने वाले लाभ को देखें तो इससे अमेरिका के खिलाफ नया संतुलन बनेगा। साथ ही भारत के साथ टकराव को कम करके चीन अपने आर्थिक और भू-राजनीतिक हितों को सुरक्षित कर सकेगा और रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा के क्षेत्र में उसके गहरे संबंध बनेंगे। तीनों देशों के गठजोड़ में संभावित बाधाओं और चुनौतियों को देखें तो भारत-चीन सीमा विवाद और विश्वास की कमी सबसे बड़ी बाधा है।



# बकरी बेचकर दिया रिश्वत की तीसरी किस्त', घूसखोर राजस्व कर्मचारी का वीडियो वायरल

एजेंसी

**कटिहार:** सरकार भले ही घूसखोरी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का दावा करती हो लेकिन लगता नहीं है कि इसमें कहीं से भी कोई कमी नहीं आई है, क्योंकि आए दिन रिश्वतखोरी के मामले सामने आते रहते हैं. नया मामला कटिहार का है, जहां जमीन के दाखिल-खारिज के एवज में राजस्व कर्मचारी एक शख्स से पैसे ले रहा है. घूस लेते हुए उसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है.



**घूसखोर राजस्व कर्मचारी का वीडियो वायरल:** वीडियो में राजस्व कर्मचारी सुनील कुमार ठाकुर आजमनगर प्रखंड के पिंडाल पंचायत के रहने वाले संजीव कुमार से 21 हजार रुपये घूस लेते दिख रहे हैं. इससे पहले भी म्यूटेशन के लिए वह दो किस्त में घूस की रकम ले चुका था. तीसरी किस्त की राशि देने वक्त पीड़ित ने वीडियो बना लिया, ताकि आगे फिर से रिश्वत न मांगे.

**बकरी बेचकर दी रिश्वत की तीसरी किस्त:** पीड़ित संजीव कुमार ने बताया कि जब उन्होंने पहली बार जमीन म्यूटेशन के लिए आवेदन दिया था, तब राजस्व कर्मचारी की मिलीभगत से उसे रद्द कर दिया गया. उसके बाद उन्हें कर्मचारियों ने कहा कि दूसरे के नाम से करवाइए. दोबारा आवेदन करवाने के बाद कर्मचारी ने बुलाकर कहा कि जल्दी से पैसे दीजिए, नहीं तो इस बार भी रिजेक्ट हो जाएगा. दो किस्त देने के बाद इस बार बकरी बेचकर तीसरी किस्त के पैसे देने आए थे.

**क्यों बनाया वीडियो?:** संजीव ने बताया कि पहली बार उन्होंने 40 हजार रुपये दिए थे. फिर दूसरी बार पैसे की डिमांड हुई तो 15 हजार दिए. जब तीसरी बार पैसे की डिमांड हुई तो उनके पास पैसे नहीं थे. ऐसे में उन्होंने बकरी बेचकर पैसे जमा किया और 21 हजार रुपये दिए. वे बताते हैं कि बार-बार पैसे देकर वह थक गए थे, लिहाजा इस बार वीडियो बना लिया ताकि सबूत रहे.

**मामले की जांच के आदेश:** इस पूरे मामले पर जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि इस तरह के मामले में सरकार के जीरो टॉलरेंस की नीति को जमीनी स्तर पर भी इंप्लीमेंट करने की कोशिश की जा रही है. डीएम ने कहा कि फिलहाल यह जो मामला सामने आया है, इस पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी.

**क्या है म्यूटेशन?:** असल में म्यूटेशन का मतलब होता है दाखिल-खारिज. यानी जमीन के कागजात में नए मालिक का नाम जोड़ना और पुराने मालिक का नाम निकालना. हालांकि यह स्वामित्व का अंतिम प्रमाण नहीं होता है लेकिन भूमि कर (लगान या रसीद) भरने का रिकॉर्ड और अपडेट रखने के लिए यह बेहद जरूरी होता है.

# पुलिसिया जुल्म के खिलाफ पटना हाईकोर्ट सख्त, पूर्व थानेदार पर एफआईआर करने का आदेश

एजेंसी

**बिहार :** बिहार के भोजपुल जिले में कथित पुलिस उत्पीड़न के एक मामले में पटना हाईकोर्ट ने गंभीरता दिखाई है. कोर्ट ने बक्सर के मुरार थाने के तत्कालीन थानेदार कमल नयन पांडेय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी किया है. जस्टिस जीतेंद्र कुमार की पीठ ने भोजपुर निवासी मनीष कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया है.याचिकाकर्ता मनीष कुमार का आरोप है कि जुलाई 2024 में दस्तावेज अपलोड कराने के दौरान मुरार थाना पुलिस ने उसके साथ मारपीट की थी, जिसमें उसेके दोनों पैर टूट गए थे. इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई.मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस ने कोर्ट को बताया कि मनीष कुमार के पैर बारिश के दौरान फिसलने से टूटे थे. लेकिन कोर्ट ने एक्स-रे रिपोर्ट व उपलब्ध तथ्यों का हवाला देते हुए इस दलील पर संदेह जताया. कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री गंभीर अपराध की ओर संकेत करती है और मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी है.हाईकोर्ट ने इस मामले में तत्कालीन थानेदार के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर जांच सीआईडी को सौंपने का निर्देश दिया. साथ ही डीजीपी को 30 दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है. कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि आवश्यकता पड़ने पर याचिकाकर्ता सीबीआई जांच की मांग को लेकर फिर न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकता है.




# भरत तिवारी एनकाउंटर: सामाजिक कार्यकर्ता ने मुंडवाया सिर, न्याय के लिए अनशन पर बैठा

एजेंसी

**भोजपुर:** बिहार के भोजपुर जिले के चर्चित भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में न्याय की मांग लगातार तेज होती जा रही है. परिजनों और ग्रामीणों द्वारा उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर आंदोलन जारी है. इसी बीच एक ऐसा दृश्य सामने आया है जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है.



**अनिश्चितकालीन अनशन शुरू:** भरत तिवारी के गांव बिलौटी से करीब 400 किलोमीटर दूर पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया से सामाजिक कार्यकर्ता सचिन मिश्रा पहुंचे हैं. उन्होंने मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर उनके घर के सामने अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया है. भीषण गर्मी के बावजूद सचिन ने अपना सिर मुंडवाकर विरोध दर्ज कराया है.

**न्याय मिलने तक आंदोलन:** सचिन मिश्रा ने घोषणा की है कि जब तक भरत तिवारी के परिवार को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक वह अपना आंदोलन जारी रखेंगे. अनशन स्थल पर निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग से जुड़े कई पोस्टर एवं नारे लगाए गए हैं. इस विरोध प्रदर्शन को देखकर गांव के लोग भी हैरान हैं.

**अनशन समाप्ति की शर्त:** सचिन मिश्रा ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानि सीबीआई से कराई जाती है तो वह अपना आंदोलन समाप्त कर देंगे. गौरतलब है कि भरत तिवारी एनकाउंटर को लेकर पूरे राज्य में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर बहस जारी है.

**बिलौटी गांव पहुंच रहे नेता:** विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि लगातार बिलौटी गांव पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर रहे हैं. वे सभी लगातार इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठा रहे हैं. सभी की नजरें अब इस बात पर टिकी हैं कि सरकार इस मामले में आगे क्या कार्रवाई करती है. ग्रामीणों का आंदोलन और सचिन मिश्रा का अनशन आने वाले दिनों में क्या मोड़ लेता है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा.

**भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर:** गौरतलब है कि बीते 15 जून को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था. वीडियो में एक युवक पुलिस पर पिस्टल ताने खड़ा था. पुलिस की जांच में यह वीडियो भोजपुर जिले के शाहपुर थाना के बिलौटी गांव का बताया गया और युवक की पहचान भरत भूषण तिवारी के रूप में की गई. वहीं 17 जून को जिले के शाहपुर थाना प्रभारी जांच के लिए बिलौटी गांव पहुंचे तो भरत तिवारी के हाथ में पिस्टल थी और वो सरकार और प्रशासन की नाकामियों पर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहा था.

**भरत तिवारी का सरेंडर, फिर एनकाउंटर:** इस दौरान थाना प्रभारी राजेशा मालाकर और भरत भूषण तिवारी में काफी बातचीत हुई. बाद में फिर 18 जून को पुलिस और एसटीएफ की टीम ने भरत भूषण तिवारी के घर को चारो तरफ से घेर लिया. इस बीच भरत तिवारी फेसबुक लाइव कर रहा था, जिसमें देखा गया कि उसने पिस्टल फेंक दिया था और सरेंडर कर दिया.

**इलाज के दौरान भरत तिवारी की मौत:** पुलिस ने बताया कि युवक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से वीडियो वायरल किया था. फेसबुक लाइव में युवक कहता नजर आ रहा था कि वो सरेंडर कर रहा है. जिसके बाद पुलिस उसका हाफ एनकाउंटर करती है. बाद में उसे अस्पताल ले जाया जाता है लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो जाती है.

## संक्षिप्त खबर

### इंसाफ के लिए बेटी को गोद में लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ी महिला, घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा



**राघोपुर :** जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र स्थित सिमराही दुर्गा मंदिर के पास मंगलवार की सुबह एक महिला अपनी छोटी बेटी को गोद में लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गई. सुबह करीब चार बजे हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया. टावर पर महिला और उसकी बच्ची के चढ़ने की खबर से मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और राहगीरों की भीड़ जुट गई.टावर पर चढ़ी महिला गुड्डी देवी ने बताया कि करीब दस साल पहले दिल्ली-गुरुग्राम में मजदूरी के दौरान उसकी मुलाकात राघोपुर के मोतीपुर निवासी अमरेंद्र ठाकुर से हुई थी. दोनों ने लव मैरेज किया था और उनका एक 12 साल का बेटा भी है.महिला का आरोप है कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है और उसे घर से निकाल दिया है. उसका कहना है कि वह लंबे समय से न्याय के लिए अधिकारियों और पुलिस के चक्कर लगा रही है, लेकिन उसकी कहीं सुनवाई नहीं हुई. इसी से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और महिला को टावर से सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास शुरू किए गए. अधिकारियों ने लाउडस्पीकर के जरिए उससे बातचीत की और भरोसा दिलाया कि उसकी शिकायतों की जांच की जाएगी. हालांकि महिला की मांग थी कि डीएम और एसपी खुद मौके पर आएं और उसे न्याय का भरोसा दें, तब वह नीचे उतरेगी. करीब चार घंटे तक हाईवोल्टेज ड्रामा चला. इसके बाद महिला अपने बच्चे के साथ नीचे उतरी.

### बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा : 23 व 24 जून को रेलवे चलायेगी 13 स्पेशल ट्रेनें



**बिहार :** बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए राहत भरी खबर है. दानापुर रेल मंडल ने 23 और 24 जून को 13 स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है, ताकि अभ्यर्थी बिना परेशानी के परीक्षा केंद्र तक पहुंच सकें और परीक्षा के बाद अपने गंतव्य तक लौट सकें. रेलवे की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, इन विशेष ट्रेनों का संचालन राज्य के कई प्रमुख स्टेशनों के बीच किया जाएगा. इनमें पटना, पाटलिपुत्र, दानापुर, बक्सर, बख्तियारपुर, राजगीर, नवादा, जमुई, किऊल, गया, सिवान, बेतिया, सासाराम और आरा शामिल हैं.23 जून को कई परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी. पाटलिपुत्र से सासाराम के लिए विशेष ट्रेन रात 8 बजे रवाना होगी. पटना जंक्शन से भभुआ रोड के लिए रात 8:50 बजे ट्रेन खुलेगी. जबकि पटना से बेतिया के लिए रात 9 बजे विशेष ट्रेन का संचालन होगा.इसके अलावा पाटलिपुत्र से पटना के बीच रात 9:45 बजे और दानापुर से आरा के लिए रात 10 बजे स्पेशल ट्रेन चलेगी. वहीं पटना जंक्शन से सिवान के लिए रात 11 बजे विशेष ट्रेन रवाना होगी.24 जून को परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थियों की वापसी के लिए भी रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है. इस दिन बख्तियारपुर-राजगीर, राजगीर-बख्तियारपुर, किऊल-गया, गया-किऊल, नवादा-जमुई, जमुई-पटना जंक्शन और बक्सर-दानापुर रूट पर परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा.

### 55 लोगों पर केस, अररिया के पूर्व सीओ पर भी एफआईआर. बिहार में जमीन रिकॉर्ड में बड़ा फजीवाड़ा




**अररिया:** बिहार के अररिया जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव में जमीन की जमाबंदी में बड़े पैमाने पर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. स्थानीय किसान बैद्यनाथ बहरदार की शिकायत पर फुलकाहा थाना में केस दर्ज किया गया है. इसमें भू-माफिया के साथ-साथ नरपतगंज अंचल कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों समेत कुल 55 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है.

**अधिकारियों पर लगे गंभीर आरोप:** प्राथमिकी में तत्कालीन सीओ शम्भू प्रकाश, अंचलाधिकारी उत्तम राहुल, वर्तमान सीईओ रविंद्र कुमार, राजस्व कर्मचारी जितेन्द्र कुमार राय, जमीउर रहमान सहित कई अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है. शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उनकी खतियानी जमीन की जमाबंदी और ऑनलाइन भूमि अभिलेखों में फर्जी तरीके से बदलाव कर अन्य लोगों के नाम दर्ज कर दिए गए. सरकारी डिजिटल हस्ताक्षर (डोंगल) का दुरुपयोग करके रिकॉर्ड में छेड़छाड़ की गई, जबकि मूल दस्तावेजों में ऐसा कोई वैध आधार मौजूद नहीं था.

**न्यायालय के आदेश की अवहेलना का आरोप:** शिकायत के अनुसार, न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद कुछ आरोपियों ने जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया. इस दौरान शिकायतकर्ता की फसल को नुकसान पहुंचाया गया और विरोध करने पर हथियार दिखाकर धमकी दी गई. मामले से जुड़े वीडियो फुटेज और अन्य दस्तावेज पुलिस को उपलब्ध कराए गए हैं, जो जांच में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं.

**डिजिटल रिकॉर्ड सिस्टम पर उठे सवाल:** यह मामला बिहार सरकार की डिजिटल भूमि अभिलेख व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर करता है. आरोप है कि सरकारी डोंगल का दुरुपयोग कर ऑनलाइन रिकॉर्ड को मनमाने ढंग से बदला गया. यदि यह साबित होता है तो न केवल संबंधित अधिकारियों बल्कि पूरे सिस्टम की निगरानी पर सवाल उठेंगे.

**अवैध कब्जे के आरोपों की छानबीन:** फुलकाहा थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है. भूमि रिकॉर्ड में फजीवाड़ा, दस्तावेजों में हेरफेर और अवैध कब्जे के आरोपों की छानबीन की जा रही है. पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जांच में दोषी पाए जाने वाले हर व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

**क्या कहते हैं एसपी:** अररिया के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने कहा कि पूरा मामला उनके संज्ञान में आ गया है. प्राथमिकी के आधार पर जांच चल रही है और जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. इस घटना ने स्थानीय किसानों में भूमि रिकॉर्ड सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है.

# शराब की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची उत्पाद विभाग की टीम, भिड़ गई महिला तस्कर

एजेंसी

**मुजफ्फरपुर :** बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है. इसके बावजूद प्रदेश में इसकी तस्करी बदस्तूर जारी है. अगर इसपर अंकुश लगाने के लिए पुलिस या उत्पाद विभाग की टीम छापेमारी करती है, तो कई बार उसे विरोध का सामना करना पड़ता है. कुछ ऐसा ही नजारा मुजफ्फरपुर में देखने को मिला.



**महिला शराब तस्कर का पुलिस से झड़प :** जिले की एक महिला शराब तस्कर का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो में महिला उत्पाद विभाग के अधिकारियों और सिपाहियों के साथ झड़प करती नजर आ रही है. हालांकि विरोध और हाथापाई के बावजूद उत्पाद विभाग की टीम ने महिला को शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया.

**गुप्त सूचना पर की गई थी कार्रवाई :** वायरल वीडियो मुजफ्फरपुर जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र के भीखनपुर इलाके का बताया जा रहा है. दरअसल उत्पाद विभाग को सूचना मिली थी कि इलाके में अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है. इसी सूचना के आधार पर विभाग की टीम छापेमारी के लिए मौके पर पहुंची.

**लोगों ने बनाया वीडियो :** छापेमारी के दौरान एक महिला तस्कर ने उत्पाद विभाग की टीम का विरोध शुरू कर दिया और अधिकारियों व सिपाहियों के साथ झड़प करने लगी. इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

**क्या बोले उत्पाद इंस्पेक्टर? :** उत्पाद इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अहियापुर थाना क्षेत्र के भीखनपुर वार्ड संख्या-7 निवासी रितेश कुमार अपनी पत्नी पूजा कुमारी के साथ मिलकर अवैध शराब की बिक्री करता है. सूचना के सत्यापन के लिए उत्पाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की.

**न्यायिक हिरासत में भेजा गया :** गिरफ्तारी के दौरान महिला ने उत्पाद विभाग में तैनात गृह रक्षक के साथ हाथापाई भी की. हालांकि टीम ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया. पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

# रात को नाच देखने गया था किशोर, सुबह पिता को शीशम पेड़ के नीचे मिली लाश

एजेंसी

**पटना:** पटना जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में जमीन विवाद को लेकर 16 वर्षीय किशोर की गला घोंटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है. मृतक अपने माता-पिता की इकलौती संतान था. घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है. मृतक की पहचान अभिषेक कुमार के रूप में हुई है.



**जमीन विवाद में हत्या:** पिता दिनेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था. इसको लेकर 18 मई 2026 को गांव के ही सियासरण सिंह, पिता स्व. मुनिलाल सिंह, अरुण कुमार, पिता सियासरण सिंह, सोनू कुमार, पिता अरुण कुमार, कल्लू कुमार, पिता अशोक कुमार, साहिल कुमार, पिता अशोक कुमार, कुंती देवी, पति सियासरण सिंह, बबीता देवी, पति अरुण कुमार और आशा देवी, पति अशोक कुमार ने मिलकर उनके साथ मारपीट की थी.

**परिवार उजाड़ने की धमकी:** मृतक के पिता के अनुसार, आरोपियों ने मारपीट कर केस दर्ज कर दिया था. जिसके बाद वे जेल में थे. इसी दौरान मेरे बेटे को धमकी की थी कि परिवार को जान से मार देंगे. वंश उजाड़ देने की धमकी दी थी. पिता का आरोप है कि इसी रंजिश के कारण बेटे की हत्या की गई है. जब सुबह खेत की ओर गए तो एक पेड़ के नीचे बेटे का शव मिला. किशोर के गले पर रस्सी के निशान पाए गए हैं, जिससे गला घोंटकर हत्या की आशंका जताई जा रही है.

**इंटर का छात्र था किशोर:** मृतक की मां ने बताया कि अभिषेक ने हाल ही में मैट्रिक परीक्षा पास की थी और इंटर में नामांकन कराया था. मां संगीता देवी ने रोते हुए बताया, 'बेटे के बहुत सपने थे, लेकिन दरिंदों ने उसे गला घोंटकर मार दिया. अब हमारा सहारा कौन होगा?'

**छानबीन में जुटी पुलिस:** घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर 8 नामजद ग्रामीणों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है. पुलिस के अनुसार, किशोर का शव बरामद कर मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है.

# 15 साल के नाबालिग ने मासूम को बनाया शिकार, 7 घंटे अंदर पुलिस ने पकड़ा

एजेंसी

**मुंगेर:** बिहार के मुंगेर में 15 वर्षीय नाबालिग लड़के पर अपनी ही पड़ोस में रहने वाली 5 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है. घटना के बाद इलाके में आक्रोश और तनाव का माहौल है. मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मुंगेर पुलिस ने तत्परता दिखाई और महज 7 घंटे के भीतर आरोपी को दबोच लिया.



**बहला-फुसलाकर मासूम को ले गया:** प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह शर्मनाक वारदात रविवार की है. घटना के वक्त मासूम बच्ची घर पर अपनी बुजुर्ग दादी के साथ अकेली थी, जबकि उसकी मां किसी जरूरी काम से बाहर गई हुई थी. इसी का फायदा उठाकर रिश्ते में पड़ोसी लगने वाला 15 वर्षीय नाबालिग आरोपी उनके घर पहुंचा. उसने बच्ची की दादी को अपनी बातों में उलझाया और बच्ची को बाहर घुमाने के बहाने अपने साथ ले गया.

**मां के घर लौटते ही खुला राज:** घर से कुछ दूरी पर ले जाकर उसने इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया. मासूम को तड़पता हुआ छोड़कर मौके से फरार हो गया. जब पीड़िता की मां काम खत्म कर घर लौटी, तो उसने बच्ची की हालत बिगड़ी हुई देखी. डरी-सहमी मासूम ने रोते हुए अपनी मां को पूरी आपबीती सुनाई. घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई. उन्होंने बिना कोई समय गंवाए तुरंत स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना दी.

**एसपी के निर्देश पर कार्रवाई:** मामले की गंभीरता को देखते हुए मुंगेर के पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने तुरंत कड़ा संज्ञान लिया. एसपी के निर्देश पर खड़गपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और एफएसएल की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण और इलाज के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेजा.

**देर रात छापेमारी में पकड़ा गया आरोपी:** पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद के कड़े रुख के बाद पुलिस की एक विशेष टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की. जहां से उसे बाल सुधार गृह (रिमांड होम) भेज दिया गया है.

**बढ़ती घटनाओं ने खड़े किए सवाल:** इस घटना ने समाज को एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि अब बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवारों को पहले से कहीं अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है. अपनों और परिचितों पर आंख मूंदकर भरोसा करने का नतीजा अक्सर भयावह रूप में सामने आ रहा है.

## तेज प्रताप यादव के सरकारी आवास पर चोरी, करीबी सहयोगी पर शक

**बिहार :** लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव के पटना स्थित सरकारी आवास पर चोरी हुई है. उन्होंने अपने पीए मोतीलाल राय पर चोरी का आरोप लगाया है और सचिवालय थाना में शिकायत कर फआईआर दर्ज करने की मांग की है.तेज प्रताप की शिकायत के अनुसार, सोमवार रात करीब 11:30 बजे उनके ड्राइवर अनिल यादव और उनके साथ रहने वाले विशाल ने मोतीलाल राय को बैग लेकर परिसर से निकलते देखा था. चोरों ने घर की अलमारी से करीब 20 लाख रुपये नकद, सोने की चेन, अंगूठी, चार पेन ड्राइव, दो हार्ड डिस्क, एक आईपैड, एक मैकबुक, एक लैपटॉप और चार मोबाइल फोन गायब हो गए हैं. तेज प्रताप ने सचिवालय थाना में शिकायत कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने और चोरी हुए सामान को बरामद करने की मांग की है. इधर सूचना मिलते ही पुलिस रात में ही तेज प्रताप के आवास पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी. फिलहाल पुलिस शिकायत के आधार पर पूरे मामले की पड़ताल कर रही है.

## अनुपयोगी बोगियों से बनेगा लग्जरी रेस्टोरेंट

एजेंसी



**बिहार :** शाहपुर पटोरी और दलसिंहसराय स्टेशन पर पुराने अनुपयोगी रेलवे बोगियों को आधुनिक रेस्टोरेंट में बदलकर यात्रियों को नई सुविधा देने और गैर- किराया राजस्व को बढ़ाने के लिए सोनपुर मंडल ने पहल की है. इस पहल से रेलवे को हर साल लाखों रूपय का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा. क्षतिग्रस्त और अनुपयोग बोगियों को लग्जरी रेस्टोरेंट में परिवर्तित किया जाएगा.जानकारी के अनुसार, शाहपुर पटोरी स्टेशन पर बनने वाला रेल कोच रेस्टोरेंट सोनपुर मंडल का पांचवा रेल कोच रेस्टोरेंट होगा. साथ ही सोनपुर मंडल को पूर्व मध्य रेलवे में सबसे अधिक रेल कोच रेस्टोरेंट आवेटित करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लेगा. इस परियोजना में रेलवे के पुरानी और उपयोग नहीं किए जाने वाले बोगियों को आधुनिक रेस्टोरेंट मे बदल कर यात्रियों और स्थानीय लोगों को खानपान के लिए बेहतर सुविधा दी जाएगी.रेलवे के अनुसार, वाणिज्यिक परिसंपत्तियों के आवंटन से प्रति वर्ष 8,44,566 रुपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होंगे. जिससे मंडल के गैर किराया राजस्व में अच्छी बढ़ोतरी होगी, क्योंकि शाहपुर और दलसिंहसराय दोनों ही एनएसजी-5 श्रेणी के स्टेशन है. जहां यात्रियों का आगमन कम होता है. इस योजना से स्टेशन पर वाणिज्यिक गतिविधियों में लाभ होने की संभावना है.इस योजना से यात्रियों को अनोखा और यादगार अनुभव मिलेगा. साथ ही आकर्षक माहौल में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध होंगे. यह सिर्फ यात्रियों के अनुभव को ही नहीं बल्कि स्थानीय लोगों के लिए नया आकर्षण बन जाएगा. जिससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेगी.क्षतिग्रस्त और अनुपयोग किए जाने वाले रेलवे बोगियों को इससे नई पहचान मिलेगी, और रेलवे परिसंपत्तियों के बहतर उपयोग से आय बढ़ाने के योजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा.

## खबर संक्षेप

### सेबी ने दी चार कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी



**नई दिल्ली।** एजीएस हेल्थ, पीजीपी ग्लास, श्रेणी शेयर्स और एसआरआईटी इंडिया को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से पूंजी जुटाने की मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक से शुक्रवार को यह जानकारी मिली।

### पूंजीकरण में एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता में सुधार और घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2.15 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान भारती एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही।

### रुपया 34 पैसे टूटकर 94.67 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया सोमवार को 34 पैसे कमजोर होकर 94.67 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मज़बूती के कारण रुपये पर दबाव है। रुपये में उतार-चढ़ाव बना रहा। स्थिर ऋण एवं जमा प्रवाह ने घरेलू मुद्रा को सहारा दिया, जबकि पश्चिम एशिया की अनिश्चित स्थिति तथा मजबूत डॉलर ने इसे दबाव में डाला।

### स्टील बर्ड की प्रीमियम ब्रांड की मांग में वृद्धि दर्ज

**मुंबई।** प्रमुख हेलमेट कंपनी स्टीलबर्ड हाई-टेक इंडिया की कुल आय में प्रीमियम खंड की हिस्सेदारी वर्ष 2032 तक 20 प्रतिशत तक पहुंच सकती है, क्योंकि इसके विशेष ब्रांड की मांग में वृद्धि हो रही है। स्टीलबर्ड हाई-टेक के प्रबंध निदेशक राजीव कपूर ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में उसकी आय 869 करोड़ रुपये रही, जिसमें प्रीमियम खंड का योगदान पांच प्रतिशत से भी कम था।

### के2 इन्फ्रा को मिला सड़क परियोजना का ठेका



**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग और बुनियादी ढांचा क्षेत्र से जुड़ी कंपनी के2 इन्फ्रा लि. को तेलंगाना सरकार से लगभग 390.91 करोड़ रुपये की सड़क परियोजना का ठेका मिला है। तेलंगाना ग्रामीण सड़क विकास कार्यक्रम के तहत मिली परियोजना भोंगीर सर्किल में चुनिंदा पंचायती राज इंजीनियरिंग विभाग की सड़कों के निर्माण, उन्नयन, मजबूती और रखरखाव के लिए है।

### वोल्टास ने 10 लाख एसी बिक्री का आंकड़ा पार किया



**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख रूम एयर कंडीशनर (आरएसी) कंपनी वोल्टास ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के पहले तीन महीनों के भीतर ही 10 लाख रूम एसी की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। टाटा समूह की कंपनी का दावा है कि उसने यह उपलब्धि अब तक के सबसे कम समय में हासिल की है, जिससे भारतीय एयर कंडीशनर बाजार में उसकी अग्रणी स्थिति और मजबूत हुई है। 2023-24 में 20 लाख रूम एसी बेचे थे। उद्योग में पहली बार यह आंकड़ा हासिल हुआ था।

# द. कोरिया की 300 कंपनियां शेयर बाजार से बाहर होगी, एक्सचेंज का बड़ा फैसला

नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया एक्सचेंज के सीइओ ने कहा है कि देश में लिस्टेड करीब 2,700 कंपनियों में से लगभग 300 कंपनियां अगले साल तक डीलिस्ट हो सकती हैं। यानी उनके शेयर स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड नहीं होंगे।

- देश के स्टॉक एक्सचेंज में 2700 कंपनियां सूचीबद्ध है

यह फैसला किसी एक कंपनी या सेक्टर के लिए नहीं है। इसके पीछे मकसद है निवेशकों का भरोसा बढ़ाना और बाजार को ज्यादा मजबूत बनाना। सवाल यही है कि जब कंपनियां पहले से बाजार में लिस्टेड हैं, तो फिर उन्हें बाहर करने की जरूरत क्यों पड़ रही है? दरअसल, शेयर बाजार सिर्फ कंपनियों का नहीं, निवेशकों के भरोसे का भी खेल है।

## मकसद निवेशकों का भरोसा बढ़ाना और बाजार को ज्यादा मजबूत करना

### पूरी दुनिया के निवेशकों का ध्यान खींचा

अगर कुल 2,700 कंपनियों में से 300 कंपनियां बाहर होती हैं, तो यह कोई छोटा कदम नहीं है। मतलब हर 100 कंपनियों में करीब 11 कंपनियां बाजार से बाहर हो सकती हैं। यही वजह है कि इस खबर ने पूरी दुनिया के निवेशकों का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है।

### डीलिस्टिंग का मतलब क्या होता है

बहुत से छोटे निवेशक यह शब्द सुनते हैं, लेकिन इसका मतलब पूरी तरह नहीं समझते। डीलिस्टिंग का सीधा मतलब है कि कंपनी का शेयर स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड नहीं होगा। आप उस शेयर को सामान्य तरीके से खरीद या बेच नहीं पाएंगे। जब कोई कंपनी एक्सचेंज के नियमों को पूरा नहीं कर पाती या किसी वजह से उसे बाहर किया जाता है, तो उसे डीलिस्टिंग कहा जाता है।




*निवेशकों का भरोसा बढ़ाने की कोशिश : कोरिया एक्सचेंज का कहना है कि यह पूरा कदम निवेशकों का भरोसा बढ़ाने के लिए उठाया जा रहा है। दुनिया भर के बाजार अब सिर्फ कंपनियों की संख्या बढ़ाने पर ध्यान नहीं दे रहे।*

### जरूरत पड़ी तो नियम और सख्त होंगे

कोरिया एक्सचेंज ने यह भी साफ किया है कि अगर जरूरत पड़ी तो और कड़े नियम भी लाए जा सकते हैं। यानी यह सिर्फ शुरुआत हो सकती है। अगर बाजार की गुणवत्ता सुधारने के लिए और कदम उठाने पड़े, तो एक्सचेंज पीछे हटने वाला नहीं है। यह संदेश कंपनियों के लिए भी साफ है कि अब सिर्फ लिस्टेड रहना काफी नहीं होगा। प्रदर्शन भी दिखाना पड़ेगा।

*निवेशकों के लिए बेहतर कंपनियां हो: अगर बाजार में ऐसी कंपनियां बनी रहें जो लगातार खराब प्रदर्शन कर रही हों, नियमों का पालन न करती हों या निवेशकों को कोई खास फायदा न दे रही हों, तो पूरे बाजार की छवि खराब हो सकती है। इसी वजह से कोरिया एक्सचेंज अब बाजार की सफाई के मूड में दिखाई दे रहा है।*

### कोरिया डिस्काउंट क्या होता है

आसान भाषा में समझें तो लंबे समय तक ऐसा माना जाता था कि दक्षिण कोरिया की कंपनियां अच्छी होने के बावजूद उन्हें उतनी वैल्यू नहीं मिलती थी जितनी दुनिया के दूसरे बाजारों में मिलती है। निवेशकों को लगता था कि कॉर्पोरेट गवर्नेंस, शेयरधारकों के अधिकार और पारदर्शिता के मामले में सुधार की जरूरत है। यही वजह थी कि कई कंपनियों का वैल्यूएशन कम माना जाता था। अब एक्सचेंज का दावा है कि हालात पहले से काफी बेहतर हो चुके हैं और यह डिस्काउंट काफी हद तक खत्म हो गया है।

## जेपी मोर्गन की जारी रिपोर्ट में कहा गया

# पेट्रोल, डीजल मार्जिन पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले के स्तर से पार

- विपणन कंपनियों के लाभ में सुधार की उम्मीद
- कच्चे तेल की घटती कीमतों से मार्जिन में होगा सुधार

नई दिल्ली

सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के लाभ में सुधार की उम्मीद है। इसका कारण कच्चे तेल की घटती कीमतों से ईंधन विपणन मार्जिन में होने वाला सुधार है। हालांकि, बढ़ते कर्ज और ईंधन कर को लेकर अनिश्चितता इस क्षेत्र की लंबी अवधि की कमाई की संभावनाओं को सीमित कर सकती है। जेपी मॉर्गन की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारी रिफाइनरियों और खुदरा ईंधन विक्रेताओं के पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर संयुक्त मार्जिन अब हाल के पश्चिम एशिया संघर्ष से पहले के स्तर से ऊपर है। इसका कारण कच्चे तेल की कम कीमतें और केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती है।

### ईंधन की खुदरा कीमतें काफी हद तक स्थिर रही

पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से वैश्विक तेल की कीमतों में उछाल आया, लेकिन देश में पेट्रोल पंप पर ईंधन की खुदरा कीमतें काफी हद तक स्थिर रहीं। इसमें वृद्धि जरूरी बढ़ोतरी के मुकाबले बहुत कम रही। मई में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद भी, पेट्रोल पंप पर ईंधन के दाम लागत से कम थे।

## बढ़ते कर्ज और ईंधन कर को लेकर अनिश्चितता

### मार्च में उत्पाद शुल्क में हुई थी कटौती

सरकार ने मार्च में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में प्रति लीटर 10 रुपये की कटौती की थी ताकि खुदरा कीमतों में तुरंत बढ़ोतरी न हो। जब वैश्विक तेल की कीमतें युद्ध से पहले के स्तर पर आ जाएंगी और स्थिर हो जाएंगी, तो शुल्क को फिर से लगाया जा सकता है।



### एलपीजी पर नुकसान अब भी अधिक



जेपी मॉर्गन ने कहा, ''पेट्रोल और डीजल पर पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के संयुक्त मार्जिन के लिए हमारे अनुमान अब युद्ध-पूर्व स्तर से अधिक हैं। एलपीजी पर नुकसान अब भी अधिक है, लेकिन जल्द ही तेल की कीमतों के साथ इसमें भी कमी आनी चाहिए।'' रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में कमाई पर माल भंडार के स्तर पर नुकसान का असर पड़ सकता है, लेकिन दूसरी तिमाही में लाभ बेहतर होना चाहिए।

### ओएमसी पर काफी कर्ज चढ़ा है

इसमें कहा गया, ''मार्जिन में इस सुधार को लेकर हमारे उत्साह को दो बातें सीमित करती हैं। पिछले कुछ महीनों में ओएमसी पर काफी कर्ज चढ़ा है। इससे मूल्यांकन प्रभावित हुआ है और लाभ का एक बड़ा हिस्सा उत्पाद शुल्क में कटौती के कारण है। हो सकता है कि सरकार कुछ समय के लिए कर कम रखे, जिससे ओएमसी कर्ज चुका सके। हालांकि, भविष्य में उत्पाद शुल्क बढ़ने का जोखिम बना हुआ है।''

### एचपीसीएल के मार्जिन में पहले से उछाल

*ब्रोकरेज कंपनी का अनुमान है कि बीपीसीएल और आईओसीएल के लिए मौजूदा संयुक्त पेट्रोल और डीजल मार्जिन संघर्ष से पहले के स्तर से अधिक है, जबकि एचपीसीएल के मार्जिन काफी हद तक तेल की कीमतों में हाल के उछाल से पहले के स्तर पर या उससे ऊपर आ गए हैं। यह सुधार बेहतर संयुक्त रिफाइनिंग और विपणन परिवेश को दिखाता है।*

### कीमतें कम होने से कंपनियों को अधिक लाभ

*तेल की कीमतें अगर कम होती रहती हैं तो सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों (ओएमसी)... भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल), इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)... में से बीपीसीएल और आईओसी को निकट भविष्य में सबसे अधिक लाभ होने की उम्मीद है।*

# भारत जहाजों के पुनर्चक्रण में दुनिया का अग्रणी देश बना

नई दिल्ली



- भारत की वैश्विक बाजार में 35.4 फीसदी हिस्सेदारी
- 2024 में यह हिस्सेदारी 30.1 प्रतिशत थी

भारत पुराने जहाजों के पुनर्चक्रण के वैश्विक बाजार में 2025 के दौरान 35.4 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दुनिया का शीर्ष देश बनकर उभरा जबकि 2024 में यह 30.1 प्रतिशत थी।

सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई। पुराने, अनुपयोगी या सेवा से हट चुके जहाजों को तोड़कर उनके हिस्सों को दोबारा उपयोग में लाने की प्रक्रिया जहाज पुनर्चक्रण कही जाती है। आधिकारिक बयान में 'संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन' (अंकटाड) की ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि भारत में जहाज पुनर्चक्रण 2025 में बढ़कर 29.9 लाख टन हो गया, जो 2024 के 18.6 लाख टन से करीब 60 प्रतिशत अधिक है। इस उपलब्धि के साथ 'मैरीटाइम इंडिया विजन (एमआईवी) 2030' के तहत भारत के दुनिया का अग्रणी जहाज पुनर्चक्रण देश बनने का लक्ष्य तय समय से पहले ही हासिल कर लिया गया है।

### भारत की स्थिति और मजबूत हुई

इस अवसर पर बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा, /"भारत का वैश्विक स्तर पर शीर्ष जहाज पुनर्चक्रण देश के रूप में उभरना लगातार नीतियों में सुधार, उद्योग के प्रयासों और अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण एवं सुरक्षा मानकों के पालन का परिणाम है। सोनोवाल ने कहा कि इससे जिम्मेदार एवं टिकाऊ जहाज पुनर्चक्रण के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत हुई है।

# कच्चे तेल में नरमी से घरेलू शेयर बाजार में तेजी लौटी

मुंबई



- सेंसेक्स 291 और निफ्टी 90 अंक चढ़ा
- ईरान वार्ता में प्रगति की उम्मीद से बाजार में तेजी लौटी

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति की उम्मीद के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। सेंसेक्स 291 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 90 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 291.17 अंक बढ़कर 77,094.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 522.66 अंक चढ़कर 77,325.56 अंक तक चला गया था। निफ्टी भी 89.80 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,102.90 अंक पर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों के फिर से लिवाली शुरू करने और रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं एचडीएफसी बैंक के शेयरों में खरीदारी आने से बाजार को सहारा मिला। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा में सर्वाधिक 1.87 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

इसके अलावा सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और बजाज फिनसर्व के शेयर भी चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ एशियन पेंट्स, टाइटन, पावर ग्रिड और ट्रेंट के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, ''अमेरिका-ईरान वार्ता के पहले दौर के सकारात्मक संकेतों से वैश्विक निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है।

### एशिया में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा। यूरोप के बाजार मिले जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिका के बाजार 'जुनेटीनथ' अवकाश के कारण शुक्रवार को बंद रहे थे।

# भारत-ईयू व्यापार समझौते पर दिसंबर तक हस्ताक्षर



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि भारत और 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर दिसंबर तक हस्ताक्षर किए जाएंगे और इसके अगले वर्ष फरवरी-मार्च के दौरान लागू होने की संभावना है। इस वर्ष 27 जनवरी को भारत और यूरोपीय संघ ने वार्ताओं के समापन की घोषणा की थी। गोयल ने मुंबई में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के साथ बातचीत के दौरान कहा, 'अब लगभग शून्य शुल्क के साथ यूरोपीय बाजार का बड़ा हिस्सा भारतीय उत्पादों के लिए खुल जाएगा। भारत-ईयू एफटीए पर दिसंबर तक हस्ताक्षर होंगे और यह फरवरी-मार्च तक प्रभावी हो जाएगा।

# रुपए में कमजोरी से सोने और चांदी की कीमतें चढ़ीं

- सोना 1,700 और चांदी 4,800 रुपए हुई महंगी
- सोना बढ़कर 1.52 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम

नई दिल्ली

राजधानी राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को कीमती धातुओं की कीमतों में सुधार हुआ। वैश्विक बाजारों में तेजी और रुपये की कीमत में गिरावट के कारण सोना 1,700 रुपये बढ़कर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि चांदी 4,800 रुपये महंगी हो गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार चार दिन की गिरावट का



सिलसिला टूटा और इसका भाव शुक्रवार के 1,50,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 1,700 रुपये बढ़कर 1,52,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर बंद हुआ। चांदी की कीमत भी 4,800 रुपये बढ़कर 2,45,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई।

**हाजिर सोना और चांदी की कीमतें बढ़ी:** अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 49.93 डॉलर या 1.2 प्रतिशत बढ़कर 4,210.19 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 2.4 प्रतिशत बढ़कर 66.47 डॉलर प्रति औंस हो गई। मिराए एसेट शेयरखान के जिंस और मुद्रा प्रमुख, प्रवीण सिंह ने कहा, ''हाजिर सोने और चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी हुई क्योंकि अमेरिका और ईरान स्विट्जरलैंड में बातचीत के दौरान अंतिम समझौते के लिए एक रूपरेखा पर सहमत हुए हैं।

## नायरा एनर्जी के पेट्रोल पंप की संख्या 7,000 के पार...




**नई दिल्ली।** रूस की रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी ने भारत में अपने पेट्रोल पंप की संख्या 7,000 के पार पहुंचाते हुए निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी ईंधन खुदरा विक्रेता के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। कंपनी के तेजी से विस्तार के बीच शहरों, राजमार्गों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईंधन की उपलब्धता बढ़ गई है। कंपनी द्वारा जारी बयान के अनुसार पिछले 18 महीनों में 500 से अधिक नए पेट्रोल पंप शुरू किए गए हैं। यह औसतन प्रतिदिन लगभग एक नए केंद्र के संचालन के बराबर है। इस विस्तार के माध्यम से कंपनी देशभर में अपने खुदरा नेटवर्क को मजबूत बनाने के साथ-साथ उन क्षेत्रों तक भी पहुंच बढ़ा रही है, जहां ईंधन अवसंरचना अभी विकास की प्रक्रिया में है।

# अमेरिकी प्रतिबंधों के जवाब में चीन ने किया पलटवार

बीजिंग



- अमेरिकी रक्षा कंपनियों के निर्यात पर रोक
- चीनी प्रौद्योगिकी कंपनियों को अनुबंधों से बाहर करने के बाद निर्णय

चीन ने अमेरिकी प्रतिबंधों के जवाब में 10 अमेरिकी सैन्य-संबंधित कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की सोमवार को घोषणा की। यह कदम अमेरिका के कुछ प्रमुख चीनी प्रौद्योगिकी कंपनियों को रक्षा अनुबंधों से बाहर करने के निर्णय के बाद उठाया गया है।

चीन की कंपनियों को इन 10 कंपनियों को ''दोहरे उपयोग'' (डुअल-यूज़) की वस्तुओं के निर्यात से रोका जाएगा। इनमें सैन्य ड्रोन बनाने वाली कंपनियां और दुर्लभ खनिजों से जुड़ी कुछ कंपनियां शामिल हैं। दोहरे उपयोग'' से तात्पर्य ऐसे सामानों से है जिनका उपयोग सैन्य और गैर-सैन्य दोनों उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। मंत्रालय ने कहा कि यह निर्यात प्रतिबंध चीन की राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए और अमेरिकी सरकार द्वारा ''कथित चीनी सैन्य कंपनियों की सूची'' के गलत विस्तार के जवाब में लगाया गया है। इन 10 कंपनियों में कैलिफोर्निया के सिमी वैली स्थित एविओएक्स; यूटा के साउथ साल्ट लेक स्थित रेड कैट होल्डिंग्स तथा टील ड्रोन्स; यूटा के स्प्रिंगविल स्थित आईएमएसएआर; रोड आइलैंड के ब्रिस्टल स्थित जाइया रोबोटिक्स; कोलोराडो के ब्रूमफील्ड स्थित बॉल एयरोस्पेस एंड टेक्नोलॉजीज; विस्कॉन्सिन के ओशकोश स्थित ओशकोश डिफेंस; वर्जीनिया के नॉरफॉक स्थित एल3हैरिस मैरीटाइम सर्विसेज; लास वेगास स्थित एमपी मटेरियल्स और ओक्लाहोमा के स्टिलवॉटर स्थित यूएसए रेयर अर्थ शामिल हैं।

आधिकारिक समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, वित्त मंत्रालय ने कहा है कि अलग से सरकारी संस्थाओं को 46 अमेरिकी कंपनियों (जिनमें लॉकहीड मार्टिन और रेथियॉन मिसाइल्स एंड डिफेंस शामिल हैं) के उत्पाद खरीदने से प्रतिबंधित किया जाएगा।

### प्रतिबंध ट्रंप व शी के बीच बनी सहमति के विपरीत

वाणिज्य मंत्रालय ने उस समय कहा था कि ये प्रतिबंध अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मई में चीन यात्रा के दौरान उनकी चीन के नेता शी चिनफिंग के साथ बनी सहमति के विपरीत हैं। मंत्रालय ने सोमवार की घोषणा में कहा कि किसी अन्य देशों की कंपनियों या लोगों को चीन द्वारा प्रतिबंधित अमेरिकी कंपनियों तक दोहरे उपयोग (डुअल-यूज़) वस्तुओं के हस्तांतरण की अनुमति नहीं होगी।

## हेनली वेल्थ 2026 की जारी रिपोर्ट में बताया गया

# इस साल दुनिया के 1.65 लाख करोड़पति छोड़ रहे हैं अपना देश

नई दिल्ली

- बेहतर सुविधाएं व भविष्य की तलाश में जा रहे

दुनिया में कई ऐसे अमीर लोग है जो अब सिर्फ पैसा और आलीशान जिंदगी के लिए नहीं, बल्कि बेहतर सुविधाओं और भविष्य की तलाश में अपने देश को छोड़कर दूसरे देशों में जाने की तैयारी कर रहे हैं।

करोड़ों-अरबों की संपत्ति रखने वाले कई करोड़पति अब दूसरे देशों में अपना नया ठिकाना बना रहे हैं। हेनली के अनुमान 2026 के मुताबिक, इस साल करीब 1.65 लाख करोड़पति पैसा, रुतबा और शानदार जिंदगी होने के बावजूद अपना देश छोड़कर दूसरे देशों में शिफ्ट होने जा रहे हैं। अमीरों के देश छोड़ने का ये ट्रेंड दुनियाभर में काफी तेजी से देखने को मिल रहा है।

### यूएई बना अमीरों का नया ठिकाना

बताया जा रहा है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) दुनिया भर के अमीरों की पहली पसंद बन चुका है। इसकी सबसे खास बात यह है कि यहां की बेहतर लाइफस्टाइल और बिजनेस का माहौल अमीरों को अपनी ओर खींचता हैं। यूएई का वेल्थ मोबिलिटी स्कोर 85.3 बताया जा रहा है, जो इसे सबसे पसंदीदा देशों में शामिल करता है। वहीं अमेरिका का स्कोर 62.3 है। चौंकाने वाली बात यह है कि अमेरिका से भी ज्यादा लोग दूसरी नागरिकता और नए ठिकानों की तलाश कर रहे हैं।



### भारतीय अमीर क्यों छोड़ रहे हैं देश?

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को लेकर भी कई अहम बातें सामने आई हैं। भारत का वेल्थ मोबिलिटी स्कोर 56.5 बताया गया है। भारतीय अमीरों के दूसरे देशों में जाने के पीछे मुख्य कारणों में पूंजी पर सीमित कंट्रोल और कड़े टैक्स नियम शामिल हैं।

### अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों पर असर

रईसों के देश छोड़ने के इस ट्रेंड का असर अब दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं पर भी दिखाई दे रहा है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों से बाहर जाने वाले अमीरों की संख्या भी बढ़ रही है। ब्रिटेन इस समय अमीरों के देश छोड़ने के मामले में दुनिया के प्रमुख देशों में शामिल है। हालांकि, ब्रिटेन से बाहर जाने वाले लोगों में बड़ी संख्या खुद ब्रिटिश नागरिकों की है।

**रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा पलायन** : दुनिया में करोड़पतियों के दूसरे देशों में बसने का आंकड़ा पिछले कुछ सालों में तेजी से बढ़ा है। रिपोर्ट के मुताबि 2026 में 1.65 लाख अमीरों के देश छोड़ने का अनुमान है।

स्पेन ने सऊदी अरब को 4-0 से हरा

# यामल बने सबसे कम उम्र में गोल करने वाले 8वें खिलाड़ी



अटलांटा

किशोर सुपरस्टार लामिन यामल ने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर पहली बार शुरुआती लाइनअप में शामिल होने के 10 मिनट के भीतर ही गोल किया जबकि मिकेल ओयारजाबल ने दो गोल दागे, जिससे स्पेन सऊदी अरब को 4-0 से हराकर विश्व कप में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने में सफल रहा। खिताब के प्रबल दावेदार स्पेन ने अपना पहला मैच केप वर्दे के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला था और उसे बड़ी जीत की सख्त दरकार थी। 18 वर्षीय फॉरवर्ड यामल ने दूर के पोस्ट पर स्लाइड करते हुए एक लो क्रॉस को शानदार तरीके से गोल में तब्दील कर पहला गोल दागा। इससे वह विश्व कप के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में आठवें नंबर पर काबिज हो गए। यामल को पहले मैच में दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतारा गया था। स्पेन की तरफ से 18 वर्षीय फॉरवर्ड यामल ने दूर के पोस्ट पर स्लाइड करते हुए एक लो क्रॉस को शानदार तरीके से गोल में तब्दील कर पहला गोल दागा। इससे वह विश्व कप के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में आठवें नंबर पर काबिज हो गए।

### विश्व कप में गोल करना सपना सच होने जैसा : यामल

यामल ने कहा, 'पहले मैच में वास्तव में हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन अब हम लय में आ गए हैं और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।' उन्होंने कहा, मैंने हमेशा विश्व कप में खेलने का सपना देखा था और शुरुआती लाइनअप में अपने पहले ही मैच में गोल करना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है। मैंने पिछला विश्व कप क्लासरूम में बैठकर देखा था, इसलिए अपनी मां और परिवार के सामने गोल करना मेरे लिए सपना सच होने जैसा है।'

# इजिप्ट का इंतजार खत्म, दर्ज की पहली जीत, सालाह ने दागा अपना 68वां गोल



## मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराया

वैंकूवर

स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सालाह ने सही समय पर अपना जलवा दिखाया और निर्णायक गोल किया, जिससे मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में अपनी पहली जीत दर्ज की। सालाह ने 67वें मिनट में अपना 68वां अंतरराष्ट्रीय गोल करने के बाद मुट्ठी हवा में लहराकर जश्न मनाया, जिसके बाद उनके साथियों ने उन्हें घेर लिया। बीसी प्लेस वैंकूवर में खचाखच भरे स्टेडियम में लाल रंग की जर्सी पहने इजिप्ट के प्रशंसक इससे रोमांचित हो गए।




जब 85वें मिनट में सालाह की जगह दूसरे खिलाड़ी को उतारा गया तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इस जीत के साथ मिस्र ग्रुप जी में शीर्ष पर पहुंच गया है, लेकिन अभी तक नॉकआउट राउंड में उसकी जगह पक्की नहीं हुई है। मिस्र को शुक्रवार को सिएटल में ईरान के खिलाफ निर्णायक मैच खेलना है, जिसमें उसे आगे बढ़ने के लिए कम से कम ड्रॉ जरूरत होगी। मिस्र चार साल पहले कतर में हुए विश्व कप में नहीं खेल पाया था। वह चौथी बार विश्व कप में भाग ले रहा है। सालाह ने 2018 में रूस में खेले गए विश्व कप में दो गोल किए थे।

# केप वर्दे का जादुई प्रदर्शन, अब उरुग्वे के साथ खेला ड्रॉ

## ग्रुप एच : केप वर्दे ने किया टूर्नामेंट का पहला गोल

**मियामी गार्डन्स।** अपने पहले मैच में खिताब की प्रबल दावेदार स्पेन को चौंकाने वाले केप वर्दे ने अपना जादूई प्रदर्शन जारी रखते हुए दो बार के विश्व कप चैंपियन उरुग्वे के खिलाफ भी यही कारनामा दोहराया और पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मैच 2-2 से ड्रॉ कराया। केविन पिना ने 21वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके विश्व कप में केप वर्दे का पहला गोल किया जबकि हेलियो वारेला ने 61वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। मैक्सी अराउजो (44वें) और अगस्टिन कैनोबियो (इंजरी टाइम के छठे



मिनट) ने पहले हाफ के आखिर में गोल करके उरुग्वे को बढ़त दिलाई, लेकिन दूसरे हाफ में उसकी टीम मौके मिलने के बावजूद गोल करने में नाकाम रही। केप वर्दे के पास नॉक आउट चरण में जगह बनाने का सुनहरा मौका है। उसके अब ग्रुप एच में उरुग्वे के बराबर दो अंक हैं और उसे अपना अंतिम मैच सऊदी अरब के खिलाफ खेलना है। केप वर्दे अफ्रीका के पश्चिमी तट पर स्थित द्वीपों का एक समूह है, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 4 हजार वर्ग मीटर है। उसकी आबादी लगभग 5 लाख है। इससे केप वर्दे जनसंख्या के हिसाब से विश्व कप में खेलने वाला तीसरा सबसे छोटा देश बन गया।

# ग्रुप-जी का अजीब गणित, सारे मैच ड्रॉ, चारों टीमों के 2-2 अंक

इंगलवुड

बेल्जियम ने दूसरे हाफ में अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन वह ईरान के गोलकीपर अलीरेजा बेइरानवंद को नहीं छका पाए, जिससे इन दोनों देशों के बीच विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप जी का मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा।

बेल्जियम और ईरान दोनों को इस मैच में जीत की सख्त दरकार थी लेकिन इन दोनों ने अपना लगातार दूसरा मैच ड्रॉ खेला। असल में ग्रुप जी में अभी तक सभी मैच ड्रॉ रहे हैं और चारों टीम के दो-दो अंक हैं। बेल्जियम हालांकि गोल अंतर के कारण सबसे नीचे है जबकि ईरान दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड पहले और मिस्र तीसरे स्थान पर है।


### ईरान और बेल्जियम ने खेला ड्रा, अलीरेजा ने रोके 7 अटैक




### बेल्जियम के डिफेंडर नगोय को मिला रेड कार्ड

बेल्जियम के डिफेंडर नाथन नगोय को 66वें मिनट में लाल कार्ड मिला जब उन्होंने गेंद को पीछे की ओर गलत तरीके से किक किया और फिर ईरान के स्टार खिलाड़ी मेहदी तारेमी को गोल करने का साफ मौका मिलने से रोकने के लिए फाउल किया। ईरान इसका फायदा नहीं उठा सका। इसके विपरीत वह बेल्जियम था, जिसने मैच के अंतिम क्षणों में गोल करने की बेहतर मौके बनाए। लेकिन बेइरानवंद मजबूत दीवार की तरह खड़े रहे। उन्होंने सात बार गेंद को गोल में जाने से रोका। सोफी स्टेडियम में आए इस नतीजे से दोनों में से कोई भी टीम खुश नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### यामाशिता ने खिताब जीता 24वें स्थान पर अदिति

**बेलमोंट।** भारत की अदिति अशोक अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से मायेर एलपीजीए क्लासिक टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 24वें स्थान पर रहीं। अदिति का टूर्नामेंट में कुल स्कोर आठ अंडर रहा। पूर्व मेजर विजेता मियु यामाशिता ने प्ले ऑफ में लोटी वोड को पछाड़कर खिताब जीता। दोनों खिलाड़ियों का स्कोर 17 अंडर पार था, जिसके बाद मियु ने पहले प्ले ऑफ होल में बर्डी के साथ खिताब अपने नाम किया। अदिति शुरुआती दो दौर में तीन अंडर 36 के समान स्कोर से शीर्ष 10 में जगह बनाने की दावेदार थीं लेकिन आखिरी दो दौर में 71 के स्कोर से पिछड़ गईं।

### इंग्लिश ओपनः संयुक्त 12वें स्थान पर तलवार

**वॉरसेस्टरशर।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने मौजूदा साल का भारत के बाहर सर्वश्रेष्ठ नतीजा हासिल किया जब वह इंग्लिश ओपन में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर रहे। तलवार मामूली अंतर से शीर्ष 10 में



जगह बनाने से चूक गए। उनका कुल स्कोर 10 अंडर रहा और वह संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर रहे खिलाड़ियों से एक शॉट पीछे रहे। अंतिम दौर में चार अंडर 68 का स्कोर बनाने वाले तलवार को शीर्ष 10 में जगह बनाने के लिए अंतिम होल में एक बर्डी की जरूरत थी लेकिन वह पार का स्कोर ही बना पाए। इस साल भारत में तलवार का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पीजीटीआई ओपन में संयुक्त दूसरे स्थान पर रहना रहा है। अमेरिका के जॉन कैटलिन (67) ने प्ले ऑफ में नॉर्वे के क्रिस्टियन क्रोग योहानसेन (66) को पछाड़कर खिताब जीता। दोनों का स्कोर 18 अंडर रहा था जो उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से पांच शॉट बेहतर था।

आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप

# 16 वर्षीय प्रीतम ने एयर राइफल में जीता गोल्ड

सुहल

युवा निशानेबाज प्रीतम केंद्रे ने अपने कौशल और एकाग्रता का शानदार नमूना पेश करते हुए आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।भारत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीता, जिससे उसके पदकों की कुल संख्या 11 हो गई। इनमें पांच स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग ले रहे 16 वर्षीय प्रीतम ने 8 खिलाड़ियों के फाइनल में 251.3 का स्कोर बनाकर तटस्थ खिलाड़ी टिमोफेई एलेनिकॉव और नॉर्वे के जेन्स ओस्टली को पीछे छोड़ते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। पुणे के इस



निशानेबाज ने हाल ही में अपनी कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

### मेरा पूरा ध्यान प्रत्येक शॉट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर : प्रीतम

प्रीतम ने कहा, 'मैं स्वर्ण पदक जीत कर बेहद खुश हूं। प्रतियोगिता के दौरान मेरा पूरा ध्यान अपनी तकनीक और प्रत्येक शॉट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर था। उन्होंने कहा, ' विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने से मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। मैं 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में लगातार सुधार करना चाहता हूं और देश के लिए लगातार पदक जीतना चाहता हूं।'

# आईसीसी ने प्रेग्नेंट महिला खिलाड़ियों के लिए जारी की नई गाइडलाइंस

दुबई

आईसीसी ने महिला क्रिकेटरों के लिए प्रेग्नेंसी के बाद खेल में वापसी को आसान बनाने के उद्देश्य से नई गाइडलाइन जारी की है। इस छह-स्तरीय योजना के तहत खिलाड़ियों को ट्रेनिंग, मेडिकल रिकवरी, यात्रा और बच्चों की देखभाल से जुड़ी सहायता मिलेगी।

इसके तहत महिला खिलाड़ी अब प्रेग्नेंसी के बाद आसानी से क्रिकेट के मैदान में वापसी कर सकेंगी। इसके लिए आईसीसी ने छह चरणों वाली एक गाइडलाइन जारी की है। इससे बच्चे को जन्म देने के बाद महिला खिलाड़ियों का करियर प्रभावित नहीं होगा और उन्हें वापसी के लिए हरसंभव मदद मिलेगी।




### आईसीसी करेगी मदद

आईसीसी की गाइडलाइन के अनुसार, क्रिकेट बोर्ड खिलाड़ी के लिए एक विशेष मैनेजर नियुक्त करेगा। यह मैनेजर खिलाड़ी की हरसंभव सहायता करेगा। इसमें खिलाड़ी की ट्रेनिंग को लचीला बनाना, बच्चों की देखभाल और यात्रा में मदद करना शामिल होगा। इसके अलावा बच्चे के जन्म के बाद मेडिकल अवकाश और रिकवरी के लिए भी हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# विंबलडन में सिंगल्स खेलेंगी सेरेना, मिला वाइल्ड कार्ड

लंदन

सेरेना विलियम्स ने तीन सप्ताह पहले घोषणा की थी कि वह चार साल के बाद पेशेवर टेनिस में वापसी कर रही हैं, लेकिन अब स्पष्ट हो गया है कि यह दिग्गज खिलाड़ी 44 साल की उम्र में विंबलडन के महिला एकल में अपना जलवा दिखाएंगी।

पिछले तीन सप्ताह से कयास लगाए जा रहे थे कि 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विंबलडन के एकल में खेलेगी या नहीं लेकिन अब ऑल इंग्लैंड क्लब ने एक वाक्य



के बयान में सब कुछ साफ कर दिया है। ऑल इंग्लैंड क्लब ने ग्रास कोर्ट पर होने वाले इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के शुरू होने से आठ दिन पहले बयान जारी करके कहा, 'सेरेना विलियम्स (अमेरिका) को महिला एकल वर्ग में अंतिम वाइल्ड कार्ड दिया गया है।' सेरेना इस तरह से विंबलडन में एकल और युगल दोनों में खेलेंगी। उन्होंने पहले ही अपनी बड़ी बहन वीनस के साथ युगल प्रतियोगिता के लिए वाइल्ड कार्ड स्वीकार कर लिया है। विंबलडन ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कहा, 'यह कोई 'ड्रिल' नहीं है।'

# डच लेडीज ओपन : शीर्ष पांच में दीक्षा, अवनि और प्रणवी



एमनेस

भारतीय महिला गोल्फरों ने लेडीज यूरोपीय टूर पर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में से एक किया जब दीक्षा डागर, अवनि प्रशांत और प्रणवी उर्स डच लेडीज ओपन में शीर्ष पांच में जगह बनाने में सफल रहीं।

दीक्षा और अवनि आठ अंडर 208 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं जबकि प्रणवी ने सात अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवां स्थान हासिल किया। दीक्षा मौजूदा सत्र में चौथी बार शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहीं जबकि अवनि ने लगातार दूसरे टूर्नामेंट में शीर्ष पांच में जगह बनाई। प्रणवी मौजूदा वर्ष में पहली बार शीर्ष पांच में शामिल रहीं।

आज से यूएस ओपन

# अनुभवी और युवा जोड़ी से भारत को उम्मीदें



फुलर्टन

अनुभवी खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उभरती हुई स्टार तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू होने वाले यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस प्रतियोगिता के एकल में कई अन्य भारतीय खिलाड़ी भी अपना भाग्य आजमाएंगे, जिनमें पुरुष वर्ग में किदाम्बी श्रीकांत भी शामिल हैं। महिला वर्ग में कुल 7 भारतीय खिलाड़ी एकल में चुनौती पेश करेंगे।

### सेन को दी गई दूसरी वरीयता

विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज सेन को दूसरी वरीयता दी गई है और पहले दौर में उनका मुकाबला बेल्जियम के जूलियन कैरागी से होगा। श्रीकांत पुरुष एकल में अपना पहला मैच चीनी ताइपे के लियाओ झूओ-फू के खिलाफ खेलेंगे। सानीथ दयानंद जापान के चौथी वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोतो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। एस शंकर मुथुसामी सुब्रमणियन ने भी मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली है और उनका मुकाबला क्वालीफायर से होगा।

### तन्वी का पहला मुकाबला यवोन ली के खिलाफ

महिला एकल में पांचवीं वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा और छठी वरीयता प्राप्त देविका सिहाग अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। वे विश्व रैंकिंग में क्रमशः 32वें और 34वें स्थान पर हैं। सत्रह वर्षीय तन्वी जर्मनी की यवोन ली के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगी जबकि देविका का सामना पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो सालाजार से होगा। विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज अनमोल खरब पहले दौर में बुल्गारिया की कालोयाना नलबंतोवा से भिड़ेंगी। रक्षिता का सामना पहले दौर में क्वालीफायर से होगा।

एफआईएच प्रो लीग : एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के बाद पहली बार होगा आमना-सामना

# जीत की लय के साथ आज पाकिस्तान के खिलाफ उतरेगी हॉकी टीम

लंदन

ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ रोमांचक जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण के शुरुआती मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ इसी लय को बनाए रखने की कोशिश करेगी। भारत और पाकिस्तान 2024 में चीन के हुलुनबुइर में हुए एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी मुकाबले के बाद पहली बार एक-दूसरे का सामना करेंगे।

उस मैच में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की बदौलत भारत ने 2-1 से जीत हासिल की थी। भारत ने रोटरडम में चार में से दो मैच जीते। उन्होंने रविवार को रोटरडम चरण के आखिरी मैच में मेजबान और दुनिया की दूसरे नंबर की टीम



नीदरलैंड को 3-2 से हराया। भारत को दूसरी जीत (3-1) मौजूदा विश्व चैंपियन और दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी के खिलाफ मिली। अन्य दो मैच में भारत को नीदरलैंड के खिलाफ 2-3 जबकि जर्मनी के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

### नीदरलैंड चरण का अनुभव बहुमूल्य

भारतीय टीम के लिए नीदरलैंड चरण का अनुभव बहुमूल्य रहा है। टीम इस टूर्नामेंट का इस्तेमाल इस साल होने वाली दो बड़ी प्रतियोगिताओं एफआईएच विश्व कप और एशियाई खेलों (जो ओलंपिक क्वालीफायर भी है) से पहले अपनी कमियों को सुधारने के लिए कर रही है 9 टीम वाली प्रो लीग तालिका में भारत अभी आठवें नंबर पर है। वे अपने अगले प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से आगे हैं, जिसने टूर्नामेंट में अब तक एक भी अंक हासिल नहीं किया है।

### महिला खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक

भारत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में अंजलि भागवत, परिशा गुप्ता और निथिला क्रिस्टोफर के संयुक्त प्रयास से कांस्य पदक जीता। इन तीनों ने कुल मिलाकर 1713 अंक बनाए। अंजलि इस स्पर्धा के व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय निशानेबाज थीं। उन्होंने 577 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए क्वालीफाई किया। फाइनल में हालांकि वह छठा स्थान ही हासिल कर पाई।

**शीर्ष तीन में जगह बनाने से चूके पीयूषः** प्रीतम और उनके साथी पीयूष शर्मा क्वालीफाइंग राउंड में क्रमशः 628.2 और 629.0 का स्कोर बनाकर क्रमशः तीसरे और पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचे थे।

# इजराइल-लेबनान के बीच बढ़ते तनाव का हल जल्द : ट्रंप

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि इजराइल व लेबनान के बीच बढ़ते तनाव का हल जल्द निकाल लेंगे. ट्रंप का यह बयान उस आया जब इजराइल के प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू ने सार्वजनिक घोषणा की थी कि उनकी सेना लेबनान से नहीं निकलेगी. ट्रंप ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह मुद्दा जल्द सुलझा लिया जाएगा. मैं प्रॉब्लम सॉल्वर हूं. मैं बहुत जल्दी समस्याएं हल कर देता हूं. नेतन्याहू के साथ भी. ज्ञात हो कि यरूशलम में जेएनएस समिट में हुए नेतन्याहू ने कहा था कि वो हर उस काम को नहीं करते जो ट्रंप चाहते हैं. उन्होंने कहा था कि लोग समझते हैं कि वो और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक-दूसरे के अनुसार ही काम करते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है. गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते में सभी मोर्चों पर युद्ध रोकने की बात कही गई थी. लेकिन, इसके बाद भी इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच झड़प जारी रही.



**लेबनान पर यूएस-ईरान डील से इजराइल को झटका, नेतन्याहू बोले- सेना नहीं हटाएंगे**

अंतरिम शांति समझौते और हाल ही में स्विट्जरलैंड में हुई बातचीत के बीच, इजराइल ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका के साथ शामिल था। चिंता है कि ट्रम्प प्रशासन लेबनान में तेहरान की स्थिति मजबूत कर सकता है; लेबनान से बेंजामिन नेतन्याहू ने इजराइली सेना को हटाने से इनकार कर दिया है। यह युद्ध फरवरी 2026 में ईरान पर अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों के साथ शुरू हुआ था और अब यह ऐसे मोड़ पर है जहाँ वाशिंगटन तेहरान के साथ बातचीत कर रहा है, और इजराइल लेबनान को लेकर उलझन में फँसा हुआ है। पिछले हफ़्ते अमेरिका और ईरान के बीच हुए 14-सूत्रीय समझौते में लेबनान में लड़ाई रोकने की बात भी शामिल है। इस मसौदे का पहला ही बिंदु कहता है: अमेरिका, ईरान और मौजूदा युद्ध में उनके सहयोगी इस समझौते पर हस्ताक्षर कर रहे हैं ताकि लेबनान समेत सभी मोर्चों पर सैन्य कार्रवाई को तुरंत और हमेशा के लिए खत्म किया जा सके। साथ ही, वे यह भी तय कर रहे हैं कि अब से वे एक-दूसरे के खिलाफ कोई युद्ध या सैन्य कार्रवाई शुरू नहीं करेंगे, एक-दूसरे के खिलाफ बल प्रयोग या उसकी धमकी से बचेंगे, और लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को सुनिश्चित करेंगे। हालांकि, सोमवार को नेतन्याहू ने ऐसा लगा कि यूएस-ईरान एमओयू को नजरअंदाज कर दिया और कहा कि इजराइली सेना दक्षिणी लेबनान में तब तक बनी रहेगी जब तक उन्हें अपने लोगों की सुरक्षा के लिए इसकी जरूरत होगी। स्विट्जरलैंड में ईरान और अमेरिका के बीच तकनीकी बातचीत पूरी होने के बाद, अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि नेतन्याहू की सरकार को चिंता है कि अमेरिका लेबनान में ईरान के प्रभाव को बढ़ा सकता है, जिससे इस इलाके में इजराइल की कार्रवाई करने की आजादी पर असर पड़ सकता है।

# ब्रिक्स बैठक में ईरान और यूएई के बीच तीखी झड़प, यूएस-इजरायल के हमलों में साथ देने का लगा आरोप

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नयी दिल्ली में ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की 16वीं बैठक के दौरान ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच तनाव चरम पर पहुँच गया। ईरानी अधिकारियों ने औपचारिक रूप से यूएई पर आरोप लगाया कि अमेरिका और इजराइल के ऑपरेशन के दौरान इस्लामिक रिपब्लिक के खिलाफ हुए सैन्य हमलों में वअए सीधे तौर पर शामिल था। भारत में ईरानी दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उप-सचिव गदीर निजामीपुर ने उच्च-स्तरीय सुरक्षा फोरम के दौरान अमीराती




प्रतिनिधिमंडल की कड़ी आलोचना करते हुए उनके दावों का कड़ा खंडन किया। इसमें कहा गया है कि सभा को संबोधित करते हुए नेजामीपुर ने यूएई के प्रतिनिधि द्वारा तेहरान पर पहले लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया और इसके बजाय चल रहे क्षेत्रीय संघर्ष को लेकर सीधे टकराव का रुख अपनाया। दूतावास ने लिखा, ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उप-सचिव डॉ. गदीर नेजामीपुर ने नई दिल्ली में #BRICS देशों की सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की 16वीं बैठक में बोलते हुए, संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधि द्वारा इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान पर लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया। होर्मुज जलडमरूमध्य में हालिया संकट शुरू करने के लिए अमेरिका और इजराइल पर आरोप लगाते हुए, नेजामीपुर ने अपनी आलोचना का दायरा बढ़ाते हुए वअए को भी इसमें शामिल किया। उन्होंने कहा कि यूएई ने न केवल अपने क्षेत्र का इस्तेमाल हमलों के लिए एक अड्डे के तौर पर करने दिया, बल्कि उन अभियानों में भी सक्रिय रूप से हिस्सा लिया जिनका निशाना ईरानी बुनियादी ढांचा था।

**ब्रिक्स एनएसए बैठक में भारत की मजबूत दावेदारी, अजीत डोभाल ने वैश्विक सुरक्षा पर साझा प्रयासों को बताया जरूरी, कहा**

# होर्मुज स्ट्रैट का खुलना स्वागत योग्य कदम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत इस समय ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहा है। नई दिल्ली में मंगलवार को आयोजित इस दो दिवसीय शिखर बैठक के दौरान भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य को लेकर कई बेहद गंभीर और कूटनीतिक बातें कहीं। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया इस समय विभिन्न कोनों में चल रहे सैन्य संघर्षों, गंभीर आर्थिक दबावों और तेजी से बदलती तकनीक के कारण उत्पन्न हुई नई चुनौतियों से जूझ रही है। अजीत डोभाल ने इस बात पर गहरी चिंता जताई कि दुनिया की पुरानी स्थापित अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं और पुराने नियम इन




द्विपक्षीय व बहुपक्षीय झगड़ों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं।

**अमेरिका-ईरान समझौते का खुला स्वागत, वैश्विक खाद्य और रसायन आपूर्ति को मिलेगी नई ताकत**

इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच से अमेरिका और ईरान के बीच बनी हालिया आपसी सहमति का खुलकर स्वागत किया और इसे पूरी दुनिया के हित में एक बेहद सकारात्मक और बड़ा कदम बताया। एनएसए अजीत डोभाल ने स्पष्ट किया कि भारत इस समझौते को लेकर पूरी तरह आशावान है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पहले इस दिशा में की जा रही शांति वाताओं का पूरा समर्थन किया था। डोभाल के अनुसार, इस समझौते का सबसे बड़ा व्यावहारिक असर होर्मुज जलडमरूमध्य के रणनीतिक समुद्री रास्ते के सुचारू रूप से खुलने के तौर पर सामने आएगा। इस समुद्री मार्ग की स्थिरता बहाल होने से न केवल अंतरराष्ट्रीय व्यापार की बाधाएं दूर होंगी, बल्कि दुनिया भर के देशों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित होगी और भारत सहित तमाम देशों को खाद्य व रसायनों जैसी बेहद जरूरी चीजों की निर्बाध आपूर्ति आसानी से मिल सकेगी। इस कूटनीतिक बातचीत की सफलता की सराहना अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी की है।

**दुनिया की आधी आबादी का घर है ब्रिक्स, आतंकवाद और साइबर खतरों के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान**

अजीत डोभाल ने आंकड़ों का विस्तृत हवाला देते हुए ब्रिक्स समूह की बढ़ती ताकत और वैश्विक स्तर पर इसकी प्रशासनिक जिम्मेदारियों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि ब्रिक्स देशों में वर्तमान में लगभग 3.9 अरब लोग निवास करते हैं, जो पूरी दुनिया की कुल आबादी का तकरीबन 49 प्रतिशत है। इसके साथ ही यह शक्तिशाली समूह वैश्विक अर्थव्यवस्था में 30 प्रतिशत से भी ज्यादा का सीधा योगदान देता है, जिससे साफ है कि आज जब पूरी दुनिया गहरे तनाव और अनिश्चितता का सामना कर रही है, तब इस मंच की भूमिका बहुत ज्यादा खास हो जाती है। एनएसए ने सदस्य देशों से अपील की कि वे सीमाओं के पार से होने वाले गैर-पारंपरिक खतरों के प्रति पूरी तरह सतर्क रहें और ब्रिक्स देशों की संप्रभुता की रक्षा के लिए मिलकर काम करें।

**आतंकवाद के छिपे हुए रूपों और साइबर हमलों पर गंभीर मंथन, सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट रहने के निर्देश**

बैठक के आखिरी सत्र में अजीत डोभाल ने आतंकवाद के बदलते और बेहद घातक रूपों को लेकर सभी सदस्य देशों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद ने अब डिजिटल और छिपे हुए स्वरूप अख्तियार कर लिए हैं, जिसमें खतरनाक तकनीकों का गलत इस्तेमाल और देश की सीमाओं को लांघकर किए जा रहे साइबर हमले सबसे बड़ा सिरदर्द बन चुके हैं। डोभाल ने दोटूक कहा कि इन आधुनिक डिजिटल खतरों से निपटने के लिए हमारी सुरक्षा एजेंसियों के पुराने पारंपरिक तरीके अब नाकाफी साबित हो रहे हैं।

## संक्षिप्त खबर

### कांग्रेस का छात्रों की गूंज अभियान 25 जून से, 9 अगस्त को दिल्ली चलो कार्यक्रम



**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने युवाओं और छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर देशभर में छात्रों की गूंज अभियान चलाने का ऐलान किया है. इस संबंध में कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने पार्टी पदाधिकारियों को पत्र जारी कर अभियान को समर्थन देने की अपील की है. जारी पत्र के अनुसार, कांग्रेस ने कहा है कि देश के युवा बेरोजगारी और लगातार सामने आ रहे परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामलों से प्रभावित हो रहे हैं. अभियान का उद्देश्य परीक्षा प्रणाली और भर्ती प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाना बताया गया है. यह अभियान 25 जून 2026 से 9 अगस्त 2026 तक चलेगा. अभियान के अंतिम चरण में 9 अगस्त को दिल्ली चलो कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है. इस दौरान देशभर में जिला स्तर पर जनसंपर्क अभियान, प्रेस कॉन्फ्रेंस, छात्र संवाद, सार्वजनिक कार्यक्रम और सोशल मीडिया अभियान चलाए जाएंगे. पत्र में पार्टी की राज्य, जिला और अन्य इकाइयों से अपील की गई है कि वे भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के साथ मिलकर अभियान को आगे बढ़ाएं और छात्रों, अभ्यर्थियों व अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करें.


### डोनाल्ड ट्रंप को खुश करने के बजाय पीएम मोदी राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दें : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमलावर होते हुए कहा कि वे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को खुश करने में लगे हुए हैं. आरोप लगाया कि ट्रंप ऑपरेशन सिंदूर रुकवाने के दावे कर रहे हैं लेकिन श्री मोदी उनको चुनौती नहीं दे रहे हैं. कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा किया. उन्होंने कहा कि भारत को किसी भी ऐसी व्यापारिक संधि पर हस्ताक्षर करने के झांसे में नहीं आना चाहिए जो देश हितों के खिलाफ हो. जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि अमेरिका भारत पर दबाव बनाकर अपने पक्ष में व्यापार समझौता कराने की कोशिश में लगा हुआ है. श्री रमेश ने कहा कि छह फरवरी को घोषित भारत अमेरिका व्यापार समझौते के तहत भारत से कई रियायतों की अपेक्षा की गयी, जबकि अमेरिका द्वारा कोई ठोस गारंटी नहीं दी गयी. उन्होंने दावा किया कि ऐसे किसी भी समझौते से भारतीय किसानों और घरेलू हितों को नुकसान पहुंच सकता है. जयराम रमेश ने कहा कि पीएम मोदी को राष्ट्रपति ट्रंप को खुश करने के बजाय राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए. मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति के उन दावों का जवाब देना चाहिए, जिनमें उन्होंने बार-बार ऑपरेशन सिंदूर को रुकवाने का श्रेय लेने की बात कही है.

### स्विट्जरलैंड में जारी है बातचीत, ईरान को तेल की बिक्री के लिए 60 दिनों की छूट मिली

**वाशिंगटन।** स्विट्जरलैंड में अमेरिका-ईरान के हुई पहले राउंड की बातचीत का शुरूआती परिणाम यह है कि ईरान को तेल की बिक्री के लिए 60 दिनों की छूट मिल गयी है. इस छूट के बदले में ईरान होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही को प्रभावित नहीं करेगा. छूट के तहत ईरान 21 अगस्त तक कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों को बाजार में बेच सकता है. इस फैसले से कुछ घंटे पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा था कि स्विट्जरलैंड में जारी बातचीत में अच्छी प्रगति हुई है. इस क्रम में ट्रेजरी विभाग ने ईरान जनरल लाइसेंस एक्सच जारी किया. इस पर नजर डालें तो 21 अगस्त तक ईरान से निकलने वाले कच्चे तेल, पेट्रोकेमिकल उत्पाद सहित अआन्य पेट्रोलियम उत्पादों के उत्पादन, डिलीवरी और बिक्री की अनुमति प्रदान की गयी है. अमेरिका द्वारा ईरान को दी गयी 60 दिनों की छूट से भारत को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है. बता दें कि अमेरिका द्वारा ईरान पर प्रतिबंध लगाये जाने से पहले तक भारत ईरान का बड़ा तेल खरीदार था. 2019 में जब ट्रंप राष्ट्रपति बने तो उन्होंने ईरान पर प्रतिबंध लगा दिये थे, इसके बाद भारत को तेहरान से तेल की खरीदारी कम करनी पड़ा. जब यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ तो भारत रूसी कच्चे तेल का बड़ा खरीदार बन गया.

### अयोध्या राम मंदिर चंदा चोरी मामला : एसआईटी ने शुरूआती जांच रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव को सौंपी



**लखनऊ।** खबर है कि एसआईटी ने अयोध्या स्थित राम मंदिर चंदा चोरी मामले में आज मंगलवार को शुरूआती जांच रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद को सौंप दी . एसआईटी अंतिम रिपोर्ट 15 दिन बाद सौंपेगी. सूत्रों के अनुसार रिपोर्ट में राम मंदिर को दान में दी गयी राशि की गिनती में हुई लापरवाही का जिक्र किया गया है. एसआईटी की टीम आगे भी जांच जारी रखेगी एसआईटी टीम में शामिल विजय विश्वास पंत ने कहा, आज अयोध्या मामले की जांच रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव को सौंप दी गयी है. उन्होंने इसे प्रारंभिक प्रतिवेदन बताया. कहा कि यह गोपनीय जांच है, इसलिए अभी हम कोई जानकारी नहीं दे सकते. हमने जो जांच में पाया, उसे रिपोर्ट में दर्ज किया गया है. जान लें कि राम मंदिर चंदे में हेराफेरी किये जाने की खबर आने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था. एसआईटी में तीन बड़े आईपीएस अधिकारियों को शामिल किया गया था. रिपोर्ट में राम मंदिर का चढ़ावा गिनने वाले कर्मचारियों, कुछ ट्रस्ट के सदस्य एसबीआई के कर्मचारियों की भूमिका संदेह के घेरे में लिये जाने की सूचना है एक खबरऔर है कि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर राम मंदिर के चढ़ावे में कथित हेराफेरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गयी है.

### दिल्ली-एनसीआर में आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश, धूल भरी आंधी से दिन में छाया अंधेरा

**नयी दिल्ली।** धूल भारी आंधी से सड़कों पर गाड़ियों की रफ्तार थम गई. वाहन चालकों को दिन में ही हेडलाइट्स जलानी पड़ीं. आंधी के ठीक बाद तेज तूफान और मूसलाधार बारिश ने मौसम को पूरी तरह बदल दिया. मौसम विभाग के अनुसार 23 से 26 जून और 29 जून को हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पंजाब में; 23-24 जून और 29 जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में; 23 जून और 28-29 जून को पूर्वी उत्तर प्रदेश में; और 23 से 29 जून के दौरान पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान में कहीं-कहीं या छिटपुट बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग के अनुसार 23 से 26 जून और 29 जून को हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पंजाब में; और 23 जून को पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान में कहीं-कहीं आंधी-तूफान, बिजली कड़कने और तेज हवाएं (40-50 किमी/घंटा की रफ्तार, झोंकों के साथ 60 किमी/घंटा तक) चलने की संभावना है.

# दीदी को लगा तगड़ा झटका- टीएमसी में भयंकर बगावत, बागियों ने ममता को हटाकर अरुप रॉय को बनाया पार्टी अध्यक्ष

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में मंगलवार सुबह एक ऐसा नाटकीय मोड़ सामने आया है जिसने राज्य से लेकर देश के सियासी गलियारों तक भूचाल ला दिया है। विधानसभा चुनाव हारने के बाद से ही टीएमसी के भीतर सुलग रही असंतोष की चिंगारी अब एक बड़ी पार्टी टूट के रूप में तब्दील हो चुकी है। पार्टी के बागी विधायकों की अगुवाई कर रहे दिग्गज नेता ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में सोमवार को कोलकाता में एक अत्यंत गोपनीय और महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बागी गुट ने सर्वसम्मति से पार्टी के संविधान का हवाला देते हुए एक नया वर्किंग ढांचा तैयार किया और ममता बनर्जी को सर्वोच्च पद से हटा दिया। उनकी जगह पर हावड़ा मध्य सीट से लगातार चौथी बार विधायक चुने गए वरिष्ठ नेता अरूप रॉय को तृणमूल कांग्रेस का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष



घोषित किया गया है, जिसके बाद पूरी पार्टी पर नियंत्रण हासिल करने की विधिक लड़ाई तेज हो गई है।

पार्टी के भीतर मचे इस घमासान के चलते ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस इस समय स्पष्ट रूप से तीन अलग-अलग धड़ों में विभाजित नजर आ रही है। इसमें पहला धड़ा बागी विधायकों का है, दूसरा धड़ा बागी लोकसभा व राज्यसभा सांसदों का है, जबकि तीसरा गुट अभी भी ममता बनर्जी के साथ उनके वफादार नेताओं के रूप में खड़ा है। कोलकाता की बैठक के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए ऋतब्रत बनर्जी ने कड़े शब्दों में कहा कि यह पूरी सांगठनिक प्रक्रिया पार्टी के तय संविधान के अनुरूप ही आयोजित की गई है। उन्होंने ममता बनर्जी के प्रति नरमी दिखाते हुए यह भी कहा कि अगर 'दीदी' चाहें, तो वे नई व्यवस्था के तहत पार्टी की 'मुख्य सलाहकार' की भूमिका में काम कर सकती हैं। बागी गुट ने इस नई वर्किंग कमेटी की पूरी रिपोर्ट तैयार कर ली है, जिसे विधिक मान्यता के लिए जल्द ही भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। नए राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूप रॉय की इस नई टीम में कई कद्दावर और अनुभवी चेहरों को शामिल कर विरोधी खेमे को पूरी तरह पस्त करने की रणनीति बनाई गई है।

# भारत-तिब्बत सीमा व्यापार, 26 ट्रेड पास जारी किए गए, 6 साल बाद लौटेगी रौनक

एजेंसी

**पिथौरागढ़।** भारत-तिब्बत सीमा व्यापार 6 साल के बाद फिर नये रंग में लौट रहा है. पहली बार व्यापारी सड़क मार्ग से वाहनों के जरिए लिपुलेख दर्रे के नजदीक तक पहुंच सकेंगे. प्रशासन ने व्यापार की पहली खेप में 26 ट्रेड पास जारी कर दिए हैं, जिनमें 17 व्यापारी और नौ सहायक शामिल हैं. गुंजी में कस्टम कार्यालय और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं भी शुरू कर दी गई हैं. 25 से 30 पास और जारी होंगे: इस बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए धारचूला के एसडीएम आशीष जोशी ने बताया कि व्यापारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए तैयार हो चुके परमिट तत्काल जारी कर दिए गए हैं. इस वर्ष सीमा व्यापार के लिए कुल 103 आवेदन मिले हैं. शेष आवेदनों की जांच के बाद अगले दो-तीन दिनों में 25 से 30 और पास जारी किए जाएंगे. सीमा व्यापार दोबारा शुरू




होने का सबसे बड़ा फायदा सीमांत क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था, स्थानीय रोजगार और छोटे कारोबारियों को होगा. करीब सात साल तक व्यापार बंद रहने के दौरान तकलाकोट की पुरानी मंडी की कई दुकानें नेपाली और अन्य व्यापारियों को आवंटित कर दी गई थीं. अब भारतीय और नेपाली व्यापारियों के लिए नई ट्रेड मंडी विकसित की गई है. इसी नई मंडी में भारतीय व्यापारियों को दुकानें दी जाएंगी.

**नई मंडी में ज्यादा सुविधाएं:**

व्यापार समिति का कहना है कि नई मंडी पहले के मुकाबले ज्यादा व्यवस्थित है और वहां सामान रखने के लिए अधिक जगह उपलब्ध होगी. भारतीय व्यापारियों के लिए रियायती किराए और बेहतर लॉजिस्टिक सुविधा की भी मांग की गई है.

**साल 2019 में तीन करोड़ का कारोबार हुआ था**

व्यापार से जुड़े लोगों का मानना है कि सड़क और आधुनिक सुविधाओं के कारण आने वाले वर्षों में कारोबार का दायरा और बढ़ सकता है. 2019 में इस मार्ग से करीब तीन करोड़ रुपए का व्यापार हुआ था, जिसमें लगभग 1.25 करोड़ रुपए का निर्यात और 1.90 करोड़ रुपये का आयात शामिल था. अब सड़क और आधुनिक सुविधाओं के साथ व्यापार फिर शुरू होने जा रहा है, ऐसे में इस आंकड़े के काफी बढ़ने की संभावना जताई जा रही है. व्यापार बंद होने के कारण कई भारतीय व्यापारी अपना सामान तिब्बत की तकलाकोट मंडी में ही छोड़ आए थे.

# '36 के 36 राफेल पूरी तरह सलामत'- भारतीय वायुसेना के मेंटेनेंस टेंडर से ध्वस्त हुआ पाकिस्तान का झूठ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के 'राफेल नैरेटिव' को एक बार फिर बहुत बड़ा झटका दिया है। दरअसल, पिछले कुछ समय से पाकिस्तान के अलग-अलग मीडिया प्लेटफॉर्म और सैन्य टिप्पणीकारों द्वारा मनगढ़ंत आंकड़े पेश कर यह झूठा प्रचार किया जा रहा था कि भारत के तीन राफेल विमान नष्ट हो चुके हैं। इस दुष्प्रचार पर करारा तमाचा मारते हुए भारतीय वायुसेना के डायरेक्टरेट ऑफ इंजीनियरिंग ने 15 जून 2026 को फ्रांस की कंपनी 'सैफ्रान एयरक्राफ्ट इंजिन्स' को एक आधिकारिक ₹ब्रिज सपोर्ट₹ प्रस्ताव भेजा है। यह एक प्रकार का सपोर्ट टेंडर है, जो सीधे तौर पर यह प्रमाणित करता है कि भारत के पास फ्रांस से खरीदे गए सभी 36 राफेल विमान पूरी तरह सुरक्षित और चालू हालत में हैं।

**पाकिस्तान का एक और झूठ हुआ पूरी तरह बेनकाब, महिला पायलट को पकड़ने का दावा भी निकला फर्जी**



इस रक्षा दस्तावेज के सामने आने के बाद रक्षा सूत्रों ने साफ किया है कि मेंटेनेंस और सपोर्ट कॉन्ट्रैक्ट हमेशा ऑपरेटर के पास मौजूद वास्तविक इन्वेंट्री के आधार पर ही तैयार किए जाते हैं। टेंडर के कागजातों में बेड़े की संख्या में किसी भी प्रकार की कमी का कोई जिक्र नहीं है, बल्कि सभी 36 विमानों के लिए भविष्य की उड़ान जरूरतों का पूरा हिसाब-किताब लगाया गया है। पाकिस्तान ने न केवल विमानों को गिराने की अफवाह फैलाई थी, बल्कि उसने भारत की एक महिला पायलट को भी हिरासत में लेने का बेहद हास्यास्पद और झूठा दावा किया था, जो अब पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। वायुसेना के अधिकारियों का कहना है कि भारत-फ्रांस सरकारी समझौते के तहत वर्ष 2016 में शामिल किए गए ये सभी लड़ाकू विमान इस समय पूरी तरह ऑपरेशनल हैं और अंबाला स्थित नंबर 17 स्क्वाड्रन ₹गोल्डन एरोज₹ तथा हासिमारा स्थित नंबर 101 स्क्वाड्रन में तैनात रहकर देश की सीमाओं की रखवाली कर रहे हैं। वायुसेना द्वारा जारी किए गए इस नए टेंडर का मुख्य उद्देश्य आगामी 18 सितंबर 2026 के बाद भी राफेल विमानों के बेड़े के संचालन को बिना किसी रुकावट के जारी रखना है। प्रस्तावित अनुबंध के तहत राफेल के 'ट88 इंजन' बनाने वाली मूल कंपनी सैफ्रान भारत को खास तकनीकी सहायता, जरूरी स्पेयर पार्ट्स और इंजीनियरिंग सेवाएं प्रदान करेगी।

### बदरीनाथ-केदारनाथ समेत पुलिस थानों को बम से उड़ाने की धमकी, हरियाणा और खालिस्तान से जुड़े तार

**हरिद्वार/देहरादून:** उत्तराखंड के कई सरकारी संस्थानों, निकायों, पर्यटक स्थलों, धार्मिक स्थलों और उत्तराखंड के पुलिस थानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है. ये धमकी भरे मेल मसूरी नगर पालिका, हरिद्वार नगर निगम को भेजे गए हैं. मेल भेजने वाले ने खुद को कथित तौर पर खालिस्तान से जुड़ा बताया है. इसके अलावा पुलिस थानों को मिली धमकी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए भी दी गई है. पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. हरिद्वार नगर निगम कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है. नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर ईमेल के जरिए धमकी भरा मेल भेजा गया है. मेल में हरिद्वार नगर निगम के अलावा उत्तराखंड के ऋषिकेश, केदारनाथ ज्योतिर्लिंग और बदरीनाथ धाम को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई है. कथित तौर पर धमकी देने वालों ने खुद को खालिस्तान से जुड़ा बताया और बदले की बात भी मेल में लिखी है. वहीं उत्तराखंड पुलिस के थानों को सोशल मीडिया के माध्यम से बम धमाकों की धमकी मिली है. पुलिस ने इस मामले में नगर कोतवाली में गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक जांच में हरियाणा के अंबाला निवासी एक युवक का नाम सामने आया है. नगर कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक रवि प्रसाद कवि ने नगर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि 22 जून 2026 को अज्ञात व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उत्तराखंड के सभी पुलिस थानों को बम से उड़ाने की धमकी पोस्ट की है.


# युद्ध करेंगे... पाकिस्तान की गीदड़ भभकी पर एमईए का पलटवार, कहा- दुनिया का ध्यान भटका रहे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने निलंबित सिंधु जल संधि पर पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के हम युद्ध करेंगे वाले बयान की कड़ी आलोचना की। भारत ने कहा कि ये टिप्पणियां इस्लामाबाद की अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान भटकाने की कोशिशें हैं। नई दिल्ली का यह बयान आसिफ की उस धमकी के कुछ ही दिनों बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर पाकिस्तान की जल सुरक्षा पर संकट आया तो वह भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ देंगे। इससे पहले, भारत ने कहा था कि सिंधु जल संधि को रोके रखने का उसका फैसला बदला नहीं जाएगा। मंगलवार को साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तानी रक्षा मंत्री की टिप्पणियों के बारे में हमने इस मामले पर रिपोर्ट देखी हैं। ऐसी बातें पाकिस्तान की अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान भटकाने की हताशा भरी कोशिशें हैं। हम इन



मनगढ़ंत दावों को पूरी तरह और पूरी सख्ती के साथ खारिज करते हैं। जयसवाल ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के मौजूदा हालात का ज़िक्र करते हुए कहा कि यह पाकिस्तान की उस दशकों पुरानी नीति का सीधा नतीजा है, जिसके तहत वह अपने अवैध और जबरदस्ती किए गए कब्जे वाले इलाकों में लोगों का सुनियोजित आर्थिक शोषण करता है, उन्हें बुनियादी अधिकारों से वंचित रखता है और प्रशासनिक दमन करता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान ने आम नागरिकों के साथ निंदनीय व्यवहार किया है और अत्यधिक क्रूरतापूर्ण नीतियां अपनाई हैं, जिनमें जरूरी सामान और दवाओं की आपूर्ति रोकना, इंटरनेट बंद करना और निहत्थे नागरिकों के खिलाफ घातक बल का इस्तेमाल करना शामिल है।



# डू डाई डू का ट्रेलर रिलीज, बिना शोर हुमा ने मचाया कोहराम...

**मुंबई।** हुमा कुरैशी की आगामी फिल्म 'डू डाई डू'का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में उनका खतरनाक अंदाज देखकर फैंस चौंक जाएंगे। इस ट्रेलर में फिल्म की कहानी भी काफी हद तक अंदाजा हो जाता है। यह फिल्म 3 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म 'डू डाई डू' का ट्रेलर में हुमा कुरैशी का लुक और किरदार दर्शकों को हैरान करने वाला है। इस थ्रिलर एक्शन ड्रामा फिल्म का ट्रेलर देखकर फैंस के बीच फैंस के बीच उत्सुकता पैदा हो सकती है। इस ट्रेलर में चंकी पांडे भी कॉमिक रोल से हटकर बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आते हैं। साथ ही हुमा कुरैशी के कथित बॉयफ्रेंड रचित सिंह भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

## लाइफ Style

# रश्मिका


## सच्चे प्यार पर करते आए हैं भरोसा

'कॉकटेल 2' में दीया रेड्डी का किरदार निभाने वाली रश्मिका मंदाना ने सोमवार को अपनी फिल्म 'कॉकटेल 2' का एक बिहाइंड द सीन वीडियो शेयर किया है। इसके साथ में रश्मिका ने एक प्यारा संदेश भी लिखा है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'कॉकटेल 2' में रश्मिका, शाहिद कपूर और कृति सेनन की रोमांटिक केमिस्ट्री दर्शकों को देखने को मिल रही है।

सोमवार को रश्मिका ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग के दौरान का एक बिहाइंड द सीन वीडियो शेयर किया है। यह फिल्म 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इसमें रश्मिका के साथ शाहिद कपूर और कृति सेनन भी मुख्य भूमिका में हैं। रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'कॉकटेल 2' का एक खास बीटीएस वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में रश्मिका अपने किरदार दीया की तैयारी करती नजर आ रही हैं। वीडियो के साथ उन्होंने एक बेहद भावुक मैसेज भी लिखा। रश्मिका ने लिखा, 'हम हमेशा से सच्चे प्यार पर भरोसा करते आए हैं और हमने इसे जीकर भी दिखाया है। ढेर सारे प्यार के साथ विदा। आपकी, दीया रेड्डी और रश्मिका। रश्मिका की इस पोस्ट पर फिल्म की स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अडाजानिया ने कमेंट किया, 'दीया रेड्डी का लुक शानदार था और रश्मिका ने मेरा दिल जीत लिया।' वहीं रश्मिका के फैंस भी उनके इस किरदार पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं। फिल्म 'कॉकटेल 2' साल 2012 में आई कॉकटेल'का सीक्वल है। 'कॉकटेल' में दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। वहीं 'कॉकटेल 2' का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है।



## हॉलीवुड मसाला



# टीवी को दिए 50 से ज्यादा हिट शोज

**नई दिल्ली।** दर्शकों को फ्रेंड्स और विल एंड ग्रेस जैसे तमाम हिट शोज देने वाले दिग्गज टेलीविजन डायरेक्टर जेम्स बरोज अब इस दुनिया में नहीं रहे। 1940 में लॉस एंजेलिस में जन्मे जेम्स ने अपना करियर थिएटर से स्टार्ट किया। और फिर 1967 के नाटक 'हॉली गोलाइटली' में असिस्टेंट स्टेज मैनेजर के तौर पर काम किया। यहीं से उनका करियर शुरू हुआ। उन्होंने 50 से ज्यादा टीवी शोज में 1000 से ज्यादा एपिसोड्स को डायरेक्ट किया है। उन्हें फ्रेंड्स के अलावा द मैरी टायलर मूर शो, टैक्सी, चीयर्स, फ्रेजियर, फ्रेंड्स के लिए जाना जाता है।




# प्रियंका ने निक को कहा बेस्ट डैड, शेयर की तस्वीर

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा ने फादर्स डे पर सोशल मीडिया पर बेटी मालती मैरी के साथ निक जोनस की एक प्यारी तस्वीर शेयर की है। इसकी के साथ प्रियंका ने निक को 'बेस्ट डैड' का खिताब भी दिया है। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने फादर्स डे के मौके पर अपने पति निक जोनस के लिए सोशल मीडिया पर एक बहुत ही प्यारा मैसेज शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने निक और अपनी बेटी की एक खूबसूरत तस्वीर भी पोस्ट की है, जिसे देखकर फैंस बेहद खुश हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की है, जिसमें निक और उनकी बेटी मालती मैरी एक गोल्फ कोर्स में टहलते हुए नजर आ रहे हैं। तस्वीर में मालती ने गुलाबी रंग की हुडी और लाल शॉर्ट्स पहने हुए हैं। यह फोटो दिखाती है कि दोनों साथ में कितना अच्छा समय बिता रहे हैं।



# हार्टब्रेक गाने सिर्फ पुरुषों के लिए...

**नई दिल्ली।** सिंगर सोना मोहापात्रा अक्सर इंडस्ट्री से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। चाहे बात सेक्सिज्म की हो या महिलाओं की कम हिस्सेदारी की, सोना हमेशा बेबाक नजर आती हैं। अब उन्होंने बॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्री को लेकर एक और बड़ा बयान दिया है। अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए सोना ने कहा, 'बॉलीवुड के सारे हार्टब्रेक गाने पुरुषों के लिए रिजर्व हैं। प्यार भी वही महसूस करते हैं, दर्द भी वही दिखाया जाता है। मुझे जब भी किसी डुएट गाने के लिए बुलाया गया, तो अक्सर मुझे सिर्फ आखिर में गाने का मौका मिला।' सोना ने आगे कहा, 'इस गाने में मुखड़ा, अंतरा- सब कुछ पुरुष सिंगर ने गाया। मैं बस आखिर में आती हूं। मैंने म्यूजिक डायरेक्टर से पूछा- क्या आदमी खुद से ही प्यार कर रहा है? ये कैसा डुएट है, जिसमें लड़की आखिर में आती है?'



# या बाबा गाने में नोरा के साथ राकेश...

**नई दिल्ली।** नोरा फतेही और शिल्पा राव 'या बाबा' के लिए साथ आई हैं, जो 'वर्ल्ड म्यूजिक डे' पर रिलीज हुआ एक शानदार नया गाना है। टी-सीरीज और भूषण कुमार द्वारा पेश किया गया यह गाना म्यूजिक, डांस, कल्चर और जश्न का एक बड़ा उत्सव है, जिसमें अनुभवी एक्टर राकेश बेदी ने जान डाल दी है। गाने में अरबी प्रभाव न सिर्फ म्यूजिक में, बल्कि वीडियो के विजुअल मूड में भी साफ झलकता है। नतीजा एक ऐसा क्रॉस-कल्चरल ऑडियो-विजुअल पैकेज है जो भारतीय त्योहारों की भव्यता और ग्लोबल म्यूजिक स्टाइल को एक साथ लाता है। मशहूर एक्टर राकेश भी इस म्यूजिक वीडियो में नजर आ रहे हैं और गाने की खूबसूरती को और बढ़ा रहे हैं। अपनी शानदार स्क्रीन प्रेजेंस और कॉमिक टाइमिंग के लिए पहचाने जाने वाले राकेश, 'या बाबा' के फेस्टिव जोश में रमे हुए दिख रहे हैं।

## टीवी मसाला






# जाकिर के आखिरी शो 'पापा यार' में अब्बा ने बजाया सितार

**नई दिल्ली।** देश के पॉपुलर स्टैंडअप कॉमेडियंस में शुमार जाकिर खान हाल ही मुंबई में अपना आखिरी शो किया, जिसने सभी को भावुक कर दिया। न सिर्फ जाकिर खान, बल्कि उनके फैंस के लिए भी कॉमेडियन के आखिरी शो की शाम बहुत ही इमोशनल रही। जाकिर खान ने अपने सुपरहिट टूर 'पापा यार' का आखिरी शो मुंबई में किया, पर इस दौरान उन्हें एक ऐसा सरप्राइज मिला, जिसे देख हर किसी की आंखें छलक उठीं।

# अमिताभ ने रात 2:40 बजे हनुमान सहस्त्र पूजन की दिखाई झलक...

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन 83 वर्ष की उम्र में 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर सबसे अधिक एक्टिव रहने वाले बॉलीवुड सितारे हैं। करीब हर दिन ही बिग बी सोशल मीडिया पर कुछ न कुछ पोस्ट करते हैं। हालांकि, अधिकतर ऐसा होता है कि उनकी बात लोगों के पल्ले नहीं पड़ती। पहली बार उन्होंने जो पोस्ट किया है, उसे पढ़कर लोगों ने कहा है- पहली बार आपका पोस्ट समझ के लायक मिला है। अमिताभ बच्चन ने आधी रात 2:40 मिनट पर हनुमान सहस्त्र पूजन की झलक दिखाई है। उन्होंने दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें फूलों की ढेर के बीच गणपति बप्पा और हनुमान जी की मूर्ति दिख रही है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है- टी 5779, हनुमान सहस्त्र पूजन। बता दें कि हनुमान सहस्त्र पूजन (या हनुमान सहस्रनाम) भगवान बजरंगबली के एक हजार पावन नामों का जाप है। कहते हैं कि ये उनकी पूजा करने की एक अत्यंत शक्तिशाली और विस्तृत विधि है। मान्यता यही है कि ये पूजन हनुमान जी की कृपा, साहस,



मानसिक शांति और नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति पाने के लिए किया जाता है। धर्म पर आस्था रखने वालों का कहना है कि इसके पाठ से मानसिक तनाव दूर होता है और साधक को शारीरिक व मानसिक शक्ति प्राप्त होती है। इन सबके अलावा भूत-प्रेत, ऊपरी बाधाओं और नकारात्मक ऊर्जाओं का भी नाश होता है। इतना ही नहीं, ज्योतिषियों के मुताबिक, यह कुंडली में शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या और मंगल दोष के प्रभावों को कम करने में बहुत कारगर माना जाता है। अब आधी रात को किए गए अमिताभ बच्चन के इस पोस्ट पर लोगों ने भी अपने मन की बात कही है और हाथ जोड़ लिए हैं।

# 27 साल पुराने सॉन्ग को सुन आ जाता है 'प्यार का मौसम' अलका ने मनहार संग मिलकर गाया था कल्ट गाना

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई सितारे ऐसे रहे हैं, जिन्हें नाम और पहचान तो खूब मिली लेकिन वक्त के साथ उन्हें भुला दिया गया। किसी स्टार ने पर्दे पर हीरो बनकर दिल जीता तो किसी ने अपनी गायिकी से लोगों को अपना दीवाना बनाया। एक ऐसे ही सिंगर सिनेमा में आए जिनके भाई की आवाज ने लोगों को खूब इमोशनल किया तो वहीं इनकी आवाज भी दशकों तक सुनी जाती रही और इन्हीं का एक गाना इतना कल्ट हुआ कि जिसे आज भी लोग खूब सुनते हैं।

***कौन सा है वो गाना?*** : अब यूं तो इस दिग्गज सिंगर के कई गाने हिट रहे, लेकिन एक ऐसा गाना भी आया, जिसने आशिकों के दिलों पर खूब राज किया और इस गाने का नाम है मौसम। जी हां, साल 1999 में आई फिल्म 'जानवर' का गाना 'मौसम की तरह तुम भी बदल तो ना जाओगे' वही गाना था, जिसने लोगों के दिलों में प्यार की एक नई बहार पैदा की थी। इस गाने को आज भी सोशल मीडिया पर अक्सर वायरल होते हुए देखा जाता है। गाने में अक्षय कुमार और करिश्मा कपूर नजर आए थे। अक्षय और करिश्मा की केमिस्ट्री इस गाने में काफी पसंद की गई थी और यह गाना उन कल्ट गानों में से है, जो अक्सर ट्रकों में सुनाई दे जाता है।




### पंकज उदास के बड़े भाई ने दी आवाज

इस गाने को अलका याज्ञनिक और मनहार उदास ने साथ में मिलकर गाया था। गाने की शुरुआत अलका की आवाज से होती है। उस दौर में अलका लगभग हर दूसरे गाने की आवाज बना करती थीं। वहीं, अक्सर लोगों को लगता है कि इस गाने को कुमार सानू या उदित नारायण ने आवाज दी थी, लेकिन असल में गाना पंकज उदास के बड़े भाई मनहार उदास ने गाया था।



### आनंद-मिलिंद ने दिया था संगीत

उनकी आवाज में यह गाना खूब पसंद किया गया। हालांकि, उस दौर में मनहार उदास के कई गाने ऐसे थे, जो खूब पसंद किए गए थे और यह गाना उन्हीं में से एक था। इस गाने का संगीत आनंद-मिलिंद ने दिया था तो वहीं इसे समीर ने लिखा था। आपको बता दें कि फिल्म 'जानवर' को सुनील दर्शन ने बनाया था और फिल्म में करिश्मा-अक्षय के साथ कादर खान, शिल्पा शेट्टी और कई सितारे नजर आए थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.